| 38 | Karnataka | Tumakuru | 11,815 | 52,429 |
| 39 | Kerala | Kochi | 1,594 | 5,184 |
| 40 | Kerala | Thiruvananthapuram | 834 | 3,320 |
| 41 | Lakshadweep (UT) | Kavaratti | - | - |
| 42 | Madhya Pradesh | Bhopal | 1,02,803 | 4,79,699 |
| 43 | Madhya Pradesh | Gwalior | 56,947 | 3,09,793 |
| 44 | Madhya Pradesh | Indore | 1,14,048 | 5,90,257 |
| 45 | Madhya Pradesh | Jabalpur | 96,754 | 4,83,626 |
| 46 | Madhya Pradesh | Sagar | 2,068 | 10,693 |
| 47 | Madhya Pradesh | Satna | 4,716 | 24,113 |
| 48 | Madhya Pradesh | Ujjain | 22,716 | 1,20,141 |
| 49 | Maharashtra | Aurangabad (M Corp) | 41,723 | 2,21,001 |
| 50 | Maharashtra | Kalyan-Dombivli | 21,725 | 98,157 |
| 51 | Maharashtra | Nagpur | 1,79,952 | 8,59,487 |
| 52 | Maharashtra | Nashik | 41,023 | 1,89,721 |
| 53 | Maharashtra | Pimpri Chinchwad | 28,716 | 1,29,099 |
| 54 | Maharashtra | Pune | 1,51,278 | 6,90,545 |
| 55 | Maharashtra | Solapur | 34,859 | 1,75,408 |
| 56 | Maharashtra | Thane | 76,072 | 3,26,798 |
| 57 | Manipur | Imphal | - | - |

| Sr. No. | State Name | City Name | No of Household | Total Population |
|---|---|---|---|---|
| 58 | Meghalaya | Shillong | 2,992 | 14,458 |
| 59 | Mizoram | Aizawl | 15,987 | 78,561 |
| 60 | Nagaland | Kohima | 3,813 | 15,979 |
| 61 | Odisha | Bhubaneswar | 42,277 | 1,63,983 |
| 62 | Odisha | Raurkela | 26,297 | 1,14,468 |
| 63 | Puducherry (UT) | Puducherry | 10,207 | 42,591 |
| 64 | Punjab | Amritsar | 66,444 | 3,29,797 |
| 65 | Punjab | Jalandhar | 30,170 | 1,45,117 |
| 66 | Punjab | Ludhiana | 50,857 | 2,44,163 |
| 67 | Rajasthan | Ajmer | 21,066 | 1,10,675 |
| 68 | Rajasthan | Jaipur | 61,858 | 3,23,400 |
| 69 | Rajasthan | Kota | 66,413 | 3,19,309 |
| 70 | Rajasthan | Udaipur | 13,183 | 64,758 |
| 71 | Sikkim | Gangtok | 5,170 | 21,610 |
| 72 | Sikkim | Namchi | 402 | 1,794 |
| 73 | Tamil Nadu | Chennai | 3,29,827 | 13,42,337 |
| 74 | Tamil Nadu | Coimbatore | 34,343 | 1,29,181 |
| 75 | Tamil Nadu | Erode | 7,838 | 27,572 |
| 76 | Tamil Nadu | Madurai | 72,799 | 2,78,153 |
| 77 | Tamil Nadu | Salem | 46,672 | 1,80,936 |
| 78 | Tamil Nadu | Thanjavur | 11,083 | 43,502 |
| 79 | Tamil Nadu | Thoothukkudi | 9,836 | 39,070 |
| 80 | Tamil Nadu | Tiruchirappalli | 57,225 | 2,28,518 |
| 81 | Tamil Nadu | Tirunelveli | 17,344 | 68,202 |
| 82 | Tamil Nadu | Tiruppur | 19,901 | 71,856 |
| 83 | Tamil Nadu | Vellore | 9,689 | 42,991 |
| 84 | Telangana | Karimnagar | 21,903 | 92,914 |
| 85 | Telangana | Warangal | 60,187 | 2,46,516 |
| 86 | Tripura | Agartala | 11,140 | 47,002 |
| 87 | UT of DHN & DD | Diu | - | - |
| 88 | UT of DHN & DD | Silvassa | - | - |
| 89 | Uttar Pradesh | Agra | 87,151 | 5,33,554 |
| 90 | Uttar Pradesh | Aligarh | 42,682 | 2,58,841 |

| Sr. No. | State Name | City Name | No of Household | Total Population |
|---|---|---|---|---|
| 91 | Uttar Pradesh | Bareilly | 24,911 | 1,44,097 |
| 92 | Uttar Pradesh | Jhansi | 17,620 | 99,500 |
| 93 | Uttar Pradesh | Kanpur | 79,574 | 4,25,008 |
| 94 | Uttar Pradesh | Lucknow | 65,629 | 3,64,941 |
| 95 | Uttar Pradesh | Moradabad | 21,477 | 1,19,695 |
| 96 | Uttar Pradesh | Prayagraj | 15,643 | 91,689 |
| 97 | Uttar Pradesh | Saharanpur | 12,308 | 67,303 |
| 98 | Uttar Pradesh | Varanasi | 46,732 | 3,02,025 |
| 99 | Uttarakhand | Dehradun | 32,861 | 1,58,542 |
| 100 | West Bengal | Kolkata | 3,00,755 | 14,09,721 |
| Total | | | 38,74,696 | 1,82,19,612 |

**Annexure-II**

**State/UT and city wise details of Houses sanctioned, grounded for construction and completed for slum households since inception under PMAY-U in respect of Smart Cities**

| Sr. No. | State Name | City Name | Houses Sanctioned (Nos) | Houses Grounded for Construction (Nos) | Houses Completed (Nos) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | A&N Island (UT) | Port Blair | - | - | - |
| 2 | Andhra Pradesh | Amaravati | - | - | - |
| 3 | Andhra Pradesh | Kakinada | 26,023 | 25,281 | 6,340 |
| 4 | Andhra Pradesh | Tirupati | 8,983 | 8,916 | 952 |
| 5 | Andhra Pradesh | Visakhapatanam (GVMC) | 1,11,704 | 1,02,175 | 23,313 |
| 6 | Arunachal Pradesh | Itanagar | 678 | 678 | 678 |
| 7 | Arunachal Pradesh | Pasighat | - | - | - |
| 8 | Assam | Guwahati | - | - | - |
| 9 | Bihar | Bhagalpur | - | - | - |
| 10 | Bihar | Biharsharif | - | - | - |

Contents Page

| Sr. No. | State Name | City Name | Houses Sanctioned (Nos) | Houses Grounded for Construction (Nos) | Houses Completed (Nos) |
|---|---|---|---|---|---|
| 11 | Bihar | Muzaffarpur | - | - | - |
| 12 | Bihar | Patna | 677 | 677 | 271 |
| 13 | Chandigarh (UT) | Chandigarh | - | - | - |
| 14 | Chhattisgarh | Bilaspur (M Corp) | 4,922 | 2,939 | 2,062 |
| 15 | Chhattisgarh | Raipur (M Corp) | 19,351 | 14,651 | 12,228 |
| 16 | Delhi (UT) | Delhi Cantonment Board | - | - | - |
| 17 | Goa | Panaji | - | - | - |
| 18 | Gujarat | Ahmedabad | 44,370 | 37,806 | 30,189 |
| 19 | Gujarat | Dohad | 312 | 303 | 284 |
| 20 | Gujarat | Gandhinagar | - | - | - |
| 21 | Gujarat | Rajkot | 7,168 | 7,168 | 6,048 |
| 22 | Gujarat | Surat | 10,638 | 5,850 | 5,383 |
| 23 | Gujarat | Vadodara | 7,894 | 7,894 | 4,605 |
| 24 | Haryana | Faridabad | - | - | - |
| 25 | Haryana | Karnal | - | - | - |
| 26 | Himachal Pradesh | Dharmsala | - | - | - |
| 27 | Himachal Pradesh | Shimla | 66 | 66 | 66 |
| 28 | Jammu & Kashmir | Jammu | 52 | 49 | 33 |
| 29 | Jammu & Kashmir | Srinagar | 6 | 6 | 4 |
| 30 | Jharkhand | Ranchi | 13,647 | 13,500 | 11,646 |
| 31 | Karnataka | Belagavi | 1,564 | 1,530 | 1,484 |
| 32 | Karnataka | Bengaluru (BBMP) | 24,138 | 19,794 | 16,454 |
| 33 | Karnataka | Davanagere | 1,947 | 1,587 | 1,249 |
| 34 | Karnataka | Hubli-Dharwad | 5,104 | 4,280 | 3,633 |
| 35 | Karnataka | Mangaluru | 295 | 59 | 47 |
| 36 | Karnataka | Shivamogga | 1,579 | 894 | 524 |
| 37 | Karnataka | Someshwar | - | - | - |
| 38 | Karnataka | Tumakuru | 3,719 | 3,298 | 3,067 |

| Sr. No. | State Name | City Name | Houses Sanctioned (Nos) | Houses Grounded for Construction (Nos) | Houses Completed (Nos) |
|---|---|---|---|---|---|
| 39 | Kerala | Kochi | 490 | 490 | 91 |
| 40 | Kerala | Thiruvananthapuram | 542 | 542 | 542 |
| 41 | Lakshadweep (UT) | Kavaratti | - | - | - |
| 42 | Madhya Pradesh | Bhopal | 4,466 | 4,437 | 3,436 |
| 43 | Madhya Pradesh | Gwalior | 1,148 | 1,148 | 1,147 |
| 44 | Madhya Pradesh | Indore | 7,604 | 7,604 | 5,125 |
| 45 | Madhya Pradesh | Jabalpur | 13,685 | 13,675 | 12,200 |
| 46 | Madhya Pradesh | Sagar | 4,219 | 4,211 | 3,684 |
| 47 | Madhya Pradesh | Satna | 1,710 | 1,710 | 1,591 |
| 48 | Madhya Pradesh | Ujjain | 6,042 | 6,042 | 5,690 |
| 49 | Maharashtra | Aurangabad (M Corp) | - | - | - |
| 50 | Maharashtra | Kalyan-Dombivli | 2,025 | 1,859 | 599 |
| 51 | Maharashtra | Nagpur | 18 | 17 | 11 |
| 52 | Maharashtra | Nashik | 9 | 9 | 9 |
| 53 | Maharashtra | Pimpri Chinchwad | 12 | 12 | 12 |
| 54 | Maharashtra | Pune | 18,580 | 18,355 | 18,355 |
| 55 | Maharashtra | Solapur | 31,189 | 24,463 | 17,874 |
| 56 | Maharashtra | Thane | - | - | - |
| 57 | Manipur | Imphal | - | - | - |
| 58 | Meghalaya | Shillong | - | - | - |
| 59 | Mizoram | Aizawl | 142 | 142 | 142 |
| 60 | Nagaland | Kohima | 2 | 2 | 2 |
| 61 | Odisha | Bhubaneswar | 6,191 | 5,774 | 4,064 |
| 62 | Odisha | Raurkela | 991 | 875 | 721 |
| 63 | Puducherry (UT) | Puducherry | 8 | 7 | 3 |
| 64 | Punjab | Amritsar | - | - | - |
| 65 | Punjab | Jalandhar | - | - | - |
| 66 | Punjab | Ludhiana | - | - | - |
| 67 | Rajasthan | Ajmer | - | - | - |
| 68 | Rajasthan | Jaipur | 10,084 | 10,084 | 9,140 |

Contents Page

| Sr. No. | State Name | City Name | Houses Sanctioned (Nos) | Houses Grounded for Construction (Nos) | Houses Completed (Nos) |
|---|---|---|---|---|---|
| 69 | Rajasthan | Kota | 1,755 | 1,755 | 1,684 |
| 70 | Rajasthan | Udaipur | 73 | 73 | 18 |
| 71 | Sikkim | Gangtok | - | - | - |
| 72 | Sikkim | Namchi | - | - | - |
| 73 | Tamil Nadu | Chennai | 60,195 | 53,740 | 42,530 |
| 74 | Tamil Nadu | Coimbatore | 22,888 | 22,590 | 21,076 |
| 75 | Tamil Nadu | Erode | 8,961 | 8,960 | 8,683 |
| 76 | Tamil Nadu | Madurai | 2,239 | 349 | 349 |
| 77 | Tamil Nadu | Salem | 19,898 | 19,800 | 17,681 |
| 78 | Tamil Nadu | Thanjavur | - | - | - |
| 79 | Tamil Nadu | Thoothukkudi | 1,714 | 1,714 | 1,678 |
| 80 | Tamil Nadu | Tiruchirappalli | 3,263 | 3,258 | 2,879 |
| 81 | Tamil Nadu | Tirunelveli | 1,773 | 1,773 | 1,725 |
| 82 | Tamil Nadu | Tiruppur | 13,096 | 12,865 | 11,485 |
| 83 | Tamil Nadu | Vellore | 1,918 | 1,916 | 1,692 |
| 84 | Telangana | Karimnagar | - | - | - |
| 85 | Telangana | Warangal | - | - | - |
| 86 | Tripura | Agartala | - | - | - |
| 87 | UT of DHN & DD | Diu | - | - | - |
| 88 | UT of DHN & DD | Silvassa | 176 | 176 | 69 |
| 89 | Uttar Pradesh | Agra | 305 | 305 | 305 |
| 90 | Uttar Pradesh | Aligarh | 530 | 530 | 530 |
| 91 | Uttar Pradesh | Bareilly | - | - | - |
| 92 | Uttar Pradesh | Jhansi | 392 | 392 | 392 |
| 93 | Uttar Pradesh | Kanpur | 112 | 112 | 96 |
| 94 | Uttar Pradesh | Lucknow | 341 | 341 | 341 |
| 95 | Uttar Pradesh | Moradabad | 7,912 | 7,856 | 7,552 |
| 96 | Uttar Pradesh | Prayagraj | 284 | 9 | 6 |
| 97 | Uttar Pradesh | Saharanpur | - | - | - |
| 98 | Uttar Pradesh | Varanasi | 410 | 410 | 410 |
| 99 | Uttarakhand | Dehradun | 30 | 30 | 24 |

| Sr. No. | State Name | City Name | Houses Sanctioned (Nos) | Houses Grounded for Construction (Nos) | Houses Completed (Nos) |
|---|---|---|---|---|---|
| 100 | West Bengal | Kolkata | 164 | 164 | 164 |
| | | **Total** | 5,52,423 | 4,99,977 | 3,36,367 |

SHRI SANDEEP KUMAR PATHAK: Sir, it is great to have you back in action in the House again. सर, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से प्रश्न यह है कि कई बार यह देखने को मिलता है कि सरकारें शहर को डेवलप करने के नाम पर स्लम्स और झुग्गी-बस्तियों पर बुलडोजर चला देती हैं और लोगों को बेघर कर देती है। स्मार्ट सिटीज़ में स्लम्स फ्री स्मार्ट सिटीज़ का एक एजेंडा है। मेरा प्रश्न यह है कि क्या सरकार स्मार्ट सिटीज़ को डेवलप करने के लिए स्लम्स को उजाड़ कर अपना एजेंडा पूरा करना चाह रही है या फिर उनको पुनर्वासित करने के लिए क्या कोई प्रावधान किया गया है? अगर पुनर्वासित करने का प्रावधान है, तो मैं यह जानना चाहता हूं कि सरकार के पिछले कार्यकाल में कितने घरों को तोड़ा गया और उनमें से कितने परिवारों को, कितने घरों को राज्यवार पुनर्वासित किया गया है?

**श्री तोखन साहूः** सभापति महोदय, हमारी सरकार, माननीय मोदी जी की सरकार अंत्योदय के दर्शन को लेकर चलने वाली सरकार है। समाज के अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजना पहुंचे, अंतिम व्यक्ति का उदय हो, यह हमारी पहली प्राथमिकता होती है। माननीय सदस्य के प्रश्न की बात है, तो मैं माननीय पाठक जी को और सदन को अवगत कराना चाहूंगा कि भारत की जनगणना देश के दशक के आधार पर बस्तियों सहित देश की आबादी की गणना करती है। पिछली जनगणना 2011 में आयोजित की गई थी, जिसके अनुसार 1.39 करोड़ परिवारों सहित कुल 6.54 करोड़ लोग स्मार्ट शहरों के साथ देश भर में झुग्गियों में रह रहे थे। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत चुने गए 100 शहरों में लगभग 39 लाख परिवारों के 1.82 करोड़ लोग झुग्गियों में रह रहे थे। मैं यह भी स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि संविधान की सातवीं अनुसूची की दो, जो कि राज्य की सूची है, की प्रविष्टि 18 के अनुसार लैंड और कोलोनाइजेशन राज्य का विषय है, इसलिए सभी क्षेत्रों में रहने वाले अपने नागरिकों के लिए आवास से संबंधित योजनाओं को राज्यों द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। हम मंत्रालय में राज्य-वार डेटा संधारण नहीं करते। यह राज्य का सब्जेक्ट है।

**श्री सभापति :** माननीय मंत्री जी, एक प्रश्न यह था कि रिप्लेसमेंट के बारे में क्या डेटा है? आप बाद में माननीय सदस्य को इसके बारे में बता दीजिएगा।

**श्री तोखन साहू :** जी।

**श्री सभापति :** सेकेंड सप्लीमेंटरी, श्री संदीप कुमार पाठक ।

Contents Page

**श्री संदीप कुमार पाठक :** महोदय, जैसे कि यह कहा गया कि पुनर्वासित करना सरकार का उत्तरदायित्व है और सरकार कर रही है। जहां तक मेरी समझ है पुनर्वासित करने के लिए यह जानना बहुत जरूरी है कि एक शहर, जिसको आप स्मार्ट सिटी में कन्वर्ट कर रहे हैं, तो उसमें कितनी झुग्गी-बस्तियां हैं और उन झुग्गी-बस्तियों में कितने लोग रहते हैं? जब तक यह जानकारी न हो, तब तक उसको पुनर्वासित करना असंभव है। मैं यह समझना चाहता हूं कि सरकार यह कैसे कर रही है? पहले जो जनगणना हुई, वह 14 साल पहले 2011 में हुई थी, तो क्या 2011 की जनगणना के आधार पर ही यह सारा पुनर्वासन हो रहा है या फिर 2021 में जो जनगणना होने वाली थी, उसको अभी तक किया नहीं गया है? मेरा पहला प्रश्न इसी के अंदर है कि बिना डेटा के आप कैसे पुनर्वासित कर रहे हैं और अगर नया डेटा लेना है, तो आप नई जनगणना कब शुरू करने वाले हैं?

**आवासन और शहरी कार्य मंत्री (श्री मनोहर लाल):** सभापति महोदय, भारत सरकार की ओर से Housing for All एक टारगेट रखा गया। Housing for All में एकसाथ यह टारगेट पूरा करना संभव न होकर, PMAY-1 में एक टारगेट रखा गया कि इसमें एक करोड़ लोगों को मकान दिये जाएंगे। एक करोड़ लोगों को मकान देने के लिए उसके अंदर चार verticals तय किए गए। Beneficiary-led scheme में जिसके पास अपना प्लॉट है, उसको वह विषय दिया जा सकता है। ऐसे ही affordable housing scheme के अंतर्गत गरीब लोगों को affordable nature के मकान बनाकर दिए जा सकते हैं। इसके साथ ही जो Rental Housing Scheme है, यह 2020 में, उस योजना की अलग से एक उप-योजना बनाकर शुरू की गई है। जो लोग अपना मकान नहीं खरीद सकते हैं, वे उस योजना के अंतर्गत रेंटल हाउसिंग स्कीम में भी आ सकते हैं। महोदय, तीसरा बिंदु In-situ Development Scheme है, यानी कि जहाँ झुग्गी, वहीं मकान के नाते से भी यह एक vertical दिया गया है।

महोदय, एक चौथा वर्टिकल यह भी दिया गया है कि जो अच्छे संपन्न लोग हैं, अगर वे अपना मकान अपने आप बनाकर ज्यादा पैसा लगा सकते हैं, तो Beneficiary-led Scheme में, Interest Subvention Scheme में कुछ राशि का भुगतान करना भी उनके लिए सुनिश्चित किया गया है। ये चारों वर्टिकल्स स्टेट को बताए गए हैं और स्टेट्स ने किस वर्टिकल में अपनी डिमांड कितनी देनी है, उन्हें गरीबों के लिए कितने मकान देने हैं, यह विषय स्टेट्स के ऊपर है।

महोदय, पहली PMAY-1.0, जो समाप्त हुई है, उसके आंकड़े पहले बता दिए गए हैं कि 2011 का जो आंकड़ा था, उसमें 38 लाख परिवारों का, गरीब और स्लम बस्तियों में रहने वाले लोगों का कुल आंकड़ा उसमें मिला हुआ था। उसमें 1 करोड़, 82 लाख सदस्य रहते हैं। कुल मिलाकर सरकार इन योजनाओं का लाभ कितना लेना चाहती है - वह एक प्रकार से डिमांड बेस्ड योजना है कि कितनी डिमांड करेंगे, कितनी नहीं करेंगे।

महोदय, स्टेट्स से जो डिमांड्स आई हैं, उनमें इसके अंतर्गत जो गरीब बस्तियाँ हैं, उसमें कुल 5 लाख, 52 हज़ार मकान स्वीकृत किए गए हैं। महोदय, यह ऐसे सौ शहरों की बात है। सौ शहरों में 5 लाख, 52 हज़ार मकान स्वीकृत किए गए हैं। महोदय, उनमें 4 लाख, 99 हज़ार मकान

Contents Page

निर्माणाधीन हैं और 3 लाख, 36 हज़ार मकान बनाकर दे दिए गए हैं। इस तरह से यह एक लगातार चलता हुआ प्रोसेस है। यह प्रोसेस 31 दिसंबर, 2025 तक पूर्ण हो जाएगा।

महोदय, अगले प्रोसेस PMAY-2.0 के भी चार वर्टिकल्स तय कर दिए गए हैं। उसमें भी 1 करोड़ शहरी मकान और 2 करोड़ ग्रामीण मकान शामिल हैं। इस तरह से 3 करोड़ मकानों का लक्ष्य तय किया गया है। इस तरह से जब तक 'Housing for All' पूर्ण नहीं होता है, यह लगातार चलता रहेगा। हमने एक प्रकार से private sector से भी अपील की है कि सरकार अपनी योजना से यदि एक मकान बनाए तो private entities भी 5 मकान बनाएं, ताकि लोगों को भी सुविधा मिले और पीपीपी मॉडल पर इस इंडस्ट्री को भी लाभ हो।

महोदय, यह लगातार चलने वाला प्रोसेस है। इसमें किसी भी झुग्गी को तोड़ने का काम भारत सरकार की योजना के अंतर्गत नहीं होता है। महोदय, land and colonization के बारे में बताया गया है, यह स्टेट का इश्यू है। स्टेट अपना डेवलपमेंट प्लान बनाता है और यह उस योजना के अंतर्गत, उस प्लान के अंतर्गत आता है।

MR. CHAIRMAN: Supplementary No.3 - Shri Devendra Pratap Singh.

**श्री देवेन्द्र प्रताप सिंहः** माननीय सभापति महोदय, माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में भारत सरकार ने साल 2014 में देश भर में सौ शहरों के लिए 'स्मार्ट सिटी मिशन' प्रारंभ किया था। क्योंकि यह मिशन पूरा होने जा रहा है, ऐसे में मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि इस मिशन के प्रमुख परिणाम क्या रहे हैं?

**श्री मनोहर लाल :** सभापति महोदय, यह प्रश्न मूल प्रश्न जुड़ा हुआ नहीं है, क्योंकि मूल प्रश्न में यह बात है कि इन सौ शहरों में जो स्लम बस्तियाँ हैं, उनकी क्या प्रोग्रेस है? अगर 'स्मार्ट सिटी मिशन' के लिए कोई प्रश्न अलग से आएगा, तो माननीय सदस्य को उसका उत्तर दिया जाएगा।

MR. CHAIRMAN: Supplementary No.4 - Shri Rajeev Shukla.

**श्री राजीव शुक्ला :** सभापति महोदय, मैं जानना चाहता हूं कि मंत्री जी क्या आपको याद है कि प्रधान मंत्री ने आश्वासन दिया था कि 2022 में हरेक को पक्की छत मिल जाएगी? महोदय, वह मिशन अभी तक पूरा नहीं हुआ है। मुझ से पूर्व एक माननीय सदस्य ने भी प्रश्न किया है, जो कि भाजपा के ही हैं, महोदय, जो स्मार्ट सिटी मिशन है, आप उसके सवाल को दबाए जा रहे हैं, लेकिन मैं फिर भी पूछना चाहूंगा कि 2025-26 का जो बजट आया है, उसमें उसके लिए कोई प्रावधान नहीं है, इसलिए मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या आप उस मिशन को समाप्त कर रहे हैं?

**श्री मनोहर लाल :** सभापति महोदय, यह प्रश्न फिर से स्मार्ट सिटी मिशन के बारे में है। वैसे तो यह प्रश्न उस बात तक सीमित था कि मिशन के अंतर्गत स्लम बस्तियों में कितने मकान दिए हैं, लेकिन मैं फिर भी माननीय सदस्य शुक्ला जी को बताना चाहूंगा कि बहुत-सी योजनाएं प्रेरणादायी

योजनाएं होती हैं, जिनको replicate किया जा सकता है। 'स्मार्ट सिटी मिशन' का जो प्रोग्राम था, वह time-bound programme था, केवल सौ शहरों के लिए था। उसमें केवल 48 हज़ार करोड़ रुपये का केंद्र सरकार ने योगदान दिया था और उतना ही पैसा प्रदेश सरकारों को लगाना था, लेकिन पूरे शहर को, पूरे एरिया को इस प्रकार की 'स्मार्ट सिटी योजना' के अंतर्गत नहीं लाया गया था। कुछ पोर्शन — कुछ को स्मार्ट रोड बनाया जाए, कुछ अलग से जो ऐसे प्रोजेक्ट्स हैं, उनको स्मार्ट रूप में बनाया जाए। डिजिटलाइजेशन, ईज़ ऑफ लिविंग के नाते पूरे शहर को तुरंत अच्छी सुविधाएं मिलें, ठीक सेवाएं मिलें, इस प्रकार के प्रोजेक्ट्स खड़े किए जाएं। जैसे ICCC — Integrated Command Control Centre — इसके माध्यम से सेवाएं बहुत जल्दी मिलनी शुरू हुई हैं। स्मार्ट सिटी में कुल मिलाकर के 7,400 प्रोजेक्ट्स सभी 100 शहरों में पूरे हो चुके हैं। इसके अलावा जो शेष बचे हैं, वे 31 मार्च, 2025 तक, मात्र 10-11 दिन बचे हैं - अगर इनमें और भी कोई डिमांड आएगी, तो उनको पूरा किया जाएगा अन्यथा पिछले जो चलते हुए काम हैं, उन्हीं को पूरा कराया जाएगा। इसके बाद जो इस हेड के साथ जुड़ा हुआ विषय नहीं है - बाकी जो काम और योजनाएं हैं, उन योजनाओं में, उन शहरों को दी जाएंगी।

SHRI MILIND MURLI DEORA: Sir, first of all, on behalf of my Party, I wish you a speedy and full recovery.

MR. CHAIRMAN: I am fully recovered. I am making a statement here.

SHRI MILIND MURLI DEORA: Then, we are all very happy. That is all we pray for.

MR. CHAIRMAN: Thank you.

**श्री मिलिंद मुरली देवरा :** सर, केंद्र सरकार की slum rehabilitation की जो स्कीम है, it is a very good scheme and I congratulate the Government for that. उसमें कुछ सुधार की आवश्यकता है। If you permit me, मैं मुम्बई का उदाहरण और मुम्बई के अनुभव को सदन और माननीय मंत्री जी के सामने शेयर करना चाहूंगा। सर, 30 साल पहले 1995 में महाराष्ट्र सरकार ने Slum Rehabilitation Authority (SRA) को स्थापित किया था। In the last 30 years, I can very happily say कि ढाई लाख परिवारों को हमने ownership basis पर free of cost, Public-Private Partnership model के माध्यम से घर दिलवाया है। सर, कुछ ही समय पहले घाटकोपर की एक रमाबाई अम्बेडकर नगर स्कीम थी। Almost for 25 years, it was stuck. राज्य सरकार ने जो प्रयास किए, खासकर हमारे उप मुख्य मंत्री शिंदे साहब ने जो प्रयास किया, उससे हमने 14 हज़ार परिवारों को eligible किया है। उसके साथ-साथ राज्य सरकार की जो एजेन्सी है, it earns around Rs.10,000 crores. So, this scheme in Maharashtra is a win-win scheme for all. It is a win-win scheme for the Government, it is a win-win scheme for the people who live in the slums, and, more importantly, it is a win-win scheme for the land owners because, in many cities, the land owner is the Government of India itself. It

could be Railways or the Airports Authority. So, I have a pointed question to the hon. Minister, who is an extremely knowledgeable and experienced Minister and who has been the Chief Minister of a fast urbanizing State, Haryana. My question is this. Is the Government considering schemes like the scheme in Maharashtra with the Public Private Partnership model, which is a win-win scheme for the land owners, slum dwellers and the private sector to make India slum-free as quickly as possible?

**श्री मनोहर लालः** सभापति महोदय, मैं सदस्य महोदय का बहुत आभार प्रकट करता हूं कि इन्होंने एक अच्छा सुझाव दिया है। हमने जो पिछली पीएमएवाई स्कीम थी, जिसका समापन हो रहा है, उसमें प्रदेशों को in-situ slum development की एक स्कीम भी दी थी। मुझे आपको बताते हुए कोई बहुत खुशी नहीं हो रही है, बल्कि मैं इसको कष्ट से ही बता रहा हूं कि प्रदेश सरकारों ने उसका चयन नहीं किया। यह अपने आप में एक बड़ा काम है कि जहां झुग्गी है, उनको हटा कर वहीं पर मकान बनाया जाए। ये ठीक है मुम्बई में धारावी जैसे स्थान के ऊपर वहां की स्टेट गवर्नमेंट ने एक पॉलिसी बनाकर अच्छे रिजल्ट्स निकाले हैं। यह हर स्टेट गवर्नमेंट की अपनी विल पावर पर डिपेंड करता है कि झुग्गियों को हटाकर उन्हीं स्थानों में से कुछ स्थानों पर मकान दिए जाएं और बाकी स्थानों को मॉनिटाइज करके उसकी कॉस्ट निकाली जाए। यह पीपीपी मॉडल के ऊपर अच्छा प्रोजेक्ट बनाया जा सकता है। इसमें स्टेट गवर्नमेंट्स को आगे बढ़कर आना होगा, क्योंकि हम देखते हैं शहरीकरण बहुत बढ़ रहा है और फ्लोटिंग पॉपुलेशन इंडस्ट्री होने के नाते जो क्लस्टर इंडस्ट्रीज के हैं, वे शहरों में ही हैं, वहां बाहर के लोग रोजगार प्राप्त करने आते हैं, उनको इस प्रकार की स्कीम्स का लाभ हो सकता है। जब परमानेंट लोग नहीं रहना चाहते हैं, बहुत बड़ा वर्ग ऐसा भी है, जो अपने मकान में नहीं रहना चाहते हैं, उसके लिए इस बार पीएमएवाई-2 में हमने किराए के मकान और अफोर्डेबल रेंट हाउसिंग की स्कीम बनाई है, उसी का विकल्प है कि उनको मकान दिया जाए। जब तक वे रहेंगे, वे उसका एक उचित किराया लेकर रहेंगे और अगर छोड़ेंगे, तो और लोग आएंगे।

इस मिली-जुली स्कीम के अंतर्गत हर शहरवासी को मकान देने के लिए हमारी योजना है, क्योंकि यह एक बड़ा काम है। 2022 तक ही वह स्कीम बनाई गई थी। 3 करोड़ लोगों के लिए, 2 करोड़ ग्रामीण और एक करोड़ शहरी, यह Housing for All पूरा हो सकता है, लेकिन जब registration हुआ और उसके बाद भी जो समाचार मिल रहा है, वह यह है कि अभी भी ऐसे बहुत से लोग homeless हैं। उनके लिए अगले 3 करोड़ की योजना बनाई गई है। मुझे लगता है कि उस समय तक सरकार और जो प्राइवेट लोग हैं, वे सब मिल कर इस प्रकार से इस आवश्यकता को पूरा कर सकते हैं। हमने जो PMAY-2 बनाई है, उसमें हमने सभी राज्यों से परामर्श किया है कि हम किस प्रकार की स्कीम बनाएँ, ताकि ऐसे गरीब लोगों को, homeless लोगों को मकान दिए जा सकें। इसमें प्रदेश सरकारें थोड़ा सहयोग करेंगी और आगे बढ़ेंगी, तो निश्चित रूप से एक अच्छा काम होगा। पहली बार हमने PMAY-2 में इस बार स्टेट के contribution को mandatory किया है। पिछली बार यह mandatory नहीं था, लेकिन इस बार केन्द्र सरकार का जो अनुदान है, उसके साथ ही प्रदेश सरकार भी contribute करे, ताकि ऐसे लोगों को ज्यादा पैसा मिल सके और उनको मकान बनाने में और सुविधा हो सके।

Contents Page

**श्री सभापति** : माननीय मंत्री जी, आप तो मनोहर हैं, आप उन प्रांतों का भी मन हरिए।

**श्री मनोहर लाल** : सभापति जी, हम सबके मन के हिसाब से काम करते हैं, हम बिना उनके मन के स्कीम नहीं बनाते हैं।

MR. CHAIRMAN: Q. No. 169, Shri Sanjay Singh.

**Effectiveness of Online Assurance Monitoring System (OAMS)**

*169. SHRI SANJAY SINGH: Will the Minister of PARLIAMENTARY AFFAIRS be pleased to state:-

(a) the extent of the effectiveness of the Online Assurance Monitoring System (OAMS) in ensuring timely updation of assurances given during Parliamentary Sessions;

(b) he details of the total number of assurances given by the Ministers in each Session during the year 2024, the number of assurances fulfilled within the stipulated time-frame and the number of pending assurances; and

(c) the specific steps taken by Government so far to ensure the timely fulfillment of assurances given during the Parliamentary Sessions?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (DR. L. MURUGAN): (a) to (c) A statement is laid on the Table of the House.

**Statement**

(a) Online Assurance Monitoring System (OAMS), jointly implemented by the Ministry of Parliamentary Affairs with two Secretariats of Houses of Parliament, is a digital platform aimed at ensuring that assurances made by Ministers in Parliament are systematically tracked, monitored and fulfilled. It enhances accountability, transparency and efficiency by integrating key features and mechanisms. It provides a single digital repository where all assurances are recorded, eliminating the risk of losing track of commitments for timely fulfillment of Assurances. For timely updation of the assurances, the system sends alerts on real time basis to all stakeholders to act on pending assurances, maintaining adherence to the timeline. Ministries and departments can login and update progress directly on the said portal, ensuring accurate and up-to-date information for all stakeholders through their integration

Contents Page

including that of Committees on Government Assurances. The Committees can also monitor the progress of assurances on real-time basis.

(b) The information regarding details of the total number of assurances given by ministers in each session during the year 2024, the number of assurances fulfilled within the stipulated time-frame and the number of pending assurances are as under:-

| Session No. | Total numbers of Assurances made | Dropped Assurances | Fulfilled Assurances | Pending Assurances |
|---|---|---|---|---|
| 263 | 20 | 1 | 9 | 10 |
| 264 | 0 | - | - | - |
| 265 | 90 | - | 30 | 60 |
| 266 | 50 | 1 | - | 49 |
| **Total** | 160 | 2 | 39 | 119 |

(c) To ensure the timely fulfilment of assurances, Ministry of Parliamentary Affairs keeps reminding all the Ministries/Departments from time to time regarding expeditious fulfillment of pending assurances. Through OAMS portal, assurances are categorized as pending, implemented or dropped, which also sends timely alerts to the stakeholders, reminding them of pending assurances and maintaining adherence to timeline.

**श्री संजय सिंह** : चेयरमैन सर, यह जो प्रश्न है, यह सत्ता पक्ष के सदस्यों से भी जुड़ा हुआ है और विपक्ष तथा पूरे सदन के सदस्यों से भी जुड़ा हुआ है।

**श्री सभापति** : वैसे तो सभी प्रश्न जुड़े हुए हैं।

**श्री संजय सिंह** : सर, यहाँ पर माननीय मंत्रीगण सदन को और माननीय सदस्यों को अलग-अलग प्रश्नों पर, अलग-अलग विषयों पर आश्वासन देते हैं, भरोसा दिलाते हैं कि वे इस विषय पर कार्रवाई करेंगे या जो प्रश्न उनके द्वारा उठाया गया है, उस पर वे कार्रवाई करेंगे। यह बहुत अच्छी बात है कि Parliamentary Affairs Ministry ने एक Online Assurance Monitoring System बनाया है। उसके बारे में मेरा प्रश्न था, लेकिन मैं मंत्री जी से कहना चाहूँगा कि जो जवाब है, उसमें आपने खुद बताया है कि इस राज्य सभा के अंदर वर्ष 2024 में मंत्रियों के द्वारा 160 आश्वासन दिए गए और उनमें से मात्र 39 आश्वासनों पर, 39 मंत्रियों के द्वारा दिए गए आश्वासनों पर कार्रवाई की गई है। उसके अलावा, लगभग 76 प्रतिशत, 119 दिए गए आश्वासन अब तक पूरे नहीं किए गए। मैं माननीय मंत्री जी से इसका कारण जानना चाहता हूँ।

**श्री सभापति** : ऑनरेबल मिनिस्टर।

DR. L. MURUGAN: Sir, under the guidance of hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi, our Ministry launched Online Assurance Monitoring System on 9th October, 2018. This Online Assurance Monitoring System is tracking, monitoring and fulfilling. Also, it is answerable for the accountability, transparency and efficiency. For that, I can directly answer the hon. Member.

MR. CHAIRMAN: Do it through me.

DR. L. MURUGAN: Yes, Sir. Through you, Sir, the number of assurances culled out in Rajya Sabha itself is 58,153; the total number of assurances implemented is 57,606 and the pending assurances are 547. So, the implementation rate is 99 per cent. And in Lok Sabha *...(Interruptions)...* I am talking about the entire period. *...(Interruptions)...* I am coming to that.

MR. CHAIRMAN: Let the hon. Minister complete the answer.

DR. L. MURUGAN: In Lok Sabha, the number of total culled out Assurances is 99,349.Implemented are 98,585. *...(Interruptions)...* It is since the initiation of Parliament. *...(Interruptions)...* I am giving the total number. *...(Interruptions)...* It is 764. It is 99 per cent. The assurances are given by the Ministers before the Parliament, before this august House. The assurances are going to be fulfilled within three months. Some assurances pertain to projects. For example, some are on Highways or border roads or sea projects. Those projects are taking time. They are time consuming. As far as their monitoring is concerned, we are getting information from various Ministries. For that, our Ministry is continuously writing to the concerned Ministers and the Secretary of Parliamentary Affairs is writing to the Secretaries concerned to expedite and fulfil the assurances as soon as possible.

MR. CHAIRMAN: Hon. Minister, the hon. Member wants assurance about assurances. And he has given statistics.

SHRI KIREN RIJIJU: Sir, it is a matter of statistics. The hon. Member, Shri Sanjay Singh, has referred to 2024 numbers where he found pending numbers to be quite high. My colleague, Murugan *ji*, has informed the House about the pendency of very negligible percentage of the total assurances. It is because of the introduction of the

Online Assurance Monitoring System. इससे पहले pending rate ज्यादा था। 2018 में जब यह सिस्टम डेवलप हुआ, तब जाकर 99 परसेंट क्रॉस हुआ है। यह मैं पुराने फिगर को consolidate करके बता रहा हूँ। हम चाहते हैं कि जितने भी नए assurances मंत्री जी देते हैं या जब कोई भी हमारे माननीय सदस्य सवाल पूछते हैं और मंत्री उनको assurance देते हैं, तो वह 3 महीने के अंदर fulfill होना चाहिए। यह Parliamentary Rule भी है और convention भी है, जिसे सब मानते आए हैं। कहीं-कहीं जहां उसमें time extension चाहिए, तो उसके लिए फिर time मांगा जाता है। हमारे यहाँ Assurance Committee है, आप सब जानते हैं। हमारे Rules of Procedure and Conduct of Business में Assurance Committee का काम भी तय किया हुआ है।

सर, अब मेरी तरफ से इतना assurance है — जैसा आपने कहा है, जहाँ तक assurances को assure करने का सवाल है, तो मैं इस सदन को बताना चाहता हूँ कि हम सब लोग Parliamentary democracy के महत्व को समझते हैं। Parliamentary democracy में जब मेंबर ऑफ पार्लियामेंट कुछ पूछते हैं, तो सरकार जवाब देती है। उसका अत्यंत महत्व इसी में है कि वह fulfill होना चाहिए। अगर वह fulfill नहीं होता है, तो फिर यह पार्लियामेंट्री डेमोक्रेसी के ऊपर कलंक होगा। तो सिर्फ assurances ही नहीं, हमारी राज्य सभा के जितने भी Special Mentions हों, लोक सभा का रूल 377 का विषय हो, हमने अभी recently भी अपने सारे माननीय मंत्री साथियों को पत्र लिखा है और हमने specifically point out भी किया है कि हर मंत्री नियमित रूप से assurances और बाकी जितने भी commitments हैं, मंत्री लेवल से ही इसका assurance लेना चाहिए और फिर अधिकारियों को time bound manner में जवाब देना चाहिए। यहाँ तक कि जब कोई मेंबर ऑफ पार्लियामेंट किसी मंत्री को या उच्च पद पर बैठे हुए किसी व्यक्ति को पत्र लिखता है, तो उस लेटर का भी within one month जवाब देना चाहिए। DoPT में इसका भी एक सिस्टम बनाया हुआ है।

सर, आपने intervene किया, इसलिए मैं इसका स्पष्टीकरण करना चाहता हूं कि मेंबर्स की query और गवर्नमेंट के assurance में कोई ढील नहीं होनी चाहिए। इसमें हम अपनी जिम्मेदारी मानते हैं।

**श्री संजय सिंह** : सर, मेरा सेकंड सप्लीमेंट्री क्वेश्चन..

**श्री सभापतिः** सेकंड सप्लीमेंट्री.. परन्तु, संजय जी, आपको तो assurances के बारे में assurance मिल गया।

**श्री संजय सिंह** : सर, मैं माननीय मंत्री जी की भावनाओं का सम्मान करता हूं।

**श्री सभापतिः** भावनाओं की बात नहीं है। ये कह रहे हैं कि हम काम कर रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री संजय सिंह** : सर, वे ऐसा चाहते हैं। ...(**व्यवधान**)... सर, यह उनकी भावना है। वे ऐसा चाहते हैं कि जो प्रश्न यहां पर सांसदों के द्वारा पूछे जाएँ, उन पर माननीय मंत्री जो जवाब दें, उनका जल्दी से जल्दी हल निकले, ऐसी इनकी भावना है। इसका मैं सम्मान करता हूं।

**श्री सभापतिः** सेकंड सप्लीमेंट्री।

**श्री संजय सिंह** : सर, मंत्री जी का जो जवाब है और जो आंकड़े उनकी खुद की वेबसाइट पर दिए गए हैं, वे विरोधाभासी हैं। इसका संज्ञान आपको जरूर लेना चाहिए। ...(**व्यवधान**)... इसमें इन्होंने खुद लिखा हुआ है कि टोटल 1,324 assurances ऐसे हैं, जो माननीय सदस्यों को दिए गए और उनको पूरा नहीं किया गया है। यह इनकी वेबसाइट का आंकड़ा है। मैं इनको खुद अपने घर से नहीं लाया, यह इन्होंने लिखा हुआ है और यहाँ ये कह रहे हैं कि 99 प्रतिशत..

**श्री सभापतिः** ओके। ऑनरेबल मिनिस्टर।

**श्री संजय सिंह** : सर, बस मेरा सवाल पूरा हो जाए। सर, यहाँ ये आपसे कह रहे हैं कि इन्होंने 99 प्रतिशत आश्वासनों को पूरा कर दिया। आप सिर्फ राज्य सभा का 2024 का आँकड़ा देखिए, तो आपको पता चलेगा कि इन्होंने 76 प्रतिशत आश्वासनों को पूरा नहीं किया। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि क्या आप कोई ऐसा मैकेनिज़्म बनाने जा रहे हैं, जिसके माध्यम से ये 1,324 pending assurances और राज्य सभा के 119 assurances को पूरा करने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित करेंगे?

**श्री किरेन रिजिजु :** सर, मैंने जो बताया, उसको मैं थोड़ा-सा और clarity के साथ बताता हूँ। मैंने अभी जो संख्या दी है, ये दोनों सदन, लोक सभा और राज्य सभा की है। हमने राज्य सभा का भी separately आँकड़ा दिया है। आप कौन-सी वेबसाइट की बात कर रहे हैं, यह तो मुझे पता नहीं है। आप कौन-सी वेबसाइट देख कर आए हैं, यह मुझे पता नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री संजय सिंह :** सर, यह अपमानजनक है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति** : अपमानजनक नहीं है। आप सुनिए ...(**व्यवधान**)...

**श्री संजय सिंह :** सर, यह अपमानजनक है।

**श्री किरेन रिजिजु :** मैं चेक करूँगा न! ...(**व्यवधान**)...

**श्री संजय सिंह :** सर, यह गलत बात है।

**श्री सभापति** : आप सुनिए।

**श्री संजय सिंह :** सर, मैं इसको अभी भेज रहा हूँ। ...(**व्यवधान**)...

**श्री किरेन रिजिजु :** आप इसको टेबल पर रख दीजिए।

**श्री सभापति** : संजय जी, कृपया आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... माननीय मंत्री जी सिर्फ यह कह रहे हैं कि वे यह जानना चाह रहे हैं कि आपने यह कौन-सी वेबसाइट से देखा है। आप शेयर कर दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री संजय सिंह :** सर, इसके ऊपर वेबसाइट का नाम लिखा हुआ है।

**श्री किरेन रिजिजु :** आप इसको दे दीजिए, हम इसको चेक करेंगे।

**श्री सभापति** : संजय जी, माननीय मंत्री जी ने आपको अभी-अभी assurance दिया है कि इस बारे में वे देख लेंगे। ...(**व्यवधान**)...

**श्री संजय सिंह :** मैंने उनकी भावना का स्वागत किया है।

**श्री किरेन रिजिजु :** आपने यह जिस वेबसाइट पर देखा है, उसके बारे में मुझे तो जानकारी होनी चाहिए न? ...(**व्यवधान**)... आप उसको टेबल पर ले कर दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: You may lay it on the Table.

**श्री किरेन रिजिजु :** सर, आपने intervene किया, इसलिए मैं बताना चाहता हूँ कि ये बोल रहे हैं कि 99 परसेंट.... अगर मैं 1947 से लेकर आज तक के आंकड़े को consolidate करके बताता हूँ, तो उसमें क्या आपत्ति है? ...(**व्यवधान**)...

**श्री जयराम रमेश :** 2024 का ...

**श्री किरेन रिजिजु :** मैंने 2024 का तो बता दिया। मैं यह आँकड़ा दे चुका हूँ। ...(**व्यवधान**)... मैंने दोनों हाउसेज़ का बताया है। ...(**व्यवधान**)... मैंने यहाँ पर 1,311 आश्वासनों के बारे में बताया, जिनमें राज्य सभा के 547 हैं और लोक सभा के 764 हैं। इसमें मैंने जैसा बताया कि कुछ एश्योरेंसेज़ का अभी टाइम चल रहा होगा, क्योंकि यह बजट सेशन का दूसरा पार्ट चल रहा है। हम इसको इस सेशन के बाद consolidate करके फिर बताएँगे। यह तो टाइमली है, लेकिन मैंने एश्योरेंस इसलिए दिया, क्योंकि हम इसको गंभीरता से लेते हैं। आप और हम, सब पार्लियामेंट्री एश्योरेंस के महत्व को समझते हैं, इसलिए हम इसको लाइटली ले ही नहीं सकते हैं।

MR. CHAIRMAN: This is very important for all of us. Now, third supplementary; Shri Ashokrao Shankarrao Chavan.

Contents Page

**श्री अशोकराव शंकरराव चव्हाण :** महोदय, मेरी आपसे विनती है कि यह प्रश्न पूछने की प्रक्रिया, हाउस में क्वेश्चन आना और priority में आना, उसका जवाब मिलना - इसको पूरे देश में देखा जाता है। कोई एक-दो प्रश्न constituency से रिलेटेड होते हैं, उनमें प्रश्न पूछने के बाद जो जवाब आते हैं, उनको पूरे देश में देखा जाता है। उस constituency के लोगों को एक उम्मीद होती है कि चूँकि इस काम के बारे में मंत्री जी ने बोला है, इसलिए यह काम पूरा हो जाएगा। सर, मैं इसमें बहस में नहीं जाऊँगा। ...(**व्यवधान**)...

**श्री जयराम रमेशः** सर, एक सदस्य का एक सप्लीमेंट्री प्रश्न होता है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री अशोकराव शंकरराव चव्हाण :** सर, मैं इस बहस में नहीं जाऊँगा कि कितना पर्सेंट हुआ और कितना पर्सेंट नहीं हुआ है। मेरी आपसे रिक्वेस्ट है कि हर सेशन के दौरान क्वेश्चन या हाफ एन ऑवर डिस्कशन या और ऐसे जो भी डिस्कशन्स होते हैं, जिनमें पब्लिक इंटरेस्ट की चीजों पर जवाब दिए जा चुके हैं, पर उनका असर नहीं हुआ या उनमें कोई निर्णय नहीं हुआ है, ऐसे प्रश्नों पर आप हाउस में कोई समय देकर उनको यहाँ दोबारा लीजिए, क्योंकि उनके ऊपर टाइम-बाउंड डिसीजन होना चाहिए। यह मेरी आपसे रिक्वेस्ट है।

**श्री सभापति :** जयराम जी, क्या आप कुछ कह रहे थे?

**श्री जयराम रमेश :** सर, हमेशा यह प्रैक्टिस रही है कि क्वेश्चन ऑवर में एक सदस्य, एक सप्लीमेंट्री। हर एक सवाल पर आप उसी सदस्य को सप्लीमेंट्री के लिए बुलाएंगे – यह गलत बात है। ...(**व्यवधान**)... कोई भी हो, कोई भी हो। ...(**व्यवधान**)... इन्होंने सप्लीमेंट्री प्रश्न पूछ लिया है। ...(**व्यवधान**)... कोई भी हो, कोई भी हो। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, I will look into this aspect.

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, is it an assurance? ...(*Interruptions*)...

MR. CHAIRMAN: Assurance is only from the Government. The Chairman is beyond assurance and this has nothing to do with medical process.

SHRI TIRUCHI SIVA: Not an assurance but a ruling.

MR. CHAIRMAN: No; on this, my point of order is reserved, Mr. Tiruchi. *...(Interruptions)...* Hon. Members, Question Hour is over.

Contents Page

*[Answers to Starred and Un-starred Questions (Both in English and Hindi) are available as Part – I to this Debate, published electronically on the Rajya Sabha website under the link https://sansad.in/rs/debates/officials]*

1.00 P.M.

(MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair.)*

**$ DISCUSSION ON THE WORKING OF THE MINISTRY OF RAILWAYS**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Further discussion on the Working of Ministry of Railways raised by Shri Samik Bhattacharya on the 12th March, 2025. On 12th March, 2025, Shri Sanjay Singh had concluded his speech while participating in the discussion. I now call upon the Members whose names have been received for participation in the discussion. माननीय श्री संजय सेठ, आपके पांच मिनट्स हैं। ...(**व्यवधान**)... आप लोग अपनी-अपनी जगह सीट पर बैठें। We are resuming discussion, please. संजय सेठ जी, अब आप बोलें।

**श्री संजय सेठ** (उत्तर प्रदेश) : सर, मैं आज जब भारतीय रेल के गौरवशाली इतिहास, प्रगति और भविष्य की संभावनाओं पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ, तो मेरा हृदय गर्व से भर जाता है। अगर हम रेल के इतिहास को देखें, तो हम यह भुला नहीं सकते कि जब हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को अफ्रीका में रेल के डिब्बे से अपमानित करके उतारा गया था और वहीं से स्वतंत्रता संग्राम की कहानी शुरू हुई थी। हमें वह दिन भी याद है, जब 1947 में विभाजन के समय लाखों लोग ट्रेनों की छतों पर चढ़कर अपने देश भारत में आ रहे थे। हमें आज का दिन भी याद है जब महाकुंभ में 65 करोड़ लोगों को आस्था की डुबकी दिलाने के लिए 17,000 ट्रेनें चलाकर भारतीय रेल ने उन सारे लोगों की आस्था को पूरा किया है।

सर, अगर हम लोग विपक्ष की सरकारों को देखें तो उस वक्त भारतीय रेल को एक धन कमाने की मशीन की तरह देखकर काम किया जाता था। उसमें चाहे उपकरण की खरीद हो, चाहे मेंटेनेंस हो, चाहे खाने के लिए सामान खरीदना हो, चाहे सुरक्षा की बात हो, सब चीजों में, यहां तक कि नौकरी तक में लोग भ्रष्टाचार कर रहे थे और उसका नतीजा यह है कि आज उसी विभाग के कई मंत्री अभी तक जेलों में हैं। लेकिन, 2014 के बाद जब माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने प्रधान मंत्री पद प्राप्त किया, तो उसके बाद हमने बहुत बड़ा बदलाव देखा है। उनका विजन रेलवे को विश्व-स्तरीय बनाने और देश के हर कोने को रेल से जोड़ने का रहा है। उनका विजन यात्रा

$Further discussion continued from the 12th March, 2025.

को आरामदायक बनाने का रहा है। आज उसी विजन के अंतर्गत हमारी भारतीय रेल विश्व का चौथा सबसे बड़ा नेटवर्क बनकर निकली है। माननीय प्रधान मंत्री जी ने सारे देश को जोड़ने का काम किया है, चाहे वह मेघालय हो, चाहे वह मणिपुर हो, चाहे वह सिक्किम हो, चाहे कश्मीर हो, चाहे उधमपुर-कश्मीर-बारामुला की ट्रेन हो, इन सबसे पूरे देश को रेल से जोड़ने का काम माननीय प्रधान मंत्री जी ने अपने समय में किया है।

सर, रेलवे ने हर दिशा में मजबूती से काम किया है। उसमें चाहे नए स्टेशंस बनाने हों, इंफ्रास्ट्रक्चर की गुणवत्ता हो, नई ट्रेनें हों या साफ-सफाई हो। इसी के लिए माननीय रेल मंत्री जी के द्वारा रेलवे की कोचों में 3,10,000 टॉयलेट्स बनाए गए हैं, जिससे स्टेशन की गंदगी खत्म हो सके। आज हमारे स्टेशंस एयरपोर्ट की तर्ज पर बन रहे हैं। 1,337 स्टेशंस में "अमृत भारत स्टेशन योजना" के अंतर्गत काम हो रहे हैं और वंदे भारत, नमो भारत और रैपिड रेल जैसी ट्रेनें गति और आराम का अनुभव दे रही हैं। इस वक्त 136 वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं और पहली बुलेट ट्रेन अपना सपना साकार करने में लगी है, बहुत जल्द ही वह पटरी पर दौड़ती दिखाई देगी। हम लोग पहली hydrogen-powered ट्रेन का ट्रायल भी कर रहे हैं, जो हरियाणा के जींद से सोनीपत स्टेशन के बीच चलेगी। इसका डिज़ाइन उत्तर प्रदेश में RDSO के द्वारा तैयार किया गया है और इसमें ईंधन के रूप में हाईड्रोजन यूज़ होगा।

सर, डिफेंस के बाद रेलवे के पास सबसे बड़ा land bank होता है। मैं माननीय रेल मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद दूंगा और उनके विज़न को बताऊंगा कि उन्होंने इतना अच्छा काम किया है कि रेलवे की जिस खाली ज़मीन पर अतिक्रमण हो रहे थे, जिस पर लोग कब्ज़ा कर रहे थे, उसको देखते हुए RLDA के नाम से एक organization बनाई गई है, उसके तहत उसके अंदर PPP मॉडल पर ...(**समय की घंटी**)... सर, अभी तो...

**श्री उपसभापति :** आपके पास बोलने के लिए पांच मिनट का समय था।

**श्री संजय सेठ :** सर, दो-तीन मिनट का समय और दे दीजिए।

**श्री उपसभापति :** इस बहस को समयबद्ध खत्म करना है, क्योंकि माननीय मंत्री जी को जवाब देना है, फिर सदन को The Appropriation Bill, 2025 लेना है। इसलिए जो समय तय किया गया है, please, उसी समय में अपनी बात conclude कीजिए।

**श्री संजय सेठ :** सर, इस तरह से हमारे RLDA के अंदर PPP मॉडल पर काम चल रहे हैं। मैं यू.पी. से आता हूं। यू.पी. के लिए इस बार 19,858 करोड़ रुपये का बजट दिया है। यू.पी. के लिए बहुत सारे काम किए जा रहे हैं।

मैं एक और चीज़ बताना चाहूंगा कि विपक्ष के लोग सुरक्षा की बात कर रहे थे। जब वर्ष 2013-14 में यूपीए की सरकार थी, तब सुरक्षा के ऊपर 40 हज़ार करोड़ रुपये से कम रुपये दिए गए थे, जबकि NDA की सरकार में इसके लिए 1,16,000 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Dr. M. Thambidurai; five minutes.

Contents Page

DR. M. THAMBIDURAI (Tamil Nadu): Mr. Deputy Chairman, Sir, on behalf of my AIADMK party leader, Thiru Edappadi Palaniswami, I rise to participate in the discussion on the functioning of the Ministry of Railways. First of all, I thank hon. Railway Minister, Shri Ashwini Vaishnaw, as he visited Chennai recently. We have seen the statement about the progress which they are making. At the same time, I want to draw the attention of the hon. Minister, through you, that our hon. Thiru Edappadi Palaniswami made a statement that many projects are still pending in Tamil Nadu that are not being taken seriously. That is why I am requesting for that. For example, one of the pending projects is a new railway line from Puducherry to Bengaluru, *via*., Jolarpet, Krishnagiri and Hosur, which is connecting two States and one Union Territory, *viz*., Tamil Nadu, Karnataka and Puducherry. Several thousand people every day suffer for want for a direct railway link between Puducherry and Bengaluru.

This announcement was made when I was the Deputy Speaker in 1984 in Parliament. Shri Madhavrao Scindia announced that he was going to take up this project and a survey was conducted. But the project has been pending since 1984. Areas of my constituency come under this project, namely, Krishnagiri and Hosur which are very important. It has to be considered. Also, there is an urgent need to have a doubling of railway line between Trichy and Erode, *via*., Karur. There is also a need for doubling of railway line between Karur and Salem, *via*., Namakkal and Rasipuram. I request that these are the projects which are to be taken up very seriously and quickly.

Sir, another important thing is regarding the safety. Recently, you would have read about what happened in Jolarpettai and other places regarding the safety of women. That is more important and also facilities.

Now, I come to maintenance facilities and safety aspects in the Indian Railways. What we normally see is that once a new train is introduced, the earlier prestigious trains are relegated to the background. For example, between Chennai and Bengaluru, prestigious Brindavan Express was introduced. Later, once Shatabdi Express was introduced, Brindavan Express lost its relevance. Now that Vande Bharat is introduced, the prestigious Shatabdi Express is losing relevance and, likewise, the earlier ones are being sidelined. The maintenance of Shatabdi Expres is very poor.

They contain very old bogies and damaged seats. Facilities that were available earlier are being curtailed. The food quality is also very poor. Sanitation is not being kept at all and the toilets are not clean. People complain that the facilities that were available at the time of introduction of such trains are not available now and such

facilities should be maintained. New coaches must be there in Shatabdi Express. I have already said about the safety of passengers, especially, the women passengers. As you know in an incident, a male entered in a lady compartment at Jolarpet Junction. The lady was pregnant and she was thrown out. This is the situation. Therefore, safety is very important. What I am requesting is that, as there is a lot of unemployment in our country, every compartment must have a police official. For three coaches, we are having only one TTR. If we have one TTR and a police official in each compartment, the female passengers might feel safe while travelling at night. This is a very important issue that I am bringing to your notice in order to avoid the criminal activities which are taking place nowadays. The hon. Minister must consider these safety measures by introducing police officials and TTRs in each compartment which is lacking. As he has come over here, I want to bring this to his notice that each compartment must have a TTR and a police official for the safety of the passengers, especially, during the night. Earlier, I requested for the project connecting Bengaluru to Puducherry. This is a long-pending demand, which I am requesting for. There is a project from Dharmapuri to Morappur; that connection is still pending. It also comes under my area. I request the hon. Minister that whatever points I have raised regarding new trains for Tamil Nadu—Tamil Nadu is being neglected in getting new railway lines—these are the demands of the people there and they must be considered. Especially, the Shatabdi Express must have good coaches which has been neglected. These are my demands. Thank you, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now Shri Mithlesh Kumar; five minutes.

**श्री मिथलेश कुमार** (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभापति महोदय, बजट के विवरण में जाने से पहले मैं अपने हृदय से माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिनके दूरदर्शी नेतृत्व ने महाकुंभ मेला, 2025 की अभूतपूर्व सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महाकुंभ, प्रयागराज में श्रृद्धालुओं का विशेष विशाल मेला था। मैं माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने हर भारतीय को महाकुंभ में जाने का अवसर प्रदान किया। रेलवे ने 17 हजार से अधिक ट्रेन्स चलाकर विशाल कार्य किया है। प्रयागराज में ही रेलवे ने पांच करोड़ श्रृद्धालुओं को संभाला, जबकि पास के क्षेत्रों में जैसे वाराणसी, अयोध्या, चित्रकूट, लखनऊ, डीडीयू, कानपुर, झांसी और जबलपुर में 15 करोड़ यात्रियों को संभालने का काम किया है। मैं माननीय रेल मंत्री जी का हृदय से धन्यवाद देता हूं।

उपसभापति महोदय, इस बजट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा नई रेलवे लाइनों के लिए समर्पित है, जिसमें देशभर में कनेक्टिविटी सुधारने के लिए 32, 235.24 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। सर, यह बजट भारतीय रेलवे को एक आधुनिक, प्रभावी और सुरक्षित परिवहन नेवटर्क में बदलने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करता है, जो हमारे माननीय

प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी ने और माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी के दूरदर्शी नेतृत्व के प्रति अपनी हार्दिक दृढ़ता व्यक्त करता हूं। हम सभी मिलकर एक भविष्य उन्मुक्त रेलवे नेटवर्क की आधारशिला रख रहे हैं, जो भारत की प्रगति को गति देगा, राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करेगा और प्रत्येक नागरिक के विश्वास को बनाए रखेगा, जो इस महत्वपूर्ण जीवन-रेखा पर निर्भर करता है। रेलवे बजट पर वर्तमान चर्चा महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसने देश की दिशा और दशा दोनों को बदलने का काम किया है। केन्द्रीय बजट में माननीय रेल मंत्री जी के द्वारा 2025 में यूपी को रेलवे बजट के तौर पर 19,858 करोड़ रुपये मिले हैं, जिससे नई रेलवे लाइन, ट्रैक्स को कवच सिस्टम से लैस किए जाने जैसी प्रमुख परियोजनाएं शामिल हैं।

उपसभापति महोदय, मैलानी से शाहजहांपुर, फर्रुखाबाद नई रेलवे लाइन को 2010 के बजट में स्वीकृति मिली थी।जिसकी लंबाई 105 किलोमीटर थी, जिसमें रेलवे स्टेशन्स के नाम भी चिह्नित हो गए थे और तत्कालीन गवर्नमेंट के द्वारा 1,000 करोड़ रुपये का बजट भी जारी किया गया था, लेकिन उस सरकार की उदासीनता के कारण वह रेलवे लाइन नहीं बन पाई। क्योंकि पूर्णागिरि से गंगा जी तक लोगों के जाने के लिए काम करने की बहुत आवश्यकता थी, अतः मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि उत्तर प्रदेश में रेलवे के विकास के लिए आपने जो बजट दिया है, उसमें बहुप्रतिक्षित मैलानी-फर्रुखाबाद रेल परियोजना पर नई रेल लाइन बिछाने हेतु यथाशीघ्र अवमुक्त करने की कृपा करें।

महोदय, मैं इसी के अंतर्गत कहना चाहता हूं कि 'अमृत योजना' के अंतर्गत जो 1,337 रेलवे स्टेशन्स शामिल हुए थे,उनमें शाहजहाँपुर भी शामिल था, लेकिन अधिकारियों की उदासीनता के कारण, वहाँ पर पिछले 6 महीनों से कोई काम नहीं हो रहे हैं और सरियों तक में जंग लग गया है। हमने कई बार डीआरएम मुरादाबाद को चिट्ठी भेजी है, लेकिन उनके द्वारा कोई काम नहीं किया जा रहा है। मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि वे उसका यथाशीघ्र संज्ञान लें और कार्रवाई करवाएं।

महोदय, रेल मंत्रालय द्वारा पूरे देश के कोने-कोने से वंदे भारत ट्रेन का संचालन कराया जा रहा है। मैं माननीय रेल मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि शाहजहाँपुर रेलवे स्टेशन भी जिला मुख्यालय का एक स्टेशन है। जनपद शाहजहाँपुर एक औद्योगिक और व्यावसायिक केंद्र होने के कारण यहाँ के व्यापारियों का दिल्ली और लखनऊ जाना होता है। लखनऊ उत्तर प्रदेश की राजधानी है, जो कि सबसे बड़ा प्रदेश है। महोदय, वहाँ पर आने-जाने के लिए हमारे पास कोई भी वंदे भारत ट्रेन नहीं है और न ही अभी तक किसी राजधानी या वंदे भारत ट्रेन का ठहराव हुआ है। मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि आप इसी रेलवे बजट से शाहजहाँपुर को नई दिल्ली से गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर के स्टॉपेज देते हुए लखनऊ तक एक नई वंदे भारत ट्रेन चलाने की कृपा करें। महोदय, इस ट्रेन का ठहराव शाहजहाँपुर में करना अतिआवश्यक है, अतः जनहित में उक्त रेलवे लाइन मैलानी-फर्रुखाबाद तथा वंदे भारत ट्रेन चलाने को भी शामिल किया जाए।

महोदय, इसी तरीके से डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस, जो दिल्ली से चलकर डिब्रूगढ़ जाती है, वह शाहजहाँपुर क्रॉस करती है, लेकिन उसका शाहजहाँपुर में स्टॉपेज नहीं है। महोदय, आप 20504 तथा 20505 ट्रेन्स को शाहजहाँपुर रेलवे स्टॉपेज देने की कृपा करें। ...(**समय की घंटी**)...

Contents Page

**श्री उपसभापति** : माननीय सदस्य, जल्दी कन्क्लूड कीजिए।

**श्री मिथलेश कुमार** : उपसभापति महोदय, हमारे शाहजहाँपुर में रेलवे की बहुत जमीन पड़ी है। महोदय, बरेली से एक ट्रेन चलती है – 14315. यदि इसका शाहजहाँपुर तक स्टॉपेज कर दिया जाए, तो वहीं पर एमईआर में रेलवे की वॉशिंग मशीन बन जाएगी, क्योंकि शाहजहाँपुर में रेलवे की बहुत जमीन पड़ी है।

महोदय, मैं भारत सरकार से निवेदन करता हूं कि भले ही जमीन आपकी रहे, लेकिन वह जमीन नगर निगम शाहजहाँपुर को हस्तांतरित कर दें, ताकि ट्रैफिक की समस्या दूर करते हुए उसके अंदर सड़क बनाने का काम किया जाए। ...(**समय की घंटी**)...

**श्री उपसभापति** : आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री मिथलेश कुमार** : सर, दो मिनट दे दीजिए, मैं अपनी बात समाप्त कर रहा हूं। महोदय, मैं अंत में कहना चाहता हूं:

*हर कदम ऐसा चलो कि निशान बन जाए*
*यहाँ जिंदगी तो हर कोई काट लेता है*
*जियो जिंदगी इस कदर कि मिसाल बन जाए*

MR.DEPUTY CHAIRMAN: Shri Ajit Kumar Bhyuan, you have three minutes.

SHRI AJIT KUMAR BHUYAN (Assam): Mr. Deputy Chairman, Sir, I rise to speak on the ground realities about railway activities in Assam. The project or works which were announced or are under execution are not coming into reality on time. There is no double line facility in entire length and breadth of the State. In this 21st Century, to traverse a distance of around 500 Km from Guwahati to Dibrugarh, it requires more than 12 hours in Express train. The Rajdhani Express from New Delhi to Dibrugarh cannot run up to Dibrugarh on electric engine and from Guwahati to Dibrugarh, engine has to be replaced by a diesel one. It is really a matter of concern as to when railway infrastructure improvement will attain its desired standard. I raised the issue regarding Dibrugarh Railway area in the last year discussion also, but nothing has been improved and the railway network in the area is lagging far behind even now.

The existing workshop land and infrastructure are in a very bad shape for not initiating pragmatic approaches for its use. Although the North East Frontier Railway is one of the oldest zonal railways set ups, it has always been treated step-motherly in comparison to new zonal set up which has come up much later than the North East Frontier Railway. In the matter of Group C and Group D employment, the people of

Assam are not getting their due share. The people of Assam have a right to expect due share of benefits, be it in employment or in all developmental works, including introduction of modern new trains in true sense. In this 21st Century, laying of line or introduction of a weekly-train cannot be a solace. In terms of quality and quantity, proper train service is the need of the hour and there are a lot to be done for the State of Assam and North-East; and Indian Railways should rise to the aspirations of this strategical and sensitive area of the country.

To meet power requirement, there was an announcement to set up a power-generating station in Assam, but nothing tangible is seen on ground. It has been a long-pending demand from the people of the North-Eastern States raised at various platforms from time to time for creation of a separate Railway Zone for the seven North-Eastern States. This will enhance opportunities for employment for the local youths. ...*(Time-bell rings)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude now.

SHRI AJIT KUMAR BHUYAN: One minute, Sir. Also, this move would greatly increase operational efficiency of NFR and ensure that a greater share of new trains/train services for different zones are legitimately, deservedly and exclusively available to the people of the North-Eastern States. Let the territorial jurisdiction of the NF Railway become limited to the political boundary of the State. ...*(Time-bell rings)*...

Sir, last line. I request the hon. Railway Minister to disclose the fate of the proposed power-generating station in Assam. Although Rangia Railway Division was created after long persuasion and agitation, the Division is far behind to meet the aspirations of the people. ...*(Time-bell rings)*... The hon. Minister should see to it to mitigate the public grievances. Thank you, Sir.

**श्री उपसभापति :** थैंक यू। माननीय श्री नरहरी अमीन जी, आपका पांच मिनट का समय है।

**श्री नरहरी अमीन** (गुजरात) : आदरणीय उपसभापति महोदय, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे रेल मंत्रालय के कार्यकरण पर चर्चा में बोलने का अवसर प्रदान किया। महोदय, मैं इस वित्तीय बजट में रेलवे विकास के लिए किए गए प्रावधानों हेतु माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी, वित्त मंत्री जी एवं रेलवे मंत्री जी का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं।

आदरणीय उपसभापति महोदय, माननीय प्रधान मंत्री जी के कुशल नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में रेल मंत्रालय के बजट में चार गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। वर्ष 2013-14 में रेलवे का बजट लगभग 63 हज़ार करोड़ रुपया था। आज माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व वाली हमारी सरकार के द्वारा वित्तीय बजट 2025 में यह बढ़कर 255 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है। पिछले 10 सालों में देश में 34,000 किलोमीटर के नए रेलवे ट्रैक बनाए गए थे, जो जर्मनी जैसे

Contents Page

समृद्ध देश की कुल रेलवे लाइन से भी ज्यादा हैं। बजट में सरकार ने देश में नई रेलवे लाइन बिछाने हेतु लगभग 32,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। लाइनों के दोहरीकरण के लिए भी लगभग 32,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है और गेज परिवर्तन के लिए 4,550 करोड़ रुपये का प्रावधान भी सरकार ने किया है। सरकार ने रेलवे की सिग्नल और टेलीकॉम व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 6,800 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। पिछले 10 वर्षों में रेलवे नेटवर्क में 45,000 किलोमीटर से ज्यादा विद्युतीकरण हुआ है और इस बजट में रेलवे लाइनों के विद्युतीकरण के लिए 6,150 करोड़ रुपये का प्रावधान भी सरकार ने किया है।

आदरणीय उपसभापति महोदय, वर्ष 2014 से पहले देश में पांच शहरों में मेट्रो ट्रेन का नेटवर्क था। नरेन्द्र मोदी जी की 10 वर्ष की सरकार में चेन्नई, जयपुर, हैदराबाद, कोच्चि, लखनऊ, अहमदाबाद, नागपुर, नोएडा, कानपुर, पुणे, नवी मुम्बई और आगरा में मेट्रो ट्रेन सर्विस शुरू की गई है। 10 साल में 12 शहरों में मेट्रो की सुविधा भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने दी है। सबसे महत्वपूर्ण रेलवे की सुरक्षा हेतु भारत सरकार ने बजट में रेलवे सेफ्टी फंड में 45 हजार करोड़ का प्रावधान किया है। सीमा क्षेत्र में रेलवे के विकास के लिए सीमा सड़क संगठन को मजबूत करने के लिए 7,134 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। देश में हाल ही में संपन्न हुए महाकुंभ के अवसर पर 13 हजार ट्रेन्स दौड़ाने की प्लानिंग थी, जबकि भारत सरकार ने महाकुंभ में लोगों को बेहतर सुविधा देने के लिए 17,330 ट्रेन्स को दौड़ाने का काम भी किया था। पिछले 10 वर्षों में रेलवे स्टेशनों पर सुविधा बढ़ाने के लिए 3,10,000 नए टॉयलेट्स बनाए गए। 50 प्रतिशत लोकोमोटिव इंजन में भी भारत सरकार ने टॉयलेट की सुविधा दी है। यूपीए सरकार के दौरान 4 लाख 11 हजार लोगों को रोजगार मिले थे, जबकि आदरणीय प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी की सरकार में भारत सरकार ने 10 वर्ष में 5 लाख 2 हजार लोगों को अलग-अलग कैटेगरी में रोजगार देने का काम किया है। कोरोना की महामारी के समय जब लॉकडाउन था, उस समय रेलवे मंत्रालय ने 58 लाख से ज्यादा श्रमिक लोगों को 4 हजार से ज्यादा विशेष ट्रेन्स दौड़ा कर उनके वतन पहुंचाने का काम किया था। पिछले वर्षों में सरकार ने रेलवे कर्मचारियों को उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए 78 दिन का बोनस देने का निर्णय किया है, यह भी खुशी की बात है। देश के ज्यादा ट्रैफिक वाले दिल्ली-मुम्बई और दिल्ली-कोलकाता के रूट पर सुरक्षा कवच लगाए जा रहे हैं तथा आने वाले समय में मुम्बई-चेन्नई और चेन्नई-कोलकाता रूट पर भी सुरक्षा कवच प्रणाली प्रस्थापित हो जाएगी। अगले तीन वर्षों में देश में दो शहरों के बीच 50 नई नमो भारत रैपिड ट्रेन्स, 200 नई वंदे भारत ट्रेन्स और 100 नई अमृत भारत ट्रेन्स चलाई जाएंगी। इसके अलावा, गरीब और मध्यम वर्ग के लाखों लोग रेलवे का उपयोग करते हैं। इसको ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने रेलवे ट्रेन्स में 17,500 नई नॉन एसी कोच जोड़ने का भी आयोजन किया है। ...(**समय की घंटी**)... रेलवे मंत्रालय यात्रियों की सुरक्षा को ज्यादा महत्व दे रहा है।

**श्री उपसभापति** : आप conclude करें।

**श्री नरहरी अमीन** : इसलिए सुरक्षा के लिए 1,14,000 करोड़ का प्रावधान किया गया है। ...(**समय की घंटी**)... पिछले 10 वर्षों में सरकार के प्रयासों के कारण गुजरात के रेलवे बजट में काफी वृद्धि हुई है। 2014 में कांग्रेस की सरकार में सिर्फ 589 करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया था,

जबकि इस बार रेल मंत्री जी ने गुजरात सरकार को 17,155 करोड़ दिया है। इसके लिए मैं माननीय मंत्री जी का खूब आभार व्यक्त करता हूं।

**श्री उपसभापति** : धन्यवाद। माननीय श्री संजय राउत - अनुपस्थित। माननीय श्री राजीब भट्टाचार्जी। आपके पास 5 मिनट्स हैं।

**श्री राजीब भट्टाचार्जी** (त्रिपुरा) : माननीय उपसभापति महोदय, आपने मुझे रेलवे बजट पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। माननीय प्रधान मंत्री द्वारा देश के विकास के लिए दो शब्द दिए गए हैं, वे हैं साफ नीयत और सही विकास। जो विकास की पटरी होगी, इसमें साफ नीयत होनी चाहिए। इसी दृष्टिकोण से हमारे देश के प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी

[**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** *पीठासीन हुए।*]

जी ने काम की शुरुआत की है। रेल हमारे जीवन की एक आधारशिला है। विकसित भारत का जो नारा हम लोग दे रहे हैं, इसमें रेल की सुविधा नहीं होने से हम लोग आगे नहीं बढ़ सकते। अभी हाई स्पीड ट्रेन की बात की जा रही थी, जैसे वंदे भारत एक्सप्रेस का ज़िक्र हो रहा था। पहले 2019 में जो वंदे भारत एक्सप्रेस चालू हुआ, वह दिल्ली-वाराणसी रोड के लिए चालू हुआ। आज बजट में दिखाया गया है कि 136 ऐसी ट्रेन्स चल रही हैं। इसमें 24 राज्य include हो रहे हैं और 280 डिस्ट्रिक्ट्स शामिल हो रहे हैं। यह हमारे लिए एक बहुत बड़े गर्व की बात है। हम लोग जानते हैं कि हमारी रेल की जो सुरक्षा है, वह सबसे ज्यादा अहमियत रखती है। हम लोग देखते हैं कि रेल सुरक्षा के लिए, इस बजट में safety device के लिए अच्छा प्रावधान रखा गया है। पहले यूपीए सरकार में 2013-14 में safety device के लिए 40,000 करोड़ रुपये का बजट था, एनडीए गवर्नमेंट द्वारा 2023-24 में safety device के लिए एक लाख करोड़ रुपये का बजट रखा गया था, एनडीए गवर्नमेंट ने 2024-25 में 1 लाख, 14 हजार करोड़ रुपये का बजट रखा और अभी 2025-26 में safety device के लिए बजट में 1 लाख, 16 करोड़ रुपये का प्रोविजन रखा गया है। यह सबसे ज्यादा महत्व रखता है।

सर, मैं नॉर्थ-ईस्ट से बिलाँग करता हूँ। उत्तर पूर्वांचल में डेमोक्रेसी की बात होती है। बहुत सी सरकारें आईं और गईं, लेकिन उत्तर पूर्वांचल के लिए कोई सोचता नहीं था। मोदी जी के आने के बाद हम लोग भाग्यशाली हैं कि नॉर्थ-ईस्ट के विकास के लिए मोदी जी ने एक मुहिम चलायी है। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि मोदी जी 2014 में देश के प्रधान मंत्री बने और 2016 में, दो साल में ही, मोदी जी ने पहली बार अगरतला में railway Broad-Gauge connectivity करने का काम करके दिखाया है।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आज मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि जो सिलचर-इम्फाल रेलवे लाइन है, जो 111 किलोमीटर लम्बी लाइन है, उससे मणिपुर राज्य के इम्फाल को रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिए जो प्रयास है, वह हमारे प्रधान मंत्री जी ने करने का काम किया है। मिजोरम और त्रिपुरा में जो रेल सेवा है, इसको जोड़ने का काम भी मोदी जी ने किया है। नागालैंड

Contents Page

तक रेल कनेक्टिविटी और अरुणाचल में रेल कनेक्टिविटी करने का प्रयास हमारे मोदी जी ने किया है।

महोदय, मैं माननीय रेल मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि हाल ही में अनाउंसमेंट में आया है कि त्रिपुरा में और गुवाहाटी-अगरतला में भी 'वंदे भारत' एक्सप्रेस चालू होगी। यह हमारे लिए सबसे बड़े भाग्य की बात है, क्योंकि नॉर्थ-ईस्ट को पहले कोई पूछता नहीं था। आज मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि इसमें जो इलेक्ट्रिफिकेशन का काम है, इससे जो रेल दौड़ाने का काम होता है, इसमें आज 86 परसेंट काम हुआ है और 2030 तक 100 परसेंट इलेक्ट्रिफिकेशन करने का जो प्रोविजन बजट में रखा गया है, इसके लिए मैं माननीय रेल मंत्री को धन्यवाद देना चाहता हूं।

महोदय, आज विपक्ष एक्सीडेंट्स की बात करता है। मैं आपके सामने एक आंकड़ा रखता हूं। 2005 से 2006 के बीच 234 एक्सीडेंट्स हुए थे, 2009 से 2010 के बीच ...(**समय की घंटी**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : श्री भट्टाचार्जी, अब आप समाप्त करें।

**श्री राजीब भट्टाचार्जी** : सर, मैं अब कन्क्लूड करता हूं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : जी, अब समाप्त करें।

**श्री राजीब भट्टाचार्जी** : सर, 2024-25 में यह 30 एक्सीडेंट्स से नीचे आया है, क्योंकि - सही और साफ नीयत, यानी सही विकास। सब जगहों पर डेवलपमेंट होना चाहिए, यह काम मोदी जी ने करके दिखाया है। मैं माननीय रेल मंत्री का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं कि विकास के क्रम में, रेल को आगे बढ़ाने के काम में उन्होंने जो प्रयास किया है, यह हमारे भारत को विकसित करेगा। नमस्कार, धन्यवाद।

SHRI G.K. VASAN (Tamil Nadu): Sir, on behalf of my Party, Tamil Maanila Congress (Moopanar), I thank you for the opportunity given to me. The Indian Railways has seen significant milestones. To start with, there was a shift from coal-based steam engine to diesel locomotives. Later, we have marched towards nation-wide electrification. Today, the Indian Railways is one of the largest railway networks in the world. With on-going modernisation, there is an effort to improve efficiency and services. Among the modernisation efforts, I thank the Government and the hon. Minister that passenger comfort has been given higher priority on Indian Railways.

While we already have fast trains like Shatabdi and Rajdhani, we now have Vande Bharat and Vande Bharat sleeper trains for passengers to provide new age facilities like LED screens, WiFi and comfortable seating, while at the same time, reaching destinations at a proper time. The whole country is now looking forward to

the bullet train to take us on the path towards Viksit Bharat. I thank the hon. Minister Prime Minister and the hon. Minister again for the efforts they are making.

Trains, as we always say, are the lifeline for the moment of both people and goods. Railways make our life easier by not only enabling us to move from one place to another but they also bring daily essentials for us from far off agricultural fields and industrial production centres. The Railways unite diverse cultures as we indulge in tourism and pilgrimage. There is always a need to introduce new trains in the country, extend existing trains and also build new lines. I would give certain suggestions to the hon. Minister, and some of these suggestions are in the proposals from the Indian Railways also.

Kumbakonam in Thanjavur district is one of the famous pilgrimages in Tamil Nadu. Like Kumbh Mela in the North, Mahamaham in the South in Tamil Nadu takes place in Kumbakonam once in 12 years. It is due in 2028. Lakhs and lakhs of pilgrims visit Kumbakonam for Mahamaham from across the country. Kumbakonam Railway Station should be modernised. The modernisation work should start immediately so that it caters to the need of lakhs and lakhs of pilgrims and passengers.

I would also like to say that there are certain important proposals in the Railway Department for Kumbakonam Railway Station. Thanjavur to Viluppuram via Kumbakonam doubling route survey has been done. Without further delay, it should be finalised so that before Mahamaham, lakhs and lakhs of people can utilise it. Kumbakonam to Mumbai train proposal should be sanctioned. There is a need for Thanjavur to Chennai via Kumbakonam inter-city express train and Amrit Bharat Express daily. Proposal for Mayiladuthurai to Coimbatore via Thanjavur-Palani should also be sanctioned. Tharangambadi, which was a very famous railway line once, should be provided rail connectivity again. Another point is that Kumbakonam railway two-way broad gauge line should also be addressed to.

Another important subject is that in the South, there is a popular demand about introduction of new train from Thiruchendur and Chennai Egmore via Chord Line. Thiruchendur is again a holy town where one of the famous six abodes of Lord Murugan is located. Every day, thousands of devotees from various parts of the country visit this shrine to worship Lord Murugan. During festival time, more than about 15 lakh people visit this place. They all reach Thiruchendur through train or through road transport. Thiruchendur is also a connecting place to other important divine places around.Thiruchendur lies in the East Coast Road between Rameswaram and Kanyakumari.

Newly-constructed Kulasekarapattinam Thermal Power Station is also located near Thiruchendur. Spaceport, which was recently launched by our hon. Prime

Contents Page

Minister, Shri Narendra Modi, also lies near Thiruchendur. So, I would like to say that Thiruchendur is one of the important connecting hubs for pilgrimage places. Every day, hundreds of omni buses ply between Tiruchendur and adjoining areas to Chennai, and, it is a good example to cite. All the trains that run from Chennai Egmore to Thirunervelli run at full capacity throughout the year, and, it is a proof for our claims. Railways earn good revenue from this route. However, there is no train from Tiruchendur to Chennai via chord line.

With the existing train connectivity, it is highly difficult for the passengers to travel for sixteen hours. So, I request the hon. Minister that Tiruchendur to Chennai via chord line is the need of the hour for the South as it will cater to the needs of lakhs and lakhs of people in those areas and it is a long-felt demand of the local population also. I again request the hon. Minister to take note of this very important issue.

Sir, before I conclude, I would like to make two more points. There is also a proposal for change of time of the Tiruchendur Express, and, I will send the request to the hon. Minister.

Sir, Madurai is one of the important cities of Tamil Nadu, which caters to the needs of lakhs and lakhs of people. Through Amrit Bharat Scheme, the Ministry of Railways is taking up the upgradation of Madurai Railway Station at an estimated cost of Rs. 350 crores. I thank the Central Government for this but, at the same time, I request the hon. Minister to get the work completed within stipulated time.

Sir, from Ariyalur District, from Perundurai, Kunnam, Andimadam and Jayankondam, about three lakh people travel from these areas to many places through railways. At Senthurai Railway Station, fast trains should stop as it will improve the passenger facilities. Like-wise Pallavan and Vaigai trains should stop at Senthurai, at least, for two minutes as it will help the traders and the public at large.

Sir, while concluding, I would say that Panruti in Tamil Nadu is the municipality and Taluka headquarters of Cuddalore District. Panruti is famous for cashew and jackfruit cultivation. Panruti cashew is exported worldwide. More than 200 micro and small units in the villages depend on Panruti for the transportation. The Neyveli Lignite Corporation is situated nearby. Vadalur Vallalar Sathya Gayana Sabah is also there in Panruti.

Sir, after continuous efforts, the Southern Railways' Tiruchirappalli Division made proposals of following train stoppage. With regard to Tirupati-Mannargudi-Tirupati, Pamani Express, tri-weekly, stoppage proposals were sent last year but it has not been approved by the Railways. I request the Minister of Railways to consider the proposal and approve the same at the earliest.

Contents Page

In the end, I would like to make a request to the hon. Minister for the State of Tamil Nadu, which is one of the most important States in the country. There are many important rail projects which are pending. Some projects are on fast-track also. I would like to request the hon. Minister to take note of the pending projects and get the same completed within the stipulated time. Thank you very much, Sir.

**श्री रामेश्वर तेली** (असम) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं रेल अनुदान के ऊपर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ। रेलवे विभाग बहुत अच्छा काम कर रहा है और हमारे मंत्री जी एक डायनेमिक मिनिस्टर हैं। यूपीए के समय में किस तरह से काम हुआ था और हमारे एनडीए के समय में किस तरह से काम हुआ है, उसके मैं दो नमूने देना चाहता हूँ। आप देखिए, वर्ष 2013-14 में यूपीए के समय में सेफ्टी के लिए 40,000 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे।

और वर्ष 2023-24 में NDA ने करीब एक लाख करोड़ रुपए खर्च किए थे। ठीक उसी तरह से आप देखें, तो वर्ष 2024-25 में 1 लाख, 24 हज़ार करोड़ रुपए खर्च किए हैं और वर्ष 2025-26 में करीब 1 लाख, 16 हज़ार करोड़ रुपये खर्च करने के लिए आवंटित किए गए हैं। ठीक उसी तरह से आप देखें, तो जब वर्ष 2005-06 में लालू प्रसाद यादव जी मंत्री थे, तब 234 एक्सीडेंट्स हुए थे, फिर वर्ष 2009-10 ममता बनर्जी के समय 165 एक्सीडेंट्स हुए थे, वर्ष 2013-14 में खरगे जी के समय में 118 एक्सीडेंट्स हुए थे, फिर हमारी NDA सरकार में वर्ष 2019-20 में सिर्फ 55 एक्सीडेंट्स हुए थे, वर्ष 2023-24 में सिर्फ 40 एक्सीडेंट्स हुए थे और वर्ष 2024-25 में सिर्फ 30 एक्सीडेंट्स हुए, मतलब यह कि दोगुने एक्सीडेंट्स कम हुए हैं। हमारी सरकार में इस तरह से काम हो रहे हैं। मैं रेलवे मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि हमारे असम में इलेक्ट्रिफिकेशन का काम चल रहा है और मुझे जो जानकारी है, उसके हिसाब से 31 मार्च तक पूरे असम में इलेक्ट्रिफिकेशन का काम हो जाएगा, ट्रायल भी हो चुका है। सर, इस तरह से काम हो रहे हैं।

मैं बताना चाहता हूं कि हमारे गुवाहाटी से – अभी मैंने मंत्री जी का एक वक्तव्य सुना था, जिसमें यह कहा गया था कि हमारे असम में अमृत भारत स्टेशन के तहत करीब 50 स्टेशंस बनाए जाएंगे। मेरा घर तिनसुकिया रेलवे डिविज़न के अंदर है। तिनसुकिया रेलवे डिविज़न में करीब 19 अमृत भारत स्टेशंस बनाने के लिए ऑलरेडी टेंडर हो चुके हैं। इस तरह से काम हो रहे हैं। मैंने विपक्ष के साथियों से रेलवे के बारे में जो बातें सुनी हैं, उससे पता चल रहा था कि आज से करीब 30-40 साल बाद की बात बोल रहे हैं, लेकिन अभी वंदे भारत ट्रेन हो या हमारे असम में विस्टाडोम ट्रेन चलती है, वे कभी विस्टाडोम में बैठें, तब उन्हें पता चलेगा कि हमारा नया भारत कैसा है, क्योंकि हमारे गुवाहाटी से न्यू हाफलोंग तक विस्टाडोम ट्रेन चलती है, जिसमें टूरिस्ट्स जाते हैं। मैं विपक्ष के साथियों से अनुरोध करता हूं कि वे कभी विस्टाडोम ट्रेन में बैठें, तब उन्हें पता चलेगा कि हमारा रेलवे विभाग किस तरह से काम कर रहा है। मेरी माननीय मंत्री जी से एक रिक्वेस्ट है, क्योंकि अभी कुछ दिन पहले ही हमारे असम गए थे और Advantage Assam प्रोग्राम में उन्होंने कहा कि एक वंदे भारत ट्रेन गुवाहाटी से डिब्रूगढ़ तक चलेगी। वे उसे जल्दी चलाएं, मैं यह उनसे रिक्वेस्ट करता हूं। पहले हम लोग गुवाहाटी से न्यू जलपाईगुड़ी जाते थे, तो हमें करीब 12 घंटे लग जाते थे। अब जो वंदे भारत ट्रेन चलती है, वह सिर्फ पांच-साढ़े पांच घंटे में पहुंचती है, यह बहुत अच्छी बात है। अब लोग वंदे भारत ट्रेन के द्वारा न्यू जलपाईगुड़ी जाते हैं। एक परशुराम कुंड जगह

है, जहां लाखों श्रद्धालु स्नान करने जाते हैं, जिनके माता-पिता नहीं रहते हैं। बहुत दिन से डिमांड थी की परशुराम कुंड तक एक ट्रेन चले, तो मुझे जो जानकारी है, उसके लिए फाइनल लोकेशन के लिए सर्वे ऑलरेडी हो चुके हैं। जहां 217 किलोमीटर के लिए 9 हज़ार करोड़ रुपए खर्च होंगे। मैं मंत्री जी से रिक्वेस्ट करता हूं कि यह काम जल्दी शुरू किया जाए।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी) :** धन्यवाद, रामेश्वर तेली जी।

**श्री रामेश्वर तेली :** सर, Lumding से Furkating तक डबलिंग का काम बेहद जोर-शोर से चल रहा है, लेकिन हमारा अनुरोध है कि Lumding से Furkating होते हुए तिनसुकिया तक का कार्य भी शीघ्र पूरा किया जाए। मैं मंत्री जी से यही अनुरोध करता हूं, क्योंकि यह परियोजना 3,907 किलोमीटर लंबी है और इस पर लगभग 3,290 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह काम भी जल्दी हो। इसके लिए मैं मंत्री जी से अनुरोध करता हूं। सर, मुझे बहुत बातें कहनी थीं, लेकिन समय के अभाव के कारण बोल नहीं पाया हूं। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : आप मंत्री जी को लिखकर दे दीजिएगा, मंत्री जी नोट कर लेंगे।

**श्री रामेश्वर तेली** : सर, मैं लास्ट में माननीय मंत्री जी से एक रिक्वेस्ट करना चाहता हूं कि मेरा घर डिब्रूगढ़ डिस्ट्रिक्ट, दुलियाजान में है। वह एक इंडस्ट्रियल एरिया है। हमारे यहां इंडस्ट्री में काम करने वाले लोग तिनसुकिया में जाकर काम करते हैं। यदि वहां राजधानी ट्रेन दो मिनट रुक जाएगी, तो बहुत अच्छा होगा। इसके लिए मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करता हूं।

SHRI A.A. RAHIM (Kerala): Sir, we know that the Railways are the lifeline of our country. I would like to focus on three particular and relevant issues in this regard. First is regarding safety. Second is the negligence of the Union Railway Ministry towards my State Kerala. Third is — I am raising it on behalf of the Indian youth -- the lack of recruitment in Indian Railways. Sir, my first and third points, safety and lack of recruitment in the Indian Railways, are deeply connected. I would like to flag some important data in this august House. Please look at the data. The total number of sanctioned posts of loco pilots is 1,37,000. Out of these, more than 20,000 posts of loco pilots are vacant. As a result of that, working hours of loco pilots are highly uncertain. They did not even receive a weekly rest. This 'inhuman overtime work' severely affects the safety of Indian Railways. Why is the Government keeping mum on this issue? Hon. Minister is present here. I would like to remind the hon. Minister that a high-power committee recommended reducing the working hours of loco pilots to nine hours. Loco pilots are still struggling with excessive working hours. It will adversely affect the safety of Indian Railways.

Now I would like to come to my last point as well as safety. I would like to mark a particular day, which is the 15th October 2024, as the blackest day in the history of Indian Railways. On that day, 15th October 2024, the Railway Ministry issued an order to reappoint retired staff for the vacant posts on contractual basis. Lakhs of Indian youths are waiting for jobs, permanent jobs. Job aspirants are still waiting. At that time, the Indian Railways ordered for re-engaging retired hands in the Indian Railways. Reappointing retired staff in critical functions such as railway signalling and loco running will have far-reaching consequences. It will also affect the safety. I would like to urge upon the Government to revoke the decision of re-engaging retired employees in the Indian Railways.

I am now coming to the plight of trackmen and keymen. Look at the condition of railway workers like trackmen and keymen, who are very rare. In response to my Question during 262nd Session of the Rajya Sabha, the Minister of Railways admitted that 361 railway workers lost their lives on the tracks in the last five years due to the negligence of Indian Railways. The Government has shown no willingness to implement basic safety measures. What about Rakshak? Every division introducing this modern safety system is showing it as pending.

Now, I am coming to the plight inmy State of Kerala. Sir, suffering of train passengers is beyond my words. The number of people fainting in over-crowded trains in Kerala is rising every day. There has been no effort to increase the number of train services or allocate additional coaches in proportion to the growing passenger demand in Kerala. The Railways are exploiting passengers by re-branding passenger trains as express trains and charging higher fares. I would like to remind the hon. Minister that Kerala is one of the States which generates the highest revenue for the Railways. Yet, the railway infrastructure in Kerala remains deplorable. The Railways have not made any significant progress in doubling or straightening ...(*Time-bell rings.*)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी) :** माननीय सदस्य, कृपया अपना भाषण समाप्त कीजिए।

SHRI A.A. RAHIM: Sir, I am concluding. Sir, K-Rail is a dream project of Kerala. It has been pending before the Central Government. Kindly give a green signal to K-Rail. ...(*Time-bell rings.*)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी) :** माननीय सदस्य, आपका भाषण समाप्त हुआ।

SHRI A.A. RAHIM: So, I would like to conclude my speech. Thank you.

Contents Page

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): Shri Mission Ranjan Das; not present. Now, Shri P.P. Suneer; three minutes.

SHRI P.P. SUNEER (Kerala): Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise today to highlight the alarming decline of Indian Railways under the BJP Government's decade-long rule. Once the nation's lifeline, it has now become a PR-driven vehicle that prioritises image over passenger safety and inclusivity.

The abolition of the separate Railway Budget in 2017 was a monumental blunder. It silenced critical parliamentary scrutiny, leaving Railways to function as just another Department neglecting the needs of ordinary citizens. The tragic stampede at New Delhi Railway Station reflects this negligence. Instead of addressing root causes, the Railway Ministry's immediate response was to remove videos of the chaos, caring more about perception than accountability. The numbers are telling - 40 train accidents in the past year claimed 313 lives and injured 744. Yet, funds from the Rashtriya Rail Sanraksha Kosh, meant for safety improvements, were misused for luxuries like foot massagers and office furniture. Projects like the Vande Bharat Express dominate headlines, while ordinary passengers suffer in overcrowded and unsafe coaches. Critical safety-related posts remain vacant, and the recent cancellation of pending selections exposes the system's decay.

The Railways have also neglected Kerala, exposing both operational gaps and disregard for legitimate demands. Train stops discontinued during COVID-19 remain unrestored, causing hardship for many passengers. For instance, despite my repeated requests for a train stop at Kuttippuram, Parappanangadi and Tirur stations, these reasonable demands have been ignored. A Vande Bharat train passing through my district of Malappuram has no stop in the entire district and demands to have a stop at the Tirur railway station were not paid heed to. Additionally, the Shoranur-Nilambur line stands idle for several hours each day -- a glaring example of resource mismanagement. I have proposed practical solutions such as extending the Rajya Rani Express to Ernakulam South and the Venad Express to Nilambur Road -- steps that would improve connectivity and ensure better utilisation of resources. These demands must be addressed urgently.

The Government's obsession with grand inaugurations and personality cult has damaged the Indian Railways. While they stage glossy campaigns, passengers pay with their lives. We must demand accountability. The Indian Railways must return to its core values of safety, service and accessibility to the common man. The demands which I have raised must be taken seriously to ensure Railways serve people and not politics. Thank you.

2.00 P.M.

DR. K. LAXMAN (Uttar Pradesh): Mr. Vice-Chairman, Sir, at the outset, I would like to thank the Government, led by Modiji and the Minister of Railways, Shri Ashwini Vaishnaw, for bringing significant transformation in the Railways by modernizing and providing all the basic facilities to the passengers. Indian Railways plays a significant role in our country's economic, social and cultural integration. Railways is the biggest employer with 12,30,000 employees. When it comes to Budget, this year, it is Rs.2,52,000 crores. Out of this, 42 per cent of the budget goes to salaries and 22 per cent to the pensions. In spite of 64 per cent budget going to salaries and pensions, Railways has done a great job in the last ten years. The work done in 60 years can be compared with the work done in the last ten years. This is only possible because of visionary leadership of our beloved Prime Minister, Narendra Modi*ji*, and the able Railway Minister, Ashwini Vaishnaw*ji* and the *sankalp* to make India a developed nation, that is, *Viksit Bharat*. As far as employment is concerned, the opposition and our critics talk a lot about it. But it was during the UPA term that you had given only four lakh jobs in Railways. But NDA has given 5,02,000 jobs -- an increase of 20 per cent -- in Railways. About new track erection, in the last ten years, 31,180 kilometres have been added. It is equivalent to the Australian railways network. About station developments, the world's biggest station redevelopment programme has been started by Narendra Modi*ji* and 1,337 stations are being developed across India as Amrit stations. With basic amenities and modernisation, every sixth station in India is being now redeveloped. When compared to our State, Telangana, hats off to our Railway Minister, Ashwini*ji*, for record allotment of the budget to Telangana. Prior to that, we used to get, on an average, Rs.886 crores annually during UPA and Congress regime. But, now, Andhra Pradesh has got Rs.9,147 crores and Telangana has got Rs.5,337 crores. You can imagine how much jump it has given to it in spite of BJP not having the Government there in Telangana. Since 2014, 753 kilometres of new tracks have been laid in Telangana close to rail network of United Arab Emirates. Coming to electrification, 100 per cent electrification took place in Telangana and 1,096 kilometres have been laid. Now, 22 ongoing projects are there in Telangana worth Rs.40,000 crores and 40 Amrit stations, with Rs.2,000 crore budget, are being developed. A total of 22 projects are now under consideration. Five Vande Bharat trains have been given to Telangana. Andhra Pradesh and Telangana put together, we have 13 Vande Bharat express trains. Thanks to our Railway Minister, recently for Andhra Pradesh, as per the Andhra Pradesh Re-organization Act, he has given a special South Coast Railway Zone. Since Independence, 75 साल की आजादी के बाद,

हमारे सिकंदराबाद में - जो ब्रिटिश के समय में बना रेलवे स्टेशन है, उसके न्यू कंस्ट्रक्शन वगैरह के लिए लगभग 715 करोड़ और हैदराबाद रेलवे स्टेशन के लिए 327 करोड़ का प्रावधान किया गया है, which is almost Rs.1,042 crores. With this, 40 railway stations worth Rs.2,000 crores are now being laid in Telangana alone. For information, कांग्रेस ने, हमारे विपक्ष ने बहुत सारी बातें कही थीं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि इंदिरा गांधी जी बैकवर्ड डिस्ट्रिक्ट मेडक से एमपी थीं। हमारे मेडक के लोगों द्वारा इंदिरा गांधी जी को सांसद चुनकर पार्लियामेंट में भेजने और प्रधान मंत्री बनाने के बावजूद भी वहां रेलवे स्टेशन नहीं बनाया गया। मोदी जी के आने के बाद पहली बार मेडक, सिद्दीपेट और कोमुरवली रेलवे स्टेशन बने। यह काम आजादी के 75 के बाद हुआ। हम बैकवर्ड डिस्ट्रिक्ट के साथ कोई भेदभाव नहीं करते हैं। तेलंगाना की आबादी के लिए हम किस तरह ...**(व्यवधान)**...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी) :** यह सबको पता है कि वे अब इस दुनिया में नहीं हैं। ...**(व्यवधान)**... आप बैठ जाइए।

**डा. के. लक्ष्मण :** इतना ही नहीं आज पहली बार हमारे तेलंगाना के अंदर रेलवे में बहुत तरक्की की जा रही है। यह बताने के लिए मैं गौरवान्वित हूं कि रेलवे के अलावा वहां अन्य प्रोजेक्ट्स भी हैं। मैं आपके सामने इतना ही रखना चाहता हूं कि UPA used to lay tracks of delay, NDA has built up paths of prosperity. Congress promised on paper, Modi*ji* progressed on tracks. Congress derailed development, Modi*ji* ensured arrival on schedule. Congress journeys are measured in speeches and Modi*ji's* guarantees in kilometres. This is a sea change we see in railways. First time, in the history of Telangana, not only we are getting tracks, but we are getting hundred per cent electrified railway lines and, now, new stations will also be coming up. Thanks to our Modi*ji*'s Government and thanks to our hon. Railway Minister. Thank you very much, Sir.

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : धन्यवाद। लक्ष्मण साहब, आप तो अंग्रेजी में कविता भी करते हैं। Now, Dr. Fauzia Khan, three minutes.

**डा. फौजिया खान** (महाराष्ट्र) **:** सर, आपने मुझे तीन मिनट्स दिए हैं, परंतु आप ही बताइए कि क्या यह मराठवाड़ा के अनगिनत प्रश्नों के लिए पर्याप्त समय हो सकता है!

†**ڈاکٹر فوزیہ خان (مہاراشٹر):** سر، آپ نے مجھے تین منٹ دیے ہیں، لیکن آپ ہی بتائیے کہ کیا یہ مراٹھواڑہ کے ان گِنت سوالوں کے لیے پارياپت وقت ہوسکتا ہے۔

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : आपके लिए तो पर्याप्त है।

† Transliteration in Urdu script.

**डा. फौजिया खान** : सर, लाखों लोगों की आवाज यहां तक पहुंचाना एक सांसद का दायित्व होता है। उन लाखों लोगों के दुख, दर्द, आंसू, पीड़ा, उनकी समस्या यहां सरकार के समक्ष रखना, ताकि सरकार उस ओर ध्यान दे, दो शब्द दिलासे के ही बोल दे। Empathy is what it needed. सर, इस सदन में अगर चर्चा केवल यह हो कि हमारा काम कितना बढ़िया है और आपका काम कितना बुरा था, तो क्या इससे लोगों को न्याय मिल जाएगा? क्या इसीलिए लोगों की आवाज बन कर हम यहां पर आए हैं? फिर अगर ऐसा है, तो यह डिबेट पार्लियामेंट में होती ही क्यों है?

सर, रेलवेज़ गरीबों के प्रवास का साधन है। यह किसानों के, मजदूरों के प्रवास का साधन है। सर, मैंने रेलवे बिल पर मंत्री महोदय का reply सुना। हम विकसित भारत की बात तो जरूर करते हैं, परंतु सिक्के के दूसरी तरफ वंचित भारत भी है, यह भूलना उचित नहीं है। विकसित भारत बुलेट ट्रेन्स की बात करता है, वंचित भारत बात करता है गंदे स्टेशंस की, गंदी ट्रेन्स की, भेड़-बकरियों की तरह भर के प्रवास करने वाले लोगों की। सर, यह भारत जो है, यह गरीबों का भारत है, किसानों का भारत है। परभणी, नांदेड़, बीड, लातूर, उस्मानाबाद के जो हम सांसद हैं, हम फर्स्ट एसी में प्रवास करते हैं। आप उन सांसदों से पूछिए कि टॉयलेट्स का हाल क्या है! दुर्गंध, टॉयलेट्स में पड़ा हुआ पानी, वह पानी है या और कुछ है, पता नहीं! फटे पर्दे, चूहे, कॉकरोचेज़ और क्या-क्या! सर, ऐसे फर्स्ट क्लास में हम प्रवास करते हैं, तो जनरल क्लास की तो हम कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। यह actually व्यवस्था, प्रशासन ...

†**ڈاکٹر فوزیہ خان** : سر، لاکھوں لوگوں کی آواز یہاں تک پہنچانا ایک سانسد کا دائیتو ہوتا ہے۔ ان لاکھوں لوگوں کے دکھ، درد، آنسو، پیڑا، ان کی پریشانیاں یہاں سرکار کے سمکش رکھنا، تاکہ سرکار اس طرف دھیان دے، دو شبد دلاسے کے ہی بول دے۔ Empathy is what it needed. سر، اس سدن میں اگر چرچہ صرف یہ ہو کہ ہمارا کام کتنا بڑھیا ہے اور آپ کا کام کتنا برا تھا، تو کیا اس سے لوگوں کونیائے مل جائے گا؟ کیا اسی لیے ہم لوگوں کی آواز بن کر یہاں پر آئے ہیں؟ پھر اگر ایسا ہے، تو یہ ڈبیٹ پارلیمنٹ میں ہوتی ہی کیوں ہے؟ ریلویز غریبوں کے پرواس کا سادھن ہے۔ یہ کسانوں کے، مزدوروں کے پرواس کا سادھن ہے۔ سر، میں نے ریلوے بل پر منتری مہودے کا جواب سنا۔ ہم وِکسِت بھارت کی تو بات ضرور کرتے ہیں، لیکن سکے کے دوسری طرف ونچِت بھارت بھی ہے، یہ بھولنا اُچت نہیں ہے۔ وکست بھارت بلیٹ ٹرینس کی بات کرتا ہے، ونچِت بھارت بات کرتا ہے گندے اسٹیشنس کی، گندی ٹرینس کی، بھیڑ بکریوں کی طرح بھر کے پرواس کرنے والے لوگوں کی۔ سر، یہ بھارت جو ہے، یہ غریبوں کا بھارت ہے، کسانوں کا بھارت ہے۔ پربھنی، نانڈیڑ، بیڑ، لاتور، عثمان آباد کے جو ہم سانسد ہیں، ہم فرسٹ اے سی میں پرواس کرتے ہیں۔ آپ ان سانسدوں سے پوچھئیے کہ ٹائلیٹ کا کیا حال ہے۔ درگدھ، ٹائلیٹ میں پڑا ہوا پانی، یہ پانی ہے یا اور کچھ ہے، پتہ نہیں! پھٹے پردے، چوہے، کاکروچ اور کیا کیا! سر، ایسے فرسٹ کلاس میں ہم پرواس کرتے ہیں، تو جنرل کلاس کی تو ہم کلپنا بھی نہیں کرسکتے ہیں۔ یہ actually ویوستھا، پرشاسن---

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : अगर आप एक बार मुझे ऐसे फर्स्ट क्लास के बारे में बता दें, तो मैं भी उसमें यात्रा करूँ, मगर मुझे यह कहीं भी नहीं मिलता है। आप बोलिए।

**डा. फौजिया खान** : सर, आप जरूर आइए, मैं आपका वेलकम करना चाहती हूं, लेकिन मुझे आपको आधा मिनट ज्यादा देना पड़ेगा।

†**ڈاکٹر فوزیہ خان** : سر، آپ ضرور آئیے، میں آپ کو ویلکم کرنا چاہتی ہوں، لیکن مجھے آپ کو آدھا منٹ زیادہ دینا پڑیگا۔

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : आप एक मिनट ज्यादा लीजिए।

**डा. फौजिया खान** : सर, व्यवस्थापन, प्रशासन, कर्मचारियों के प्रशिक्षण से जुड़े मुद्दे हैं, आर्थिक प्रावधान से जुड़े मुद्दे हैं। Customers' amenities के प्रावधान में 8.7 परसेंट cut हुआ है, जिसमें toilets और sanitation आता है और खर्च भी 2022-23 में only 56 परसेंट, 2023-24 में 86 परसेंट, 2024 में दिसंबर तक 64 परसेंट, Materials for Repairs and Maintenance में भी इस साल कटौती! क्यों? Several CAG reports भी इसको highlight कर ती हैं। सर, वंचित भारत में अगर हम इसका चित्र बदलना चाहते हैं, तो empathy is what we need. Empathy is the campass we need to navigate the turbulent waters of our time. आप किसानों के लिए cold-supply chains के कोचेज़ लगाइए, विद्यार्थियों के लिए विद्यार्थी रथ लगाइए। करोड़ों विद्यार्थी गांवों से शहरों तक एग्ज़ाम देने आते हैं। उनको रिजर्वेशन नहीं मिलता है, क्योंकि hall ticket देर से मिलती है। उनको कोचेज़ से उतार दिया जाता है। NEET exams, दूसरे recruitment exams होते हैं। अगर उनके reserved coaches हैं, तो उनमें उन्हीं को बिठाना चाहिए। यह नहीं कि waiting list चल रही है, जो है, वैसे ही चलेगा, जो होता है।

†**ڈاکٹر فوزیہ خان** : سر، ویوستھاپن پرشاسن کرمچاریوں کے پرشکشن سے جڑے مدعے ہیں آرتھک پراؤدھان سے جڑے مدعے ہیں سر کسٹمر ایمینٹیز کے پراؤدھان میں 8.7 پر کٹ ہوا ہے جس میں ٹائلیٹس اور سینیٹیشن آتا ہے اور خرچ بھی سر 2022-23 میں صرف 56 فیصد، 2023-24 میں 86 فیصد، 2024 میں دسمبر تک 64 فیصد مٹیریل فار ریپئیرس اینڈ مینٹنینس میں بھی کٹوتی! کیوں؟ سر، several CAG reports بھی اس کو ہائی لائٹ کرتی ہیں۔ سر، ونچت بھارت میں اگر ہم اس کا چتر بدلنا چاہتے ہیں، تو empathy is what we need. آپ Empathy is the campus we need to navigate the turbulent waters of our time. کسانوں کے لیے کولڈ سپلائی چین کے کوچیز لگائیے، وِدیارتھیوں کے لیے وِدیارتھی رتھ لگائیے۔ کروڑوں گاؤوں سے شہروں تک ایگزام دینے آتے ہیں۔ ان کو ریزرویشن نہیں ملتا تے۶۵۵۵ہے، کیوں کہ ہال ٹکٹ دیر سے ملتا ہے۔ ان کو کوچیز سے اتار دیا جاتا ہے۔ NEET exams دوسرے recruitment exams ہوتے ہیں۔ اگر ان کے ریزرو کوچیز ہیں، تو ان میں انہیں کو بٹھانا چاہیئے۔ یہ نہیں کہ ویٹنگ لسٹ چل رہی ہے، جو ہے ، ویسے ہی چلیگا، جو ہوتا ہے۔

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : आप समाप्त करें।

**डा. फौजिया खान** : सर, मैं एक-दो मिनट में समाप्त करती हूँ।

† **ڈاکٹر فوزیہ خان** : سر، میں ایک دو منٹ میں ختم کرتی ہوں۔

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : दो मिनट नहीं, आप एक मिनट में समाप्त करें।

† Transliteration in Urdu script.

**डा. फौजिया खान** : सर, मैं एक सेकंड में इतना बोल कर समाप्त करती हूं कि महाराष्ट्र में आपने लाडकी बहन योजना लाई, बहनें खुश हो गईं। अब आप जरा लाडके भाइयों के लिए टिकट सस्ती करके भाइयों को भी खुश कर दीजिए, मैं मंत्री महोदय से इतनी विनती करती हूं। धन्यवाद।

† **ڈاکٹر فوزیہ خان** : سر، میں ایک سیکنڈ میں اتنا بول کر ختم کرتی ہوں کہ مہاراشٹر میں آپ نے لاڈلی بہن یوجنا لائے، بہنیں خوش ہوگئیں۔ اب آپ ذرا لاڈلے بھائیوں کے لیے ٹکٹ سستی کرکے بھائیوں کو بھی خوش کردیجیئے، میں منتری مہودے سے اتنی گزارش کرتی ہوں۔ شکریہ

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : बहुत धन्यवाद आपको। श्री रामजी।

**श्री रामजी** (उत्तर प्रदेश): मान्यवर, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे रेल मंत्रालय के कार्यकरण पर चर्चा में बोलने का अवसर दिया है। साथ ही मैं अपनी पार्टी की मुखिया आदरणीया बहन कुमारी मायावती जी का भी धन्यवाद और आभार व्यक्त करता हूं।

मान्यवर, देश के लिए रेल एक लाइफ लाइन की तरह काम करती है। लगभग दो से ढाई करोड़ लोग रोजाना ट्रेनों में सफर करते हैं, तो हमारी जिम्मेदारी बनती है कि रेलवे में बेहतर सुविधाएं आम जनमानस को दी जाएँ और रेलवे को प्रॉफिट मेकिंग सेक्टर बनाकर हम देश में रेवेन्यू भी कलेक्ट करें। देश की तरक्की में ट्रांसपोर्टेशन का एक अहम रोल होता है और रेलवे को तेज और बेहतर बनाना भी जरूरी है।

महोदय, कुछ points को लेकर मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि वे इस पर संज्ञान लें। अभी फौजिया खान ने जी ट्रेनों में स्वच्छता का इश्यू उठाया। वाकई ट्रेनों में स्वच्छता का भी इश्यू है। अगर वंदे भारत ट्रेन की बात छोड़ दें, तो बाकी राजधानी ट्रेनों में भी स्वच्छता का इश्यू देखने को मिलता है। स्वच्छता का मामला बड़ा गंभीर है। साथ ही, सेफ्टी और सिक्योरिटी का भी इश्यू है। कई बार ट्रेनों का एक्सीडेंट हो जाना, derail हो जाना आदि घटनाएँ सामने आती हैं। अभी हाई टेक्नोलॉजी होने के बाद भी हम उसे कम नहीं कर पा रहे हैं। सेफ्टी के मामले में आपने देखा, पूरे देश ने भी देखा कि किस तरह ट्रेनों में शीशे तोड़ करके, जबरन घुस करके, लोगों के साथ मारपीट करना - इस तरह की वारदातें देखने को मिली हैं।

मान्यवर, इसके साथ ही एक विषय समय को लेकर भी है। अभी भी ट्रेनें लेट चलती हैं। कई-कई ट्रेनें तो चार घंटे, पाँच घंटे लेट चल रही हैं। जब कोहरा होता है या फॉग होता है, तब तो मान सकते हैं कि फॉग आ गया, लेकिन अब तो फॉग नहीं है, जबकि अभी भी ट्रेनें लेट चल रही हैं। दिल्ली से लखनऊ 450 से 500 किलोमीटर की दूरी है, लेकिन सुपरफास्ट ट्रेन वहाँ 9 घंटे में पहुंचती है, तो यह कौन सी सुपरफास्ट ट्रेन है, हमें नहीं पता, लेकिन इस पर काम करने की जरूरत है।

वंदे भारत ट्रेन रेल मंत्री जी का एक सराहनीय कदम है। जो चीजें सराहनीय हैं, उनके लिए सराहना की जाएगी। यह एक सराहनीय कदम है, लेकिन वंदे भारत अभी हाई क्लास की ट्रेन बन कर रह गई है और गरीब उसमें नहीं बैठ सकता। इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से यह भी रिक्वेस्ट करूंगा कि वे गरीबों के लिए भी एक कम बजट की वंदे भारत चलाने का काम करें।

Contents Page

मान्यवर, अभी जनमानस को तकलीफों के साथ, धक्कामुक्की के साथ जर्नी करनी पड़ती है। अभी दिवाली आई, कुंभ भी आया, होली भी आई। उस समय किस तरह की धक्कामुक्की ट्रेनों में देखने को मिली, स्टेशन पर भगदड़ मची, जिसमें कई लोग हताहत हुए, लोगों की मौत हो गई। इस तरह की चीजें हैं, तो अभी रेल मंत्रालय को इस विषय को लेकर, सिक्योरिटी और सेफ्टी को लेकर और ज्यादा काम करने की जरूरत है। मैं इसके साथ ही माननीय मंत्री जी से यह भी कहना चाहूंगा कि रेलवे के अंदर, ट्रेनों के अंदर अभी extra general bogie लगाने की भी खास तौर से जरूरत है।

मान्यवर, मैं लास्ट में माननीय मंत्री जी से एक रिक्वेस्ट करूंगा। मैं लखीमपुर खीरी का रहने वाला हूं। वहाँ लगभग 40 लाख की आबादी है। वहाँ 100 किमी का एक बॉर्डर एरिया है,जो नेपाल से लगता हुआ है। लखीमपुर का आज तक यह दुर्भाग्य रहा कि वहाँ से कोई भी ट्रेन दिल्ली, मुंबई या कहीं और के लिए नहीं होती है। मैंने कई बार रिक्वेस्ट भी किया है, लेकिन अभी तक मेरी यह रिक्वेस्ट नहीं मानी गई है। लखीमपुर के लोगों को अगर दिल्ली के लिए ट्रेन पकड़नी होती है, तो इसके लिए वे 150 से 250 किलोमीटर दूर लखनऊ आते हैं या शाहजहाँपुर जाते हैं और वहां से ट्रेन पकड़ते हैं। वे वहां से दिल्ली की ट्रेन पकड़ते हैं, मुंबई की ट्रेन पकड़ते हैं या अन्य गंतव्यों के लिए ट्रेन पकड़ते हैं। इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि एक बार लखीमपुर की तरफ भी ध्यान दें, क्योंकि लखीमपुर में एक दुधवा नेशनल पार्क भी है, टाइगर रिजर्व पार्क भी है। यह बहुत अच्छा है। यहां विविध प्रकार के जीव-जंतु हैं, टाइगर, leopard है, तमाम तरह के हिरण हैं। वहां आपको तमाम तरह की चीजें देखने को मिलती हैं, लेकिन उसकी कनेक्टिविटी नहीं है। दिल्ली या मुंबई से उसकी कोई कनेक्टिविटी नहीं होने की वजह से वहां पर टूरिस्ट्स का आना पूरी तरह से रुका हुआ है। अगर उसकी कनेक्टिविटी हो जाती, तो बड़े स्तर पर दिल्ली, मुंबई और पूरे देश के तमाम लोग उस प्यारी सी चीज को देखने के लिए, दुधवा पार्क को देखने के लिए वहाँ जाएंगे। उससे वहां पर तमाम तरह के रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। लास्ट में, मैं माननीय मंत्री जी से यही कहना चाहता हूं, धन्यवाद। जय भीम, जय भारत।

SHRI K. VANLALVENA (Mizoram): Mr. Vice-Chairman, Sir, today, I want to let the hon. Members of this august House know the brief history of newly-constructed railway line within the State of Mizoram, that is, the 51.38 km. long Bairabi to Sairang rail project. Brief history of the project: Preliminary Engineering cum-Traffic (PET) extension of rail network beyond Bairabi railway station to the capital of the State was sanctioned by Railway Board on 22nd September, 1999. As PET survey was not found feasible due to thick forest, poor visibility and other local issues, Railway Board was requested to change it to Reconnaissance Engineering-cum-Traffic survey, which was agreed to by the Board and communicated on 15th July, 2003. RET survey was completed by Northeast Frontier Railway in March, 2006. Bairabi-Sairang NL project was sanctioned in 2008-09. RITES was entrusted to carry out the pre-construction survey and geo-technical investigation in 2008. The RITES submitted its final report in August, 2011. The detailed estimate was sanctioned on 1st September, 2011.

Mizoram State is connected to Indian Railway network up to Bairabi station, which is gateway to Mizoram, at Assam-Mizoram border. To connect Aizawl city, the capital city of Mizoram, the Government of India has sanctioned new line from Bairabi to Sairang (51.38 Km.), which has been declared as national project and is being closely monitored by Prime Minister's Office. This Project includes 32 underground tunnels — 99 per cent work has been completed; 15 cut and cover tunnels — 99 per cent work has been completed; 55 major bridges; 89 minor bridges — all completed; five Road Over Bridges — all completed; and four Road Under Bridges — all completed. Against total project cost of Rs. 8,215 crores, Rs.7,714 crores has already been spent. There are four stations, namely, Hortoki, Kawnpui, Mualkhang and Sairang. Overall physical progress of the work is 95 per cent. There are six tall bridges whose pier heights are more than 70m, maximum being 114 m high. Project being in seismic zone V, all structures have been designed accordingly by reputed consultants and proof checked by reputed institutions like IIT, Kanpur and IIT, Guwahati.

The challenges in construction are immense due to poor geology, high hills, deep gorges and prolonged rainfall leaving less working period. Due to alternate band of very weak strata of sand stone, silt and shale, slope stabilization is an added challenge to the Project. Construction material like coarse and fine aggregates and other quarry products are not available locally which are transported from other States and as far from Pakur in Jharkhand State. The prestigious project is likely to be completed by July, 2025.

Mr. Vice-Chairman, Sir, this whole Bairabi to Aizawl railway construction is likely to be completed by the month of July this year, according to the Deputy Chief Engineer of Mizoram. Last week, I had a meeting with him. He promised that the whole construction of this road will be finished by the month of July this year.

Now, let me conclude my speech. I express my heartfelt thanks on behalf of the people of Mizoram to the Ministry of Railways, Government of India. Sir, I am inviting hon. Members of this august House to come to Aizawl to attend the function of opening ceremony of this new railway this year. Thank you, Sir.

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : धन्यवाद। डा. सरफराज़ अहमद।

**डा. सरफराज़ अहमद** (झारखंड) : उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे 'रेल मंत्रालय के कार्यकरण पर चर्चा' पर बोलने के लिए कुछ समय दिया है, इसके लिए मैं आपको बहुत धन्यवाद देता हूँ।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : आपका चार मिनट है।

**डा. सरफराज़ अहमद** : सर, यह कहा जाता है कि रेल गरीबों की सवारी है और अश्विनी जी अच्छे व्यक्ति हैं, इसमें कोई doubt नहीं है। हमें यह बात स्मरण होना चाहिए कि आज वे जिस पद पर हैं और जो काम कर रहे हैं, बड़े-बड़े महापुरुष लोग इस मंत्रालय को देख चुके हैं। निश्चित रूप से कुछ सीख, जो उन लोगों ने दिया, हमारा फोकस किसान की ओर, गरीबों की ओर होना चाहिए। यह अच्छी बात है कि इन्होंने कुछ प्रीमियम ट्रेनें चलाई हैं, लेकिन साथ-साथ, जो हमारी पुरानी ट्रेनें, उनको जिन लोगों ने भी चलाई हैं, उस समय जिसकी भी गवर्नमेंट रही हो, उनको भी कैरी ऑन करना चाहिए। उनकी देखरेख होनी चाहिए। उनमें क्या दिक्कतें हैं, क्या कमियाँ हैं - उनको भी देखना चाहिए। हम अच्छी ट्रेन, प्रीमियम ट्रेन चला रहे हैं, फास्ट ट्रेन चला रहे हैं, लेकिन हमारी पुरानी ट्रेंनों की शुरुआत जिस वजह से हुई थी, उसको हमें भूलना नहीं चाहिए। सर, मैं आपके माध्यम से इनको दूसरी बात यह कहना चाहूँगा कि आप पीछे मुड़ कर मत देखिए कि किसने क्या किया, किसने क्या नहीं किया, किसकी क्या खामियाँ थीं, क्या कमियाँ थीं - उनमें समय नष्ट करने का कोई मतलब नहीं है। देश की जनता यह नहीं देखती कि किसने काम किया या नहीं किया। आज आप अच्छा करेंगे, तो देश की जनता उसको देखेगी कि आप क्या काम कर रहे हैं।

सर, आज रेलवे के बहुत सारे काम आउटसोर्सिंग पर हैं। आपको कभी-कभी उसका मूल्यांकन भी करना चाहिए कि आउटसोर्सिंग से लाभ है या नहीं है, उसका लाभ मिल रहा है या नहीं मिल रहा है। सर, मैं रेलवे में बराबर सफर करता हूँ। मुझे अधिकांश ऐसी जगहों पर जाना पड़ता है, जहां हवाई जहाज की फैसिलिटी नहीं होती है और मैं वहां ट्रेन से ही सफर करता हूँ। सर, आज उसमें deterioration नजर आती है। फौजिया जी ने ठीक ही कहा और मैं चाहूंगा कि उनकी बातों की तरफ ध्यान देना चाहिए। जब हम इतने पैसे खर्च कर रहे हैं, तो deterioration नहीं होनी चाहिए। यह ठीक है कि आप रेल को फास्ट कर रहे हैं, आप फास्ट ट्रैक बना रहे हैं और अच्छी ट्रेनें चला रहे हैं, लेकिन इसके साथ-साथ उसमें deterioration भी हो रही है। राजधानी ट्रेनों में फूड आउटसोर्सिंग हो गया है। आखिर, पैसेंजर किसको कंप्लेंट करेगा? अगर वह कंप्लेंट भी करता है, तो क्या उसके ऊपर कोई कार्रवाई भी होती है? बिल्कुल नहीं होती है। सर, रेल मंत्रालय की एक स्टैंडिंग कमेटी है। उस स्टैंडिंग कमेटी में सारी पार्टीज़ के मेंबर साहेबान हैं। उसकी बैठकें होती हैं और उसमें रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहते हैं, लेकिन उसमें जो भी बातें उठाई जाती हैं, उनका जवाब किसी को भी नहीं मिलता है। जब हम लोग एक मीटिंग में कोई सवाल उठाते हैं, तो यह एक्सपेक्ट करते हैं कि अगली बैठक में उसका जवाब आएगा। अगर हमारा सजेशन गलत है और कोई माननीय सांसद कोई गलत सजेस्ट कर रहा है, तो आप उसका जवाब दीजिए। आप नेक्स्ट मीटिंग में बताइए कि आपने यह कहा था, यह नहीं हो सकता, लेकिन यह पता ही नहीं चलता है कि हम लोगों ने जो सवाल उठाए, उनका क्या हुआ। सर, मैं लोक सभा का भी सदस्य रह चुका हूँ। पहले, स्टैंडिंग कमेटी नहीं होती थी, बल्कि कंसल्टेटिव कमेटी होती थी।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : माननीय सदस्य, अब आप समाप्त करें।

**डा. सरफराज़ अहमद** : उस कंसल्टेटिव कमिटी में अगर सांसद अपनी कोई बात रख देता था, तो दूसरे दिन से ही उसके पास अधिकारियों के फोन आने शुरू होते थे कि आपने क्या कहा था?

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी) :** माननीय सदस्य, आप कमेटियों की ज्यादा चर्चा सदन में न करें।

**डा. सरफराज़ अहमद** : क्या होना चाहिए, क्या नहीं होना चाहिए, दूसरे दिन से ही फोन आने शुरू हो जाते थे। आज सुन लें, कोई मतलब नहीं है कि सदस्य ने क्या बात उठाई है, क्या होना चाहिए। चाहे लोक सभा के सदस्य हों या राज्य सभा के सदस्य हों, उस कमेटी में दोनों होते हैं और अपनी बातें रखते हैं, लेकिन उसका क्या महत्व है? सर, यह deterioration है। ...(**समय की घंटी**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी) :** अब आप समाप्त करें।

**डा. सरफराज़ अहमद** : सर, मैं एक मिनट और लूंगा। सर, आज ऐसे बहुत सारे स्टेशंस और हॉल्ट्स हैं, जहां दूसरी सुविधाएं तो छोड़ दीजिए, वहां पर चापाकल की सुविधा भी नहीं है। हमारे यहां एक महेशमुंडा जंक्शन है, जो मधुपुर-गिरिडीह लाइन पर है, वहां कोई फुट ओवरब्रिज नहीं है। वहां पर छोटे-छोटे बच्चे यह देखते हुए ट्रेन की बॉगी के बीच में से निकलकर दूसरी तरफ स्थित अपने स्कूल जाते हैं कि कहीं ट्रेन खुल न जाए। वहां कभी भी कुछ हो सकता है। सर, ऐसे सैंकड़ों उदाहरण हैं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी) :** अब आप समाप्त करें।

**डा. सरफराज़ अहमद** : अंडरपासेज़ में पानी क्यों जमते हैं, इसकी जांच होनी चाहिए। वहां वॉटर लॉगिंग क्यों होती है, इसकी जांच होनी चाहिए। मैंने बार-बार रिक्वेस्ट की है। आपने अच्छी ट्रेनें चलाई हैं, लेकिन एक ही पटरी पर सारी अच्छी ट्रेनें चल रही हैं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी) :** अब आप समाप्त करें। डॉक्टर साहब, आपका भाषण अब समाप्त हुआ।

**डा. सरफराज़ अहमद**: जो वंदे भारत हावड़ा से गया जा रही है, उस लाइन पर सारी ...(**व्यवधान**).... मैं इन्हीं चंद शब्दों के साथ, अपनी बात समाप्त करता हूँ और आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ। मैं उम्मीद करता हूँ कि आप इन बातों पर गौर करेंगे।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी) :** आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। श्री मिशन रंजन दास।

**श्री मिशन रंजन दास** (असम)**:** उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे 2025-26 के रेल अनुदान के पक्ष में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद। सर, रेल बजट, 2025-26 में केंद्र

Contents Page

सरकार द्वारा 2.55 लाख करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है, जो रेल इंफ्रास्ट्रक्चर और यात्री सेवाओं को बेहतर बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जन सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इस बजट में 1.16 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिससे सभी सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ किया जाएगा। यह एक सराहनीय पहल है। इस बजट में अगले दो से तीन वर्षों में 200 नई वंदे भारत ट्रेनों के संचालन की योजना है, जिससे यात्रियों का समय बचेगा और उन्हें एक आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। इसके अलावा, 'अमृत भारत ट्रेन' और 'नमो भारत ट्रेन' की संख्या बढ़ाने पर भी बल दिया गया है।

वर्ष 2014 से प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार बनने के बाद उत्तर पूर्व के रेल क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है। पिछले दस वर्षों में उत्तर पूर्वी राज्यों में मीटर गेज से ब्रॉड गेज में परिवर्तन सहित कुल 1,824 किलोमीटर रेलवे लाइन का विस्तार हुआ है।

इस वर्ष के रेल बजट में उत्तर पूर्व के लिए 10,440 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जबकि 2014 से पहले यह बजट मात्र 2-2.5 हज़ार करोड़ रुपये हुआ करता था। इस बजट में ऐतिहासिक वृद्धि उत्तर पूर्व में विकास की गति को और तेज करने की सरकार की मंशा को स्पष्ट रूप से दर्शाती है।

माननीय रेल मंत्री जी 25 फरवरी को गुवाहाटी में 'एडवांटेज असम' के कार्यक्रम में थे और इस बजट से असम तथा उत्तर पूर्व राज्यों को क्या-क्या मिलेगा, आपने उसका उल्लेख किया है। जहाँ आपने न्यू जलपाईगुड़ी से गुवाहाटी तक एक नई वंदे भारत ट्रेन शुरू करने की बात की है। अगले 10 महीनों में असम में दो नई अमृत भारत ट्रेन चलाने की भी योजना है।

इसके अलावा इस साल उत्तर पूर्व राज्यों में कुल 90 अमृत स्टेशंस होंगे। असम में 6 नए गति शक्ति कार्गो टर्मिनल स्थापित किए जाएंगे। उत्तर पूर्व का पूरा रेलवे नेटवर्क विद्युतीकृत किया जाएगा। असम-भूटान के बीच एक नई रेल लाइन विकसित की जाएगी। तथाकथित चिकन नेक क्षेत्र में अब चार रेलवे लाइन होंगी, जिससे उत्तर पूर्व को रेल नेटवर्क से और बेहतर तरीके से जोड़ा जाएगा। असम में एक नया मैन्युफैक्चरिंग यूनिट भी स्थापित किया जाएगा। सिलचर-गुवाहाटी और गुवाहाटी-अगरतला के बीच दो नई इंटरसिटी ट्रेनों की घोषणा की गई है। हमारी सरकार के द्वारा उत्तर पूर्व राज्यों को ज्यादा महत्व देने के कारण ही मिजोरम की राजधानी आइजॉल को रेल सेवा से जोड़ने की योजना अगले जुलाई महीने तक पूरी होने की संभावना है।

इसके साथ ही, मेरे जिले श्रीभूमि के लोवाईपोवा से मिजोरम के कान्मून तक एक नई रेलवे लाइन बिछाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूँ।

हमारे प्रधान मंत्री जी के विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में यह रेल बजट एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल रेलवे नेटवर्क का विस्तार होगा, बल्कि देशभर में यात्री सुविधाओं और माल परिवहन में भी अभूतपूर्व सुधार आएगा। मैं इस उत्कृष्ट रेल बजट के लिए माननीय प्रधान मंत्री जी और रेल मंत्री जी का हृदय से धन्यवाद करता हूँ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): Now, Shri Ravi Chandra Vaddiraju; five minutes. You would be speaking in Telugu.

Contents Page

SHRI RAVI CHANDRA VADDIRAJU (TELANGANA): [&]Mr. Vice-Chairman Sir, I appreciate the allocation of Rs. 2,62,000 crores to the Railways in the Union Budget 2025-26. This is more than the allocation made in the previous Budget, and it reflects the Government's commitment to modernizing and expanding this vital sector. The approval of railway projects worth Rs. 32,500 crores, spread across nine States, including Telangana, in August 2023, is also a welcome development. This Budget will add 2,339 km of new railway network, which will give a significant boost to infrastructure development. However, if we look at the full details of the Budget, Telangana's share in the projects is nominal.

Sir, I would like to highlight to this House the connection between the State of Telangana and Lord Rama, as articulated in a verse from the Nama Ramayana, written by Sri Lakshmanacharya:

*'Raghupati Raghav Rajaram, Pathita Pavana Sita Ram*
*Sundara Vigraha Meghasyam, Ganga Tulasi Salagram*
*Bhadragiriswara Sitaram, Bhakta Janapriya Sitaram*
*Janaki Ramana Sitaram, Jaya Jaya Raghav Rajaram'*

Bhadradri, located on the banks of the River Godavari, is now called Bhadrachalam. Bhadrachalam is also known as Southern Ayodhya. Recognizing such historical significance, the first Chief Minister of Telangana, hon. KCR, during the reorganisation of districts in Telangana, formed a district called Bhadradri Kothagudem and gave it a special significance and expressed his devotion to Sri Rama. However, I must express that the NDA Government, which often takes the name of Lord Rama, has not allocated any funds or new trains for Bhadrachalam or Telangana. Despite significantly contributing to Indian railway revenue, justice is not being served to the state of Telangana.

Sir, one of the important demands from Telangana is the establishment of Kazipet as a separate railway division. Kazipet Junction, located in the Secunderabad Division of the South Central Railway, is strategically located as the gateway to North India.It is equidistant from Ballari, Vijayawada and Manuguru, making it geographically and operationally advantageous. Kazipet contributes about 48 percent of the revenue of South Central Railway. Key demands, such as the establishment of Kazipet as a separate railway division and completion of pending infrastructure projects have not been addressed.

[&] English translation of the original speech delivered in Telugu.

Contents Page

Sir, I wish to address the delay in infrastructure development and challenges in the State of Telangana. Lack of Road Over Bridges (ROBs) and Road Under Bridges (RUBs) to reduce traffic problems and accidents, issues of land acquisition in the construction of ROB and RUB, delays in infrastructure projects, non-release of State Government's share in costs are leading to delays in completion of projects. ROB at LC 250 in Bollaram yard, RUB at BP-8 in Neredmet and LC 247 between Medchal and Malkajgiri are a few examples to this.

Sir, I wish to mention about rail services and connectivity in Telangana. Many train services that were cancelled during the COVID-19 pandemic are yet to be restored. People are facing severe difficulties due to the non-resumption of the trains. Despite receiving repeated requests for trains between Manuguru and Dornakal and Manuguru and Kolhapur, they were not revived. Many requests for stoppage of several trains at Mahabubabad, Dornakal, Kesamudram stations were rejected. Despite several requests for proposals for new trains, not a single new train has been announced. For example, there is a demand for extension of Karimnagar to Tirupati Express to Nizamabad and also for new trains from Mancherial to Tirupati and Bhadrachalam to Tirupati. A new railway line is under construction between Manoharabad and Kothapalli. People are requesting that a new railway station with two platforms to be built at Chinna Kodur, which is between the Siddipet and Gurralagondi in the Siddipet district. Sir, through you, I request the same to the hon. Railway Minister. In Khammam, a new third railway platform was built and the existing railway gate was removed. People from three towns, Kaman Bazar and Gandhi Chowk are facing difficulties. There is a need for construction of an under bridge in that area and people are demanding for it. They have come here and met the Hon. Minister and requested him the same.

Basic facilities like drinking water, toilets, waiting halls, sanitation etc. are lacking in many stations in Telangana. Even important stations do not have restrooms or infrastructure facilities for women, the disabled, and the elderly. Under the Amrit Bharat Station Scheme, priority should be given to improving passenger facilities at all stations in Telangana.

Sir, there is a need for reforms in the medical and health service in Telangana Railway Hospitals. Hospitals like Railway Central Hospital in Lallaguda and DRM Hospital in Vijayawada have been registered under Ayushman Bharat Yojana, but no patients have been treated under this scheme. This is a clear lapse in the implementation of the scheme which is intended to provide affordable healthcare to the people. Moreover, various railway hospitals in Telangana are in a state of disrepair due to lack of infrastructure and staff. Lack of supervision by the Medical Council of

the Railway Board has led to an increase in railway referral cases and expenses. Thank you, Sir.

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : कृपया समाप्त कीजिए। श्री उपेन्द्र कुशवाहा। आपके पास तीन मिनट का समय है।

**श्री उपेन्द्र कुशवाहा** (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय रेल मंत्री जी का धन्यवाद करता हूं। हमारे प्रधान मंत्री जी का संकल्प देश को विकसित राष्ट्र बनाना है, तो उस दिशा में रेल मंत्रालय बहुत ही बेहतर काम कर रहा है। सर, समय कम होने की वजह से बोलने में कठिनाई होती है, फिर भी जो पुराने प्रोजेक्ट्स हैं, मैं उनकी ओर माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं। बिहार एक महत्वपूर्ण स्टेट है और ईस्ट सेंट्रल रेलवे मुख्य रूप से बिहार के सभी हिस्सों को रेल के मामलों में कवर करता है। वहाँ पर एक पुराना प्रोजेक्ट है, जिसमें बिहटा - जो पटना के पास है, वहाँ से ओरंगाबाद नई रेल लाइन बनाने की पुरानी योजना है। यह एक स्वीकृत योजना है और कई वर्षों से इस पर लोगों का ध्यान रहा है। महोदय, जब-जब बजट आता है, तब-तब उस इलाके के लोग ध्यान लगाकर बैठते हैं कि इस बार बजट में कुछ ऐसा प्रोविज़न होगा कि हम लोग काम होते हुए देखेंगे, काम शुरू होते हुए देखेंगे और इसका समापन होते हुए भी देखेंगे, लेकिन वह स्थिति अभी तक नहीं आई है, इसलिए मेरा माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि इस प्रोजेक्ट पर उनकी विशेष कृपापूर्ण दृष्टि आए, ताकि यह योजना न सिर्फ पेपर में रहे, बल्कि नीचे, धरातल पर भी जाए।

महोदय, दूसरी एक और योजना है। डालमियानगर ईसीआर के अंतर्गत ही मुगलसराय से गया की तरफ जो रेल लाइन जाती है, उसी में डालमियानगर है। महोदय, 2006-07 में रेल मंत्रालय ने वहाँ पर जमीन परचेज़ की थी। उस जमीन पर रेल कोच मरम्मत कारखाना लगाने का निर्णय हुआ था। उसी वक्त से बाजाप्ता निर्णय है, लेकिन उस दिशा में अभी तक कोई कार्रवाई इस रूप में नहीं हुई कि वहाँ पर काम प्रारंभ हो सके। महोदय, मैं इस दिशा में भी माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करता हूं कि वहाँ पर भी जल्दी से जल्दी काम आगे बढ़े, वहाँ पर काम की शुरुआत हो, ताकि डालमियानगर में फैक्टरी लग सके।

महोदय, कोरोना के समय लोगों को कई सुविधाएं मिल रही थीं। उन्हें रेल के स्टॉपेज और बाकी और भी सुविधाएं मिल रही थीं, जिसकी चर्चा कई माननीय सदस्यों ने की है। मैं उसी संदर्भ में कहना चाहता हूं कि मैं जिस इलाके की चर्चा कर रहा हूं, उस इलाके से भी कई महत्वपूर्ण ट्रेन्स चलती हैं। वहाँ पर कोरोना के समय के पहले से ट्रेन्स चलती रही हैं। उस वक्त कई स्टेशन्स पर उसका स्टॉपेज भी था, लेकिन वह कोरोना के समय बंद हो गया और अभी तक बंद है, इसलिए इसे भी शुरू करने की जरूरत है। महोदय, उसमें डेहरी आन सोन, विक्रमगंज, संझौली, सासाराम, नवीनगर, अंकोढ़ा, बड़की सलैया इत्यादि महत्वपूर्ण स्टेशन्स हैं। महोदय, इनके अलावा और भी स्टेशन्स हैं। मेरा अनुरोध है कि उन स्टेशन्स पर फिर से — मतलब जो ट्रेन पहले से रुकती थी, उसको स्टार्ट किया जाए।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : कृपया अपना भाषण समाप्त करें।

**श्री उपेन्द्र कुशवाहा :** महोदय, मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि उसकी व्यवस्था फिर से की जाए। मैं इन्हीं शब्दों के साथ आपका फिर से धन्यवाद करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूँ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): Now, Shri Praful Patel - not present. Shri Ritabrata Banerjee. You have five minutes.

SHRI RITABRATA BANERJEE (West Bengal): Sir, the Minister tried to paint a rosy picture in the Parliament. He boasted that he had given thousands of crores of rupees to the States which are run by the non-BJP parties. Now, let me come to the percentage of the Railway expenditure State-wise. I will mention about three States, which are run by the non-BJP parties. In the pre-Modi era, if we look at the percentage of Railway expenditure ten years back for the State of Kerala, it was 1.43 per cent. Now, it has come down to 1.17 per cent. In Tamil Nadu, in pre-Modi regime, ten years ago, it was 3.38 per cent. It has come down now to 2.59 per cent. Now, I come to West Bengal. In the State of West Bengal ten years back, the percentage of Railway expenditure used to be 16.85, that means, almost 17 per cent. It has come down to 5.46 per cent. I repeat, from 16.85 per cent, it has come down to 5.46 per cent. The only reason is political vendetta. You cannot combat Mamata Banerjee. You cannot combat Abhishek Banerjee. So, you go on depriving the people of Bengal. The people of Bengal are being deprived.

Now, I will mention as to what the priority of Government is. We are not against the bullet train. But, I want to know from the hon. Minister as to why the Railways have prioritized the bullet train over a dedicated freight corridor. While the bullet train costs Rupees 200 crore per kilometre, the dedicated freight corridor costs only Rupees 25 crore per kilometre and serves the common man by transporting vegetables, rice and other essential commodities.

Now, I come to my next point. I want to know from the hon. Minister as to why the work in the third phase of the important Eastern Dedicated Freight Corridor, from Sonnagar in Bihar to Dhankuni in West Bengal, is yet to commence. Sir, it is yet to commence and it has been more than 12 years in spite of substantial land acquisition having been completed and the Government land also settled with the Railways. We are unable to understand as to why this is happening. ...(*Interruptions*)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी) :** माननीय सदस्य, शांत रहें।

SHRI RITABRATA BANERJEE: Sir, the Government has stopped many schemes. *Izzat* pass has been stopped; Garib Rath has been stopped. Sir, you know, Ms. Mamata Banerjee, as Minister of Railways, had come up with a scheme for accredited journalists whereby journalists were issued photo identification-cum-credit cards by the Railways to get reservation and also a 50 per cent concession during their train travel. This was a very important scheme. And later, even the spouses of the journalists were given this facility for twice a year. During the Covid period, these facilities were taken away. The concession to the senior citizens has also been taken away. I will urge upon the Government that this scheme, which had been started by Ms. Mamata Banerjee, and from which the journalists in our country were immensely benefited, must be started again. The journalists and their families must get this concession.

Sir, Railways, which is essentially a public transport, was meant to unite this country. Even during the British period, freedom fighters, revolutionaries have used the railways very effectively to unify the struggles of the common people against the British colonial yoke. But today, the Government has used it to create a gap between those who can afford speed and comfort and the others who cannot even find a seat. So, there is a big difference and this difference is amply clear. Railways is a public transport, and our leader, Ms. Mamata Banerjee, has been a very successful Railway Minister. When I speak the word 'public', it means, 'People United for a Better Living In the Country'. This has been our slogan. Interestingly, enough protection of the public transport like Railways needs to be ensured, and, Ms. Mamata Banerjee has shown how the interests of the common people or the common public can be safeguarded.

There are enough evidences of common people, this 'public', 'People United for a Better Living In the Country', protecting this public transport. Railway as a public transport must be protected. Let that be the priority of the Government. Thank you, Sir.

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी) :** धन्यवाद। श्री धैर्यशील मोहन पाटिल — पांच मिनट।

**श्री धैर्यशील मोहन पाटिल** (महाराष्ट्र): आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आदरणीय प्रधान मंत्री जी और रेल मंत्री जी के नेतृत्व में भारतीय रेल का काम बहुत ही जोर-शोर से प्रगतिपथ पर है। महोदय, मैं महाराष्ट्र राज्य के कोंकण क्षेत्र से आता हूं। वह कठिन भौगोलिकता वाला क्षेत्र है। कोंकण के पूर्व दिशा में ऊंचे-ऊंचे सह्याद्रि के पहाड़ हैं और पश्चिम दिशा में अरब समुद्र का तटीय क्षेत्र है। दोनों के बीच का जो संकरा भूतल है, जो भूपट्टी है, उसे कोंकण माना जाता है। भारतीय

Contents Page

रेल के कारण, कोंकण रेल के ऐतिहासिक काम के कारण कोंकण की भौगोलिक दुर्गमता पर एक विचार किया गया और कोंकण रेल की स्थापना हुई और इसके कारण कोंकण विकास की मुख्य धारा में आया है। उपसभाध्यक्ष महोदय, कोंकण रेल, भारतीय रेल अधिकाधिक सुविधा देने की कोशिश कर रही है।

(**श्री उपसभापति** महोदय *पीठासीन हुए।*)

वह कोंकण में यातायात की सहजता के लिए कटिबद्ध है, वह कोशिश कर रही है। मुम्बई-मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू हुई है, तेजस एक्सप्रेस जैसी कुछ ट्रेन्स शुरू हुई हैं। अधिक आरामदायक, अधिक तेज गति से और अधिक सुरक्षा से यात्रा का अनुभव हो रहा है। ट्रैक का दोहरीकरण हो रहा है, ताकि समयबद्धता में यहां पर सुधार हो। कोंकण रेलवे का पूरा विद्युतीकरण हो गया है, ताकि डीजल पर निर्भरता कम हो और कोंकण में पर्यावरण के हिसाब से कुछ हानि न पहुंचे। नई क्रॉसिंग बनाई गई है, traffic signaling के नए सिस्टम बनाए गए हैं। RoRo services बनाई गई हैं, ताकि मुम्बई-गोवा के लिए रास्ते पर जो ट्रक्स चलते थे, उनके लिए ट्रेन पर लाद कर RoRo service भी यहां पर की जा रही है।

उपसभापति महोदय, कई बदलाव आए हैं, कई सुधार हुए हैं, कई आधुनिकीकरण के काम यहां पर हुए हैं। पिछले 10 साल में कोंकण रेलवे में बहुत सारी सुविधा आई है, लेकिन बात यह है कि अगर लोगों तक यह सुविधा पहुंचानी है, तो पेन जैसे जो स्थान हैं, वहां पर भी स्टॉपेज मिलना बहुत जरूरी है। मुम्बई के बाद कोंकण पहुंचने के लिए जो entry point है, जो प्रवेश द्वार है, वह पेन गांव है। मुम्बई के बाद कोंकण जाने के लिए पेन एक महत्वपूर्ण ठिकाना है। जैसा मैंने पहले बताया कि 700-800 किलोमीटर लंबी यह कोंकण की पट्टी, जिसकी लंबाई 30-40 किलोमीटर है, उस कोंकण के मुहाने पर ही, entry पर ही यह पेन स्थान है। JSW, RCF जैसे कारखाने यहां पर हैं। यहां इंडस्ट्रियल एरिया बहुत है और मुम्बई के नजदीक होने के कारण कई पैसेंजर्स, कई विद्यार्थी, कई नौकरी वाले, कई मेहनतकश लोग, जो कोंकण जाना चाहते हैं और जो रोजगार के लिए मुम्बई जाना चाहते हैं, उनके लिए पेन में स्टॉपेज मिलना अत्यंत जरूरी है। दिवा-सावंतवाड़ी एक्सप्रेस, मंगलोर एक्सप्रेस, कोंकण कन्या, मांडवी, मत्स्यगंधा जैसी जो एक्सप्रेस ट्रेन्स हैं, उनका पेन स्थान पर रुकना बहुत ही जरूरी है।

उपसभापति महोदय, मैं यह बताना चाहता हूं कि मुम्बई का जो development है, चूँकि मुम्बई तीनों दिशाओं से अरब के समुद्र से घिरा हुआ एक शहर है, उसके कारण आज तक उत्तर दिशा में ही मुम्बई का development हुआ है। अभी अटल सेतु के कारण पेन और पनवेल का एरिया भी मुम्बई के बहुत नजदीक आया है। अगला जो development होने वाला है, वह पेन और पनवेल एरिया में ही होने वाला है। मैं यह कहना चाहता हूं कि development और रेल, इसका बहुत नजदीक का रिश्ता है। एक तो जहां पर development है, वहां पर रेल को आना पड़ता है या रेल है, इसके कारण development होता है। इसके कारण मैंने पेन के एरिया के बारे में यहां पर जो बताया है, यह बहुत ही महत्वपूर्ण है। मैं यह चाहता हूं कि ये सब जो एक्सप्रेस ट्रेन्स हैं, ...(**समय की घंटी**)... इनको स्टॉपेज तो मिले ही और सबसे महत्वपूर्ण बात, उपसभापति महोदय, मैं 10 सेकंड में अपनी बात समाप्त कर रहा हूँ, मैं यह चाहता हूं कि पेन-दिवा या दिवा-रोहा, दिवा-नागोठाणे जैसी मेमू ट्रेन्स यहां पर स्टार्ट हों, ऐसी मेरी अपेक्षा है। ...(**समय की घंटी**)...

Contents Page

उपसभापति महोदय, मैं यह अपेक्षा सदन से रखता हूं। आपके माध्यम से मैं रेल मंत्री जी से यहां पर विनती करता हूं कि जिन लोगों ने मुझे यहां भेजा है, उनकी अपेक्षा पूरी करने की जिम्मेदारी यहां पर मेरी है, मतलब इस सदन की भी है, इसमें आप मुझे मदद करें, मैं यह अपेक्षा रखता हूं। धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you. Now, the hon. Minister of Railways to reply to the Discussion.

**रेल मंत्री (श्री अश्विनी वैष्णव)** : उपसभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद और इस विस्तृत चर्चा में जिन सभी माननीय सांसदों ने भाग लिया, उन सबका भी बहुत-बहुत धन्यवाद। इस डिबेट में कई लोगों ने बहुत अच्छे सुझाव दिए, कई लोगों ने बहुत ही aggressive होकर भी अच्छी डिबेट की। हमें आनंद आया। लोकतंत्र के इस गरिमामय सदन में इसी का आनंद है कि हर कोई अपने-अपने तरीके से अपनी बात कहे और उन सबको मिला कर यह देश आगे चले। माननीय उपसभापति महोदय, मैं आज के रिप्लाई में सबसे पहले financials के बारे में बात करूंगा और throughout the reply क्या-क्या important achievements हुए, कहां पर अभी और काम करना है और लास्ट में transportation का भविष्य क्या है, उसके ऊपर चर्चा रखूंगा।

माननीय उपसभापति महोदय, सबसे पहले मैं माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने बजट में इतना अच्छा एलोकेशन किया। कई वर्षों से रेलवे की जो सबसे बड़ी जरूरत रही है कैपिटल एक्सपेंडिचर, उसके लिए जितना सपोर्ट चाहिए था, वह सपोर्ट नहीं मिल पाता था, उस कमी को प्रधान मंत्री जी ने इन 10 वर्षों में पूरा किया है। जहां बजट से करीब 25,000 करोड़ के आसपास का सपोर्ट मिलता था, वहां आज करीब 2.5 लाख करोड़ का सपोर्ट मिलता है। इसका बहुत फायदा हुआ है। इसका बहुत लाभ हुआ है और इसके कारण ही आज हम पहले से much better परिस्थितियों में पहुंच पाए हैं। साथ ही मैं माननीया वित्त मंत्री, श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को भी धन्यवाद देना चाहूंगा कि रेलवे बजट के डिस्कशंस के दौरान उन्होंने हर परिस्थिति को, हर प्रॉब्लम को समझा और उसको समझ कर, उसके हिसाब से हरेक aspect पर उनका सपोर्ट रहा और उन्होंने बजट का बहुत अच्छा एलोकेशन किया।

माननीय उपसभापति महोदय, रेलवे के financials में कोविड के कारण जो बहुत सी दिक्कतें आई थीं, हम उन परिस्थितियों से बाहर निकल चुके हैं और अब इसमें करीब-करीब 2 लाख, 78 हजार करोड़ का revenue है और 2 लाख, 75 हजार करोड़ के खर्चे हैं। ओवरऑल रेलवे के जितने भी बड़े खर्चे हैं, सारे खर्चे आज रेलवे अपनी खुद की इनकम से meet कर पा रही है। लगातार तीन साल हो गए हैं। रेलवे के अपने बड़े खर्चे हैं। मान्यवर, अगर हम staff cost की बात करें, तो करीब 1 लाख, 16 हजार करोड़ की staff की cost है, pension का बिल करीब-करीब 66,000 करोड़ रुपये का है, energy की cost 32,000 करोड़ रुपये है और जो financing की cost है, वह करीब-करीब 25,000 करोड़ रुपये है। ये सब के सब खर्चे रेलवे, because of good performance, आज अपने revenue से ही meet कर पा रही है। पैसेंजर्स को सब्सिडी उतनी ही है, जितनी पहले थी, बल्कि वह बढ़ी है। अगर हम करीब-करीब overall रेलवे की financial condition को समझें, तो हम पैसेंजर्स को सब्सिडी देते हैं और cargo यानी frieght से

थोड़ी-बहुत कमाई होती है। पैसेंजर्स में अगर हम देखें, तो अगर एक पैसेंजर को 1 किलोमीटर तक लेकर जाना है, तो उसमें रेलवे की कॉस्ट करीब 1 रुपये 38 पैसे है और हम उससे किराया केवल 73 पैसे लेते हैं। यानी करीब-करीब 47 परसेंट का डिस्काउंट हर पैसेंजर पर दिया जाता है, इतनी सब्सिडी पैसेंजर को दी जाती है। फाइनेंशियल ईयर 2022-23 में देखें, तो यह सब्सिडी कुल मिलाकर 57,000 करोड़ के आसपास थी, यानी पैसेंजर के ट्रांसपोर्टेशन पर 57,000 करोड़ की ओवरऑल सब्सिडी है। फाइनेंशियल ईयर 2023-24 के provisional figures आए हैं, वे reconcile हो रहे हैं, इसमें करीब 55 से लेकर 60 हजार करोड़ की टोटल सब्सिडी है। यह social obligation है।

महोदय, कई माननीय सांसदों ने यह प्रश्न उठाया कि पैसेंजर्स के लिए क्या कर रहे हैं, तो यह मैं आपके सामने डाटा के साथ रख रहा हूं। मैं डाटा के साथ प्रस्तुत कर रहा हूं कि पैसेंजर्स के लिए facilities बढ़े और विशेषकर किराया कम से कम रहे। उसके लिए रेलवे ने बहुत ही बड़े प्रावधान किए हैं। उसके कारण आज भी हमारे आसपास के जितने भी देश हैं – मैं पश्चिमी देशों के साथ तुलना नहीं करना चाहता। अगर हम केवल अपने आसपास के देशों से भी comparison करें, पाकिस्तान से compare करें, बांग्लादेश से compare करें या श्रीलंका से compare करें, तो उनकी तुलना में भी सबसे कम किराया, भारत में हमारी रेलवे का है। अगर 350 किलोमीटर की journey का देखें, तो general class में उसका किराया भारत में 121 रुपये, पाकिस्तान में 436 रुपये, बांग्लादेश में 323 रुपये और श्रीलंका में 413 रुपये है। ऐसा ही हरेक कैटेगरी में है। अगर इसको western countries के साथ compare करें, तो western countries में इसका 10 गुना, 15 गुना, 20 गुना किराया लिया जाता है। बहुत कम किराए में एक सुरक्षित और अच्छी क्वालिटी की सर्विस मिल सके, ऐसा प्रयास हमेशा रहता है। 2020 के बाद में किराए में वृद्धि नहीं की गई है। 2020 में भी एक बहुत छोटी-सी वृद्धि की गई थी - एक पैसा प्रति किलोमीटर के हिसाब से जनरल क्लास में और एयर कंडीशन क्लासेज़ में उससे थोड़ी ज्यादा वृद्धि की गई थी।

उपसभापति महोदय, इलेक्ट्रिफिकेशन का overall financially फायदा 2018-19 से मिलने लगा है और मैं इसके बारे में डिटेल में चर्चा करूँगा। ओवरऑल ट्रैफिक बहुत बढ़ा है, पैसेंजर्स की संख्या भी बढ़ी है, कार्गो भी बढ़ा है, लेकिन ओवरऑल एनर्जी की कॉस्ट अब करीब-करीब 30-32 हजार करोड़ रुपए पर स्टेबल हो गई है। यह एक बहुत-ही positive चीज है। यह प्रधानमंत्री जी की जो दूरगामी सोच थी, उसका परिणाम है। उन्होंने 100 परसेंट इलेक्ट्रिफिकेशन का जो चैलेंज हम सबके सामने रखा, यह उसके रिजल्ट के रूप में अब दिखाई देने लगा है। यह environment के point of view से भी बहुत अच्छा है और अब financially भी इलेक्ट्रिफिकेशन का फायदा मिलने लगा है।

Seventh Pay Commission के कारण जो wage cost, staff cost बढ़ गई थी, वह आज भी बढ़ी हुई है। पेंशन कॉस्ट भी बहुत बढ़ी हुई है। करीब 15 लाख पेंशनर्स हैं और 12 लाख, 30 हजार के आसपास employees हैं, तो वह एक significant cost है, जिसको रेलवे आज प्रयास करके, मैक्सिमम से मैक्सिमम कार्गो कैरी करके भरपाई करने की कोशिश कर रही है। Overall financial condition ठीक है। इससे बेहतर करने के प्रयास लगातार चलते रहेंगे। कोविड की जो प्रॉब्लम्स थीं, उनसे रेलवे आज बाहर निकल गई है - ऐसा मैं आपके सामने समरी के तौर पर रखना चाहूँगा।

Contents Page

माननीय उपसभापति महोदय, अब मैं दूसरे विषय पर आता हूँ। रेलवे ने कई बड़े माइलस्टोन्स अचीव किए हैं और ये माइलस्टोन्स सबके लिए गर्व की बात है। पक्ष के लिए और विपक्ष के लिए, सभी के लिए गर्व की बात है, पूरे देश के लिए गर्व की बात है। इस वर्ष 31 मार्च को जो यह वर्ष कंप्लीट हो रहा है, इसमें भारतीय रेलवे कार्गो कैरीइंग में वर्ल्ड के टॉप तीन देशों में शामिल होगी। भारतीय रेलवे की इस साल 1.6 बिलियन टन की कार्गो कैरीइंग है। यूएस की भी करीब-करीब 1.6 बिलियन टन है और चीन की इससे ज्यादा है, इसलिए इस बार चीन, यूएस और इंडिया - ये तीनों देश टॉप 3 में शामिल हो रहे हैं। ट्रैक कंस्ट्रक्शन 34,000 किलोमीटर क्रॉस किया है, जो कि जर्मनी के पूरे नेटवर्क से ज्यादा है। कई मान्यवर सांसदों ने ट्रैक रिप्लेसमेंट के विषय में प्रश्न उठाए। मैं यह डेटा आपके सामने रखना चाहता हूँ और ये फैक्ट्स हैं। करीब-करीब 50,000 किलोमीटर, 49 हजार समथिंग है, 50,000 किलोमीटर ट्रैक्स का रिप्लेसमेंट किया गया है और रिप्लेसमेंट के दौरान इस बात का ध्यान रखा गया है कि बेटर क्वालिटी के longer rails.... मैं इस विषय को डिटेल में रखूँगा। ये सब किये गये, जिनका सेफ्टी पर बहुत अच्छा positive impact आया है। Flyovers और अंडर पासेज़, जो कि हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में, कई शहरों में, खासकर छोटे शहरों में बड़ी दिक्कत थी, उनको दूर करने के लिए 12,000 से ज्यादा flyovers और अंडर पासेज़ बने। अंडर पासेज़ में जो water-logging की प्रॉब्लम है, उसके ऊपर भी मैं अभी डिटेल में बताऊँगा। एलएचबी कोचेज़ सेफ्टी के point of view से बहुत important हैं। LHB coaches are much more safer compared to the older generation of ICF coaches. करीब 41,000 एलएचबी कोचेज़ बन गए हैं। मान्यवर उपसभापति महोदय, मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ कहना चाहूँगा कि मोदी जी की थर्ड टर्म में जितने आईसीएफ कोचेज़ हैं, हम उन सबको एलएचबी कोचेज़ में रिप्लेस कर देंगे। कोविड के समय दुनिया भर में, देश भर में पैसेंजर्स में स्वाभाविक तौर पर एक behavioral change आया था। वे रेलवे की जगह दूसरे मोड्स में शिफ्ट हुए थे। पर अब वे वापस रेलवे की तरफ आने लग गए हैं। इस साल 700 करोड़ का आंकड़ा पार करेगा। इस प्रकार ट्रांसपोर्ट सेक्टर में, मैं कोई ट्रांसपोर्ट का एक्सपर्ट नहीं हूँ, लेकिन जो एक्सपर्ट्स हैं, वे बताते हैं कि करीब-करीब 700-750 करोड़ रेलवे, 200-250 करोड़ रोड्स एंड हाईवेज़ और 30-35 करोड़ एयरवेज़ - यह ट्रांसपोर्ट का डिस्ट्रीब्यूशन अब ओवरऑल देश में रहेगा।

Locomotive production में एक बहुत ही satisfying milestone अचीव हुआ है। इस साल 1,400 लोकोमोटिव्स मैन्युफैक्चर हो रहे हैं। अगर पूरे अमेरिका और यूरोप को ऐड कर दें, उससे भी ज्यादा हमारे यहाँ इस साल लोकोमोटिव्स मैन्युफैक्चर हो रहे हैं। यह बहुत अच्छा और एक बड़ा अचीवमेंट है। पूरी फ्लीट में 2 लाख के आसपास वैगन्स ऐड हुए हैं। जो condemn हो गए, उनको बाहर निकाल कर नए ऐड हुए। अगर उनको जोड़ें, तो करीब-करीब नेट दो लाख वैगंस ऐड हुए हैं। 14,000 ब्रिजेज़ को रीबिल्ड किया गया है। सर, 14,000 bridges को re-build किया गया है,

3.00 P.M.

यानी bridges में कई जगह जो bridge के members होते हैं, उनमें जब corrosion होता है, तो ब्रिजेज unsafe हो जाता है, तो उसमें बहुत ही sophisticated और बहुत ही technical तरीके से

Contents Page

bridges को re-build करना पड़ता है, 14,000 bridges को re-build किया गया है। हम Bridges का classification भी बहुत ही methodical तरीके से change कर रहे हैं। Bridges की maintenance में AI तथा अन्य कई technologies का उपयोग भी किया जा रहा है। सर, Digital control, जो कि railway के लिए बहुत important था, उसकी जब सबसे पहले शुरुआत हुई, उसके बाद उसने थोड़ी speed पकड़ी थी, लेकिन real mass scale पर digital control अब आना चालू हुआ है और अब 3,300 stations को हम digital control पर लेकर आ चुके हैं।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं आपके सामने अब एक बहुत ही satisfying चीज़ रखना चाहूँगा। मैं इसमें विपक्ष के सभी सांसदों से भी निवेदन करूंगा कि आप भी इस पर गर्व करें कि आज हमारे देश से Australia को metro के coaches export होने लगे हैं। विपक्ष के सांसद भी इसमें आनंद उठाएं और गर्व करें, क्योंकि देश सभी का है। देश केवल हमारा नहीं है, बल्कि देश आप सबका भी है, इसलिए इसमें आप भी गौरव उठाएं। सर, locomotives और coaches के नीचे का जो mechanical structure होता है, उसको bogie बोलते हैं। ऊपर coach है, नीचे bogie, यानी उसका underframe. उस underframe का export अब United Kingdom, Saudi Arabia, France, Australia, इन सब देशों को होने लगा है। Propulsion, जो कि power electronics का बहुत ही, power train का बहुत ही important part है, उस propulsion का export France, Mexico, Romania, Spain, Germany और Italy में होने लगा है। यह भी गौरव की बात है। Passenger coaches Mozambique, Bangladesh, Sri Lanka जा रहे हैं। Locomotives अब Mozambique, Senegal, Sri Lanka, Myanmar और Bangladesh जा रहे हैं। माननीय उपसभापति जी, बहुत नजदीक future में बिहार में जिस factory को माननीय श्री लालू यादव जी ने सिर्फ announce किया था, काम नहीं किया, उसके बाद माननीय मोदी जी ने जब 2014 में जिम्मेदारी ली, तब उन्होंने उस factory पर काम चालू किया। वह बिहार के सारण जिले के मढ़हौरा में है। उस factory से बने हुए करीब 100 से ज्यादा loco का export बहुत जल्दी शुरू होने वाला है। अब 'Made in Bihar' locomotives दुनिया में जाएगा। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Sanjay*ji*, please. ...*(Interruptions)*...

**श्री अश्विनी वैष्णव** : साथ ही साथ, forged wheels would be exported from Tamil Nadu in the very near future to the entire world. So, these are very satisfying achievements and these are achievements of the country. These are possible only because our Prime Minister has very clear focus on Railways and he is making a very concerted effort on improving the Railways.

उपसभापति जी, इस साल railway, मैं 2025 calendar year की बात कर रहा हूँ। इस साल रेलवे Scope 1, net zero भी अचीव करेगा। प्रधान मंत्री जी ने 2030 तक Net Zero का target रखा है। Scope 1 इसी साल 2025 में achieve किया जाएगा। मतलब, जितना railway carbon dioxide emit करता है और railway environment को benefit पहुंचाता है, उसको पूरी तरह से directly offset करेगा और जो energy buy करता है, जिसमें अभी कुछ fossil fuel वाली energy भी है, उसका target 2030 तक है।

सर, कई माननीय सांसदों ने recruitment की बात कही। मैं यह भी बताना चाहूँगा कि जो 50-60 साल में नहीं हो पाया, अब वह हो रहा है। हमने recruitment के लिए एक annual calendar बनाया है, जो 2024 में start हुआ और लगातार चल रहा है। उसमें एक systematic तरीके से बताया जाता है कि first quarter में, second quarter में, third quarter में, fourth quarter में किस-किस category की vacancies निकलेंगी और वे vacancies निकल रही हैं और बहुत ही smoothly exam हो रहा है। माननीय उपसभापति महोदय, इन 10 वर्षों में 5 lakh से अधिक लोगों को railway ने रोजगार दिया है। अगर हम UPA से compare करें, तो UPA में 4 lakh रोजगार थे, आज 5 lakh रोजगार दिया गया है। As we speak, ongoing one lakh लोगों की recruitment का process चल रहा है। माननीय सांसद, शायद आपको जानकारी नहीं है, लेकिन loco pilot की recruitment का process भी चल रहा है और वह भी बहुत smoothly अभी-अभी complete हुआ है। माननीय उपसभापति महोदय, मैं तीसरे विषय पर आते हुए अपनी बात कहना चाहता हूं कि सेफ्टी पर बहुत strong focus है, बहुत clear and laser-sharp focus है और उसके results भी आए हैं। मैं detail में बताना चाहूंगा कि क्या-क्या steps लिए गए हैं।

बहुत सारे technological changes किए गए हैं, जिनमें longer rail, higher tensile strength, Electronic Interlocking at stations as well as level-crossing gates. Fog safety devices की संख्या बढ़ाना, कवच का development complete हुआ, अब उसका roll-out चालू हुआ हैं। इन सभी सुधारों के साथ-साथ thick web switches लाना, weldable crossings भी लाई जा रही हैं। इन क्षेत्रों में पहले की तुलना में कई गुना अधिक काम हो रहा है और इसके अच्छे परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं।

यदि हम एक छोटे से पैरामीटर, weld failure की बात करें - तो दो स्थानों पर जहां वेल्डिंग होती है, उसके failures में 92 परसेंट reduction हुआ है। इसी तरह, rail fractures की संख्या, जो 2013-14 में साल के लगभग ढाई हज़ार के आसपास थे, अब वे कम होकर 250 से कम रह गए हैं, यानी rail fractures में 91 परसेंट reduction हुआ है। ये सभी results measured हैं, factual हैं। और इसका result भी दिखाई देने लगा है।

सर, स्टाफ की ट्रेनिंग पर विशेष ध्यान दिया गया है। Maintenance practices में काफी सुधार हुआ है। इंफ्रास्ट्रक्चर पहले की तुलना में काफी बेहतर हुआ है। फ्लाईओवर्स के निर्माण और un-manned level crossings को हटाने से भी रेलवे को बड़ा लाभ हुआ है। कुल मिलाकर, रेलवे की सुरक्षा के लिए लगभग 1,16,000 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। Revenue Expenditure as well as Capital Expenditure, दोनों को मिलाकर यह पहले की तुलना में कई गुना अधिक है और यह लगातार दो-तीन वर्षों से जारी है।

माननीय सांसद ने एक बहुत ही छोटी बात की थी, नहीं कहना चाहिए था, फिर भी उन्होंने कहा, तो मैं उसका उत्तर देना चाहूंगा। उन्होंने आरआरएसके फंड्स के उपयोग पर सवाल उठाया, खासकर फुट मसाजर के संदर्भ में। उपसभापति महोदय, लोको पायलट की working conditions अत्यंत कठिन होती हैं। वे 8 से 10 घंटे तक खड़े रहते हैं, vibrations and temperature में काम करते हैं। नई ट्रेनों में सुधार किया गया है, लेकिन पुरानी ट्रेनों की डिजाइन उनकी निर्माण प्रक्रिया के अनुसार बनी थी, लेकिन उन ट्रेनों के कारण जो लोको पायलट 10 से 11 घंटे तक खड़े रहते हैं, उनके उपयोग के लिए लोको पायलट्स के rest rooms में, उनके running

Contents Page

rooms में फुट मसाजर की सुविधा दी गई है, जो लोको पायलट्स के लिए है। RRSK funds का उपयोग बहुत अच्छी तरह से किया गया है। कृपया इसका गलत नैरेटिव बनाने की कोशिश न करें, यही मेरा अनुरोध है।

महोदय, सुरक्षा उपायों के कारण दुर्घटनाओं में महत्वपूर्ण कमी आई है। 2005-06 में, जब माननीय लालू जी रेल मंत्री थे, तब प्रति वर्ष 234 दुर्घटनाएँ होती थीं और यदि उसमें डिरेलमेंट्स जोड़ें, तो यह संख्या 698 हो जाती थी, यानी on-an-average 2 per day - यानी 365 दिन में 698, मतलब 2 per day होते थे। जब माननीय ममता जी रेल मंत्री थीं, तब साल में 165 accidents होते थे और अगर उसमें डिरेलमेंट्स add करें, तो यह संख्या 395 तक पहुँच जाती थी, यानी on-an-average, one per day, यानी माननीय ममता जी के समय में रोज़ एक accident या डिरेलमेंट होता था।

जब माननीय खरगे जी रेल मंत्री थे, तब 118 एक्सींडेंट्स और 263 डिरेलमेंट्स मिलाकर कुल 381 घटनाएँ हुईं, which is again more than one every day. उस समय यह daily एक incident का average था, मैं यह नहीं कहता कि हमें उन्हीं परिस्थितियों में रहना चाहिए। अब, प्रधान मंत्री, मोदी जी के नेतृत्व में सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। वे सेफ्टी पर लगातार समीक्षा करते हैं, वे हमें root-cause में जाने की प्रेरणा देते हैं और मेंटेनेंस प्रोसेज़ में सुधार, नई तकनीक और उपकरणों को अपनाने पर जोर देते हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि 2019-20 तक दुर्घटनाओं की संख्या प्रतिदिन औसतन एक से कम हो गई और आज दुर्घटनाओं की संख्या घटकर 30 और डिरेलमेंट्स 43, यानी कुल 73 रह गई है, जो नम्बर पहले लगभग 700 के आसपास था। That is now come to less than eighty. That is one-tenth or 90 per cent reduction! But, we should not be satisfied at that.

Mr. Deputy Chairman, Sir, I am saying with full responsibility that we should not be satisfied at that and we should aim and strive to significantly reduce it further. हम लोग संकल्पबद्ध हैं। Every incident, small or big, we are making sure that we go to the root cause and wherever people are making any mistakes or equipments are faulty or there are design issues, we are changing those and making sure that that particular cause should not be repeated. That is the approach with which we are taking.

कई मान्यवर सांसदों ने कहा कि इससे पहले भी बड़े-बड़े दिग्गज नेता हुए थे और उन सब ने बहुत अच्छा काम भी किया था। मैं यह नहीं कहता कि उनका contribution नहीं था। देश 1947 में आजाद हुआ था और सभी का contribution रहा है। हमारे समय में हम इतना कह सकते हैं कि पूरी sincerity के साथ, complete integrity के साथ जितनी knowledge है, प्रयास कर रहे हैं। हमारे प्रयासों में कोई कमी नहीं है। इसके results भी आए हैं और आगे भी बेहतर रिजल्ट्स आएंगे। सर, fourth topic है, क्योंकि कई सांसदों ने इस बारे में प्रश्न उठाए हैं कि employment, recruitment नहीं की। ऐसा कोई कैसे कह सकता है। कई सांसदों ने कहा कि आपने recruitment नहीं की। कोई इस तरह का भ्रामक तथ्य, जो सत्य से परे हो, इतना दूर हो, कोई कैसे इस सदन में रख सकता है। सर, इन दस वर्षों में पांच लाख लोगों को रोजगार दिया गया है और and as we speak, एक लाख लोगों का employment और recruitment का process चल रहा है। मैं

बताना चाहूंगा कि बहुत transparency के साथ काम हुआ है। अभी केरल के सांसद जी ने Loco Pilot के बारे में कहा है। मैं बताना चाहता हूं कि अभी हाल ही में exam complete हुआ है। Loco Pilots के exam में 18,40,000 candidates appear हुए थे। इसका exam पांच दिन तक चला। सर, in 15 shifts, 156 cities, 346 centres and 15 languages. 15 languages में इसका exam हुआ था। Absolutely no problem, totally transparent. कहीं पर भी उस exam में कोई दिक्कत नहीं हुई है। Level-I, Level-II, Level-VI तक के exam थे। Sir, 2,32,00,000 candidates appeared in those exams and और बिना किसी problem के, बिना किसी issue के transparent process के थ्रू recruitment की गई। ऐसे कैसे कोई कह सकता है कि आपने रोजगार नहीं दिया। यह गलत है। इस तरह के भ्रामक तथ्य न फैलाएं। Railway and Defence, ये दो departments ऐसे हैं, जो कि politics से ऊपर उठते हैं, क्योंकि ये देश की जरूरत हैं, देश की रीढ़ की हड्डी हैं और देश की lifeline है। अगर हम इसमें राजनीति करेंगे, तो यह देश के लिए अच्छा नहीं होगा। अभी करीब 12 लाख से ज्यादा employees हैं, उसमें से 40 per cent employees इन दस वर्षों में recruit किए गए हैं। The entire staff strength is a very young and I am very proud of them. जिस तरह से काम किया है। एक से एक difficult situations में बहुत ही अच्छा काम किया है। I will come to the fifth point. कई मान्यवर सांसदों ने यह विषय उठाया कि आपने premium trains चलाई, तो साधारण passengers क्या करेंगे? इस प्रश्न का मैं बहुत स्पष्ट तौर पर जवाब देना चाहूंगा। मोदी जी की सरकार गरीबों के लिए समर्पित है। मोदी जी की सरकार middle class के लिए समर्पित है। इस income pyramid में तो सबसे पहले lower income and middle income groups के लिए railway का पूरा commitment है। रेलवे का पूरा focus lower income and middle income के लिए हैं। जो higher income group में आते हैं, वे flight भी ले सकते हैं, अच्छी car में भी जा सकते हैं, लेकिन जो गरीब हैं, जो हमारे श्रमजीवी हैं, जो गांवों से निकलकर शहरों में जाकर अपनी जिंदगी को बनाने के प्रयास में लगते हैं। मैं भी एक ऐसे ही परिवार से निकला हूं। ऐसे लोग रेलवे से ही जा सकते हैं। उनके लिए फ्लाइट का किराया संभव नहीं हो पाएगा या वे अच्छी कार में नहीं जा पाएंगे, क्योंकि वे अपनी जिंदगी को बनाने के लिए निकल रहे हैं। कई लोगों ने भ्रामक तथ्यों को फैलाने का प्रयास किया। इस House और इस हाउस के बाहर भी कई बार try करते हैं कि general coaches कम हो गए हैं। मैं आपको एकदम clarity के साथ कहना चाहूंगा कि पहले लगातार general coach, यानी non-AC और AC कोच का एक proportion two-third and one-third रहता था। Two-third, non-AC, one-third, AC के लिए होता था। अब वह प्रपोर्शन बढ़कर 70/30 हो गया है। नॉन ए.सी., यानी स्लीपर और जनरल कोचेज 56 हज़ार हैं और ए.सी. कोचेज 23 हज़ार हैं। इस तरह से 70 परसेंट और 30 परसेंट का जो रेश्यो है, वह यह दिखाता है कि किस तरह से हमारी जो अंत्योदय की कमिटमेंट है कि गरीब से गरीब व्यक्ति के लिए काम करना है, उस कमिटमेंट को इन आंकड़ों से क्लियरली स्पष्ट किया जा रहा है कि जनरल कोचेज बढ़ रहे हैं। महोदय, ये ए.सी. कोचेज के कंपेरिज़न में बढ़ रहे हैं। ए.सी. कोचेज भी बढ़ रहे हैं, लेकिन उसके कंपेरिज़न में जनरल कोचेज ढाई गुना बढ़ रहे हैं।

Contents Page

महोदय, अभी जो प्रोडक्शन प्लान हाथ में है, उस प्रोडक्शन प्लान के अनुसार 17 हज़ार जनरल कोचेज का ए.सी., स्लीपर प्लस जनरल, यानी नॉन ए.सी. कोचेज की मैन्युफैक्चरिंग का टोटल प्रोग्राम है, इसलिए कोई भी उस आरोप को न लगाए।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं जिस पार्टी से आता हूं, वह गरीबों के लिए प्रतिबद्ध है। महोदय, जनसंघ के समय से, 1952 से इस पार्टी ने हमेशा अंत्योदय की भावना के साथ काम किया है। जो गरीब से गरीब वर्ग है, जो समाज के अंतिम छोर पर है, यह पार्टी उनके लिए जीती है, उन्हीं के लिए इस पार्टी का संकल्प है और उन्हीं के लिए यह पार्टी राजनीति में आई है। महोदय, यह आज की बात नहीं है, मैं आपको बताना चाहूंगा कि मेरे ग्रैंड फादर जनसंघ के फाउंडर्स में से थे और I am proud of that. इसीलिए मैं कहना चाहता हूं कि हमारा मूल 'राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम' का है, अंत्योदय हमारे मूल में है और हम हमेशा उसके लिए काम करेंगे, चाहे कोई भी डिपार्टमेंट हो। महोदय, वह चाहे रेलवे हो, चाहे प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना हो, प्रधान मंत्री आवास योजना हो, हर घर नल से जल योजना हो, प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी का एक-एक प्रोग्राम स्पष्ट दिखाता है कि किस तरह से यह सरकार और मोदी जी गरीबों के प्रति समर्पित है, संकल्पित है, उनके जीवन में एक पॉजिटिव चेंज लाने के लिए दिन-रात मेहनत करने के लिए संकल्पित है। माननीय उपसभापति महोदय, कई मान्यवर सांसदों ने ट्रेन्स में भीड़ की बात उठाई है। भीड़ के लिए रेलवे ने जो स्टेप्स उठाए हैं, मैं उनके बारे में आपको बताना चाहूंगा।

महोदय, पिछले साल, जब होली का सीज़न था, उसमें 604 स्पेशल ट्रेन्स चलाई गई थीं, उसमें करीब साढ़े आठ लाख लोगों को लिया गया था और एक बहुत ही अलग तरीके से मैनेज करने का प्रयास किया गया था। उसमें कुछ जगह पर होल्डिंग एरिया बनाए गए थे। महोदय, शहर में कुछ ऐसी संस्थाएं होती हैं, जो जुड़ना चाहती है, उन्हें जोड़ा गया था और वह एक अच्छा प्रयोग हुआ था। महोदय, उस प्रयोग को पिछले साल के समर सीज़न में और बढ़ाया गया था। 12,919 स्पेशल ट्रेन्स चलाई गई थीं और करीब 1 करोड़, 80 लाख लोगों को उनमें ट्रैवल करने का मौका मिला था।

महोदय, पिछले साल छठ और दीवाली पर उस एक्सपेरिमेंट को इंस्टीट्यूशनलाइज किया गया। करीब 8 स्टेशन्स बार होल्डिंग एरिया बनाए गए, टैंट लगाए गए, खाने की व्यवस्था की गई, पीने के पानी की व्यवस्था की गई, टिकट काउंटर्स को स्टेशन के अंदर से बाहर होल्डिंग एरिया में लेकर जाया गया। महोदय, उसका अच्छा रिज़ल्ट मिला। करीब 8 हज़ार के आसपास छठ और दीवाली में जो स्पेशल ट्रेन्स चलाई गई थीं, उनमें एक-एक स्टेशन पर 40 हज़ार लोग भी आए, लेकिन कहीं पर कोई दिक्कत नहीं आई। उस पूरी भीड़ को, पूरे सर्ज को — ट्रैफिक में जो सडन सर्ज आता था, उसको अच्छा तरह से मैनेज किया गया। महोदय, उससे जो लर्निंग मिली, उस लर्निंग को इस बार कुंभ के मैनेजमेंट में लगाया गया।

मान्यवर, कुंभ के मैनेजमेंट में गंगा जी पर एक नया ब्रिज बनाया गया। हम लोग इस पर करीब ढाई साल से काम कर रहे थे, जंघई- फाफामऊ लाइन को डबल किया गया, 21 फ्लाईओवर्स एंड अंडरपासेस बनाए, 3 नई वॉशिंग लाइन्स बनाई गईं, स्टाफ के लिए बैरेक्स बनाए गए तथा 23 परमानेंट होल्डिंग एरियाज़ बनाए। महोदय, होल्डिंग एरियाज़ में भी बहुत ही साइंटिफिक तरीके से काम किया गया, जिससे कि जो भी लोग आएं, उन्हें कोई चीज़ ढूंढ़ने में दिक्कत नहीं हो। महोदय, इसके लिए चार कलर्स में कलर कोडिंग की गई। जो ट्रेन लखनऊ और

Contents Page

अयोध्या की तरफ जाती है, उसके लिए रेड कलर का कोड रखा गया, जो ट्रेन दीनदयाल उपाध्याय और सासाराम पटना की तरफ जाती है, उसके लिये ब्लू कलर का कोड रखा गया, जो ट्रेन मानिकपुर, झांसी, सतना, कटनी, मध्य प्रदेश की तरफ जाती है, उसके लिए येलो कलर का कोड रखा गया और कानपुर, आगरा, दिल्ली के लिए ग्रीन कलर का कोड रखा गया। इस तरह से ओवरऑल एक ऐसी व्यवस्था की गई, जिससे पैसेंजर्स मिनिमम से मिनिमम असुविधा के साथ आराम से आ-जा सकें। महोदय, यह बहुत डिफिकल्ट था। करीब साढ़े चार करोड़ के आसपास पैसेंज़र्स ने ट्रेन्स से ट्रैवल किया और मैं उन सभी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि despite all the difficulties सभी पैसेंज़र्स ने सहयोग किया और रेलवे के एम्प्लॉइज़ ने भी दिन-रात काम किया। महोदय, मैं एक एग्ज़ैम्पल देना चाहूंगा, जिसमें एक फीमेल कांस्टेबल अपने बच्चे को स्लिंग में रखकर काम कर रही है। ऐसे-ऐसे भी examples थे। एक-एक अधिकारी दिन-रात 24 घंटे काम करते थे। वॉर रूम्स बने हुए थे। कोई ऐसा दिन नहीं होगा, जिस दिन रात में दो-ढाई बजे से पहले कोई वॉर रूम से निकल पाया होगा। रेलवे बोर्ड में जो वॉर रूम था, उस वॉर रूम से मैं कई बार स्वयं देर रात तक रहा। इस तरह की परिस्थितियों में काम किया गया। वह बहुत डिफिकल्ट था। मैं कहना चाहूंगा कि एक इंसिडेंट हुआ, जो कि न्यू दिल्ली स्टेशन में हुआ था, वह बहुत ही दुखद और दर्दनाक इंसिडेंट था, लेकिन ओवरऑल महाकुम्भ के टाइम में जो पब्लिक की एक्सपेक्टेशन थी, उस एक्सपेक्टेशन को पूरा किया गया। मैं मान्यवर प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूंगा। वे लगातार फॉलो-अप करते थे और लगातार रिव्यू करते थे। मैं मान्यवर गृह मंत्री जी को भी धन्यवाद देना चाहूंगा। उनकी गाइडेंस लगातार मिलती थी। मैं उत्तर प्रदेश के मान्यवर मुख्य मंत्री जी को भी धन्यवाद देना चाहूंगा। वे लगातार संवाद में रहते थे। एक बहुत ही अच्छे कोऑर्डिनेटेड तरीके से यह कार्य हुआ। पिछली डिबेट में मनोज झा जी ने जो कहा शायद उसमें एक कम्युनिकेशन गैप रह गया था। शायद वे कहना चाहते थे कि कैमरा ऑफ करना न्यूजपेपर में छपा था। मैंने शायद यह समझ लिया था कि वे आरोप लगा रहे कि मैंने कैमरा बंद किया। बाद में मनोज जी से मेरी बात हो गई थी और वह मिसकम्युनिकेशन भी दूर हुआ। आज उस इंसिडेंट से रिलेटेड जितना भी डेटा है, इन्क्लूडिंग सीसीटीवी की फुटेज, everything is safe and secure. एक हाई लेवल कमिटी उसकी प्रॉपर्ली जांच कर रही है। 200-300 लोगों के साथ उनका संवाद हो रहा है, जिससे कि पता चले कि एक्चुअल फैक्ट्स क्या हैं, लेकिन what is more important is steps क्या लिए गए हैं? इस संबंध में 10 स्टेप्स लिए गए हैं, जिससे कि देश भर में 60 stations have been identified, जहां पर sudden rush आता है और seasonal rush आता है। उन सब में परमानेंट होल्डिंग एरियाज़ बनाएंगे, फुल एक्सेस कंट्रोल करेंगे, लेटेस्ट मॉडर्न सीसीटीवी कैमराज़, लेटेस्ट मॉडर्न वॉकी-टॉकीज़ - हर तरह के जो भी स्टेप्स लेने हैं, वे 10 आइडेंटिफाइड स्टेप्स हैं, जिससे कि भविष्य में इस तरह की दिक्कत नहीं आए।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं अगले विषय पर आऊंगा। आज जिस तरह से रेलवे ट्रेवल की डिमांड बढ़ रही है, उस डिमांड को मीट करने के लिए एक तरफ तो इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाया जा रहा है - जैसा मैंने बताया 34,000 किलोमीटर की नई पटरियां बनी हैं - साथ ही साथ coaches, trains and locomotives इन तीनों के लिए टोटली नई तरह की टेक्नोलॉजी लाने का काम प्रधान मंत्री जी के मार्गदर्शन में उनके नेतृत्व में देश में हो रहा है। आप सभी ने वंदे भारत चेयर कार का अनुभव भी किया होगा, वह बहुत अच्छी है। मैं एक बहुत ही इंटरेस्टिंग चीज़ के बारे

Contents Page

में बताना चाहता हूं, जो कि हमारी नैरो गेज ट्रेन्स के बारे में है, जैसे दार्जिलिंग है, कालका-शिमला है, ऊटी है, माथेरान है और पठानकोट से जोगिंदर नगर है। ये सब नैरो गेज ट्रेन्स हैं, जो कि हमारी एक हेरिटेज है। इनमें से कई प्रोजेक्ट्स हैं, जो हेरिटेज हैं और यूनेस्को से प्रोटेक्टेड हैं, डिक्लेयर्ड हैं। इन सबमें भी बहुत ही नई टेक्नोलॉजी के एक सुंदर मॉडर्न कोचेज के डेवलपमेंट का काम चल रहा है। फर्स्ट ट्रेन बनकर तैयार हो गई है। वह कालका-शिमला के लिए बनी है। कालका-शिमला के लिए एकदम नई डिजाइन की ट्रेन बहुत जल्दी बनेगी। आप जब उसे देखेंगे, तो आपको भी प्रसन्नता होगी। मैं सबसे निवेदन भी करूंगा कि आप उसमें ट्रेवल भी करके देखें। वह बहुत अच्छी गाड़ी बन रही है। इन सबके लिए टोटली नए तरह की गाड़ी बनाई जा रही है।

दूसरा, हमारा श्रमजीवी वर्ग या फिर ग्रामीण क्षेत्रों से बड़े शहरों में काम के लिए जाने वाला वर्ग है, उनके लिए अमृत भारत जो कि पूरी नॉन-एसी है, वैसी 100 ट्रेन्स बनाई जा रही हैं। इनमें वही फीचर्स हैं, जो वंदे भारत में हैं। Semi-automatic coupler, fully-covered gangway, coaches के पूरे तरहे से नए डिजाइन, चार्जिंग पॉइंट्स आदि फीचर्स हैं। आपने वंदे भारत में कई फीचर्स तो देखे होंगे, लेकिन दो फीचर्स unique हैं – जैसे वंदे भारत ट्रेन में एयरक्राफ्ट से 100 गुना कम noise का लेवल होता है, क्योंकि उसका डिजाइन इस तरह से किया गया है कि जब व्हील और ट्रैक का इंटरेक्शन होता है, उससे जो वाइब्रेशन्स जनरेट होते हैं और जो noise जनरेट होती है, वह noise कोच के अंदर आती है, तो उसको रिड्यूस करने के लिए बोगी का डिजाइन, यानी अंडर फ्रेम का बहुत स्पेशल डिजाइन किया गया है। डिजाइन के मार्जिंस के जो ग्लोबल स्टैंडर्ड्स हैं, उससे much better design की बोगी इसमें रखी गई। इसके कारण इसमें aircraft से 100 times less noise रहती है। Second, जो इसका air circulation का सिस्टम है, उस सिस्टम में इस तरह की device, इस तरह की technology लगाई गई है। इसको Ultraviolet (UV) technology कहते हैं, जिससे 99.9 per cent germs finish हो जाते हैं, मर जाते हैं, ताकि अंदर जो air आए, कोच के अंदर जो air रहे, वह air हमेशा clean रहे। उपसभापति महोदय, इस तरह की technology लाई जा रही है। रेलवे बहुत बड़ा सिस्टम है। करीब एक लाख से ज्यादा टोटल कोचेज़ हैं, उन सबको replace करना है, systematically one-by-one. यह सिस्टम चालू हो गया है। Over a period of time, पुरानी कोचेज़ निकल कर सब जगह नई कोचेज़ आएंगी। इन सबमें ये सारी features रहेंगी।

नमो भारत ट्रेन्स, जो कि short distances के लिए हैं, ऐसी करीब 50 ट्रेन्स बनाई जा रही हैं। उनमें भी AC और Non-AC, दोनों variants रहेंगी। इस तरह से local trip, जो दो छोटे शहरों के बीच में distances हैं, उनके लिए यह नमो भारत ट्रेन रहेगी। मुम्बई के लिए 238 नई ट्रेन्स बनाई जा रही हैं, जो कि बहुत ही अच्छी क्वालिटी की होंगी, totally नई generation की ट्रेन्स होंगी। अभी-अभी माननीय देवेन्द्र जी एक कार्यक्रम में दिल्ली आए थे, तब मेरी भी उनसे डिटेल में चर्चा हुई। उनका भी मानना था कि पुरानी कोचेज़ को, पुरानी ट्रेन्स को replace करने का टाइम आ गया है और इनमें नई तरह की, नई technology की कोचेज़ को लाया जाए। इस तरह से overall जो ट्रेन्स की technology है, ट्रैक्स के बारे में जैसा मैंने बताया, वैसे ही ट्रेन्स में एक significant change आ रहा है, एक substantial change आ रहा है। इस change के कारण आने वाले समय में, अभी भी जो इस travel में भागीदार हैं, वे भी जानते हैं कि आज यह बहुत सुधरा है और आने वाले समय में बहुत ही significant improvement आएगा।

मैं sixth point पर आऊंगा। कवच के बारे में बात की गई। मैंने पिछली डिबेट में इसके टेक्निकल विषय के बारे में डिटेल में बताया था। Last year जुलाई में इसका development complete हुआ। RDSO ने इसका approval किया और अब massive scale पर करीब 10,000 locomotives पर इसके लगने का काम चल रहा है और 15,000 किलोमीटर का काम चल रहा है। शुरुआत में जब development का phase होता है, तो उसमें टाइम लगता है, लेकिन जब एक बार development complete होता है, then it becomes very fast. So, that is what it is. 20 हजार से ज्यादा फील्ड स्टाफ को हमने ट्रेनिंग दी है। यह बहुत जरूरी होता है। 13 इंजीनियरिंग कॉलेजेज़ के साथ हमने MoU किया है, जिससे कि कवच की ट्रेनिंग हो सके। उपसभापति जी, यह केवल एक device नहीं है। यह हम सबको समझने की बात है कि यह केवल एक device नहीं है। It is like creating a complete telecom network. हर चार-पांच किलोमीटर पर एक telecom tower बनता है। उसके ऊपर पूरा radio network बनता है। पूरी की पूरी ट्रैक के ऊपर हर 100 मीटर पर devices लगती हैं। Complete railway track के साथ optical fibre का cable network लगता है। हर स्टेशन पर data centre बनता है और उन सारे स्टेशंस का data एक central computer centre में आता है। साथ ही साथ, लोकोमोटिव के ऊपर या ट्रेन के ऊपर device लगती है। It is very, very complex. इस तरह से यह एक पूरी complete telecom company जैसा network create करने जितना बड़ा काम है, लेकिन हम एक संकल्प लेकर चल रहे हैं। इस तरह के काम के लिए, जिसको Automatic Train Protection Technology कहते हैं, जो समृद्ध देश हैं, उन्होंने करीब 20 साल लगाए थे, जिनके network हमसे आधे थे, लेकिन मोदी जी ने हमको clear target दिया है और हम संकल्प के साथ चल रहे हैं कि 5-6 वर्षों के अंदर पूरे देश को कवच के network से cover करना है। इस तरह के संकल्प के साथ हम काम कर रहे हैं। इसमें बहुत लोग सहयोग दे रहे हैं। Faculty Members, Engineering Colleges, AICTE, इन सबका इसमें सहयोग मिल रहा है।

मैं अगले विषय पर आऊंगा। Water-logging के बारे में कई लोगों ने बात की, कई सांसदों ने यह विषय उठाया। देश में करीब 14,000 total under-passes हैं। उनमें water-logging को solve करने के लिए करीब 4 हजार under-passes में pumps install किए गए हैं और करीब 1,800 under-passes में permanent corrections किए गए हैं। Permanent corrections तीन तरह के हैं। जो पानी बाहर से आता है, उसको remove करने के लिए approach road पर cover करना, sidewalls बनाना, humps बनाना और drains बनाना शामिल है। ग्राउंड से जो सीपेज होता है, उसके लिए जॉइंट्स को सील करना, PU grouting करना, लाइनिंग करना और कांक्रीटिंग करना - ये स्टेप्स लिए गए हैं। जहां पर weep holes हैं, उनको प्लग किया गया है। दोनों प्रकार की प्रॉब्लम्स को सॉल्व करने के लिए जो कॉमन मेजर्स हैं, जैसे कई जगहों पर, जहां पर पास में कोई नाला है या पास में कोई स्ट्रीम है, वहां तक पूरी ड्रेनेज बना दी गई है और pathways को raise किया गया है। इस तरह के कई काम किए गए हैं। मैंने खुद पिछले मानसून में कई पंप ऑपरेटर्स के साथ बात की थी। पिछले साल रिजल्ट ठीक रहा था। इस साल हम और ज्यादा तन्मयता के साथ काम करेंगे, और ज्यादा अलर्टनेस के साथ काम करेंगे। इसके साथ ही साथ हम पूरे डिजाइन को भी चेंज कर रहे हैं। एक नए तरह का डिजाइन बना है। अभी वह डिजाइन 6 जगहों पर लगा है। उस डिजाइन को एक बार experimental तौर पर कुछ समय और

देख लें कि उसका एक्सपीरियंस कैसा है। अगर वह एक्सपीरियंस इस बार ठीक लगा, तो फिर देश भर में उसी नए डिजाइन के RUBs बनाए जाएंगे। ROBs में भी बहुत चेंजेज़ आए हैं। पहले हर एक ROB का डिजाइन लेने के लिए RDSO वगैरह से approval के लिए जाना पड़ता था। कई बार तो इसमें कई-कई महीने लग जाते थे। एक स्टैंडर्ड डिजाइन की बुकलेट बनी है। करीब 100 स्टैंडर्ड डिजाइंस बनाए गए हैं। सिंगल लाइन के लिए, डबल लाइन्स के लिए, तीन लाइन्स के लिए, चार लाइन्स के लिए, 90 डिग्री एंगल, 80 डिग्री एंगल, 70 डिग्री एंगल, यानी हरेक प्रकार के permutation, combination को लेकर स्टैंडर्ड डिजाइंस बना दिये गये हैं, जिससे इसका बहुत अच्छा लाभ मिला है। कई राज्यों के साथ अभी भी काम करने में थोड़ा और कोऑपरेशन चाहिए, क्योंकि रेलवे वाले पोर्शन पर तो रेलवे बना लेती है, लेकिन फ्लाईओवर की बाकी जो अप्रोच रोड होती है, उसमें स्टेट गवर्नमेंट की मदद की जरुरत होती है। कई जगहों पर यह रिक्वायरमेंट है। मैं कहीं का नाम नहीं लूंगा, नहीं तो फिर हमारे माननीय सांसद महोदय कुछ बोलेंगे। ...(**व्यवधान**)... जैसे, तमिलनाडु में 88 फ्लाईओवर्स हैं, जिनका काम हेल्ड अप है। ...(**व्यवधान**)... वहाँ 88 फ्लाई ओवर्स हैं, जिनका काम रुका हुआ है। केरल में भी कुछ-कुछ ऐसी ही हालत है। In Kerala, land acquisition is only 14 per cent. वहाँ इसमें थोड़ी दिक्कत है। वैसे हम भी प्रयास कर रहे हैं, आप भी प्रयास कीजिए। माननीय उपसभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सभी सांसदों से भी रिक्वेस्ट करूंगा कि वे काम को आगे बढ़वाएँ। ...(**व्यवधान**)... केरल में 97 फ्लाईओवर्स हैं। ...(**व्यवधान**)... केरल में 97 फ्लाईओवर्स हैं, जिनमें अगर स्टेट गवर्नमेंट का कोऑपरेशन मिले, तो वहाँ काम आगे बढ़ सकता है। ...(**व्यवधान**)... वैसा ही हाल वैस्ट बंगाल में भी है। ...(**व्यवधान**)... वैसा ही हाल वैस्ट बंगाल में भी है। वैस्ट बंगाल में तो seriously, we need your support. Only 21 per cent land has been made available; seventy-nine per cent land available होनी है। ...(**व्यवधान**)... वहाँ एक के बाद एक प्रोजेक्ट में बहुत मेहनत करनी पड़ रही है, तब जाकर कुछ काम हो पा रहा है। नंदीग्राम का जो प्रोजेक्ट है, देशप्राण से नंदीग्राम की 17 किलोमीटर की लाइन है। 3 साल लग गए, तब जाकर वहाँ कुछ काम हो पाया। उसमें भी बहुत प्रयास करना पड़ा। वहां लगातार लॉ एंड ऑर्डर की सिचुएशन आ जाती है और ऐसी परिस्थितियां बन जाती हैं कि वहाँ काम करना अपने आप में बहुत ही मुश्किल हो जाता है। ...(**व्यवधान**)...

SHRI DEREK O'BRIEN (West Bengal): Sir, will he yield for a minute? ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. ...*(Interruptions)*...

**श्री अश्विनी वैष्णव** : नहीं, नहीं। आपने पूछा, इसलिए मैंने कहा। ...(**व्यवधान**)... सुनिए, सुनिए। ...(**व्यवधान**)... इसके अलावा, चाहे मध्य प्रदेश हो या उत्तर प्रदेश हो, वहाँ बहुत अच्छी प्रोग्रेस है। साथ ही, चाहे राजस्थान हो, गुजरात हो या महाराष्ट्र हो, वहाँ बहुत अच्छी प्रोग्रेस है। ...(**व्यवधान**)... इसमें हरियाणा भी है। मैं वहां की सरकारों को धन्यवाद भी देना चाहूंगा कि वहाँ अभी जो प्रोग्रेस हुई है, उस प्रोग्रेस में हम मिल कर और भी तेजी लाएंगे। ...(**व्यवधान**)...

Contents Page

SHRI DEREK O'BRIEN: Sir, will the Minister yield for a minute? ...*(Interruptions)*...

**श्री अश्विनी वैष्णव** : माननीय उपसभापति महोदय, ...(**व्यवधान**)... आप तो मेरे गुरु हैं, जरा रुकिए। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. ...*(Interruptions)*...

**श्री देरेक ओब्राईन :** सर, ...(**व्यवधान**)...

**श्री अश्विनी वैष्णव** : नहीं, नहीं। झगड़ा तो अपना हो ही नहीं सकता। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. He is not yielding....*(Interruptions)*...

**श्री अश्विनी वैष्णव** : उपसभापति महोदय, ...(**व्यवधान**)...

SHRI DEREK O'BRIEN: Give me a minute ...*(Interruptions)*...

**श्री अश्विनी वैष्णव** : उपसभापति जी, ...(**व्यवधान**)... देरेक भाई के क्विज़ को देख-देख कर हम बड़े हुए हैं। ...(**व्यवधान**)... देरेक भाई के क्विज़ को देख-देख कर हम बड़े हुए हैं। इसलिए आपसे तो हमारा झगड़ा हो ही नहीं सकता है। ...(**व्यवधान**)... हमारा झगड़ा तो एक-दूसरे के ideological point पर है। वह झगड़ा तो रहेगा और उस पर इलेक्शन लड़ेंगे। ...(**व्यवधान**)... उस पर देखेंगे। वहां दो-दो हाथ होंगे। ...(**व्यवधान**)... मैं केवल एक डेटा रखना चाहूँगा। कोलकाता मेट्रो बहुत इंपॉर्टेंट प्रोजेक्ट है। ...(**व्यवधान**)... माननीय उपसभापति महोदय, 1972 से कोलकाता मेट्रो का प्रोजेक्ट चालू हुआ था। 1972 से 2014 तक यानी 42 ईयर्स, इन 42 ईयर्स में कोलकाता मेट्रो का 28 किलोमीटर काम हुआ और मोदी जी ने 2014 में जिम्मेदारी लेने के बाद, अब तक 38 किलोमीटर कोलकाता मेट्रो बनायी। ...(**व्यवधान**)... कहाँ 40 साल का काम और कहां 10 साल का काम! ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He is not yielding. कृपया आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री अश्विनी वैष्णव :** हेल्प मिली है, मैं कहता हूँ कि आप थोड़ी-सी और हेल्प करें। ...(**व्यवधान**)... थोड़ी-सी और हेल्प करें। ...(**व्यवधान**)... देरेक जी, कृपया यह सुन लीजिए। थोड़ी-सी और हेल्प चाहिए। जो न्यू बैरकपुर टू बारासात सेक्शन है, उसमें हैवी एंक्रोचमेंट है, हेल्प करिए। बारानगर टू बैरकपुर है, जहाँ केवल यूटिलिटी शिफ्ट करनी है। इसके कारण वहाँ काम रुका हुआ है, थोड़ी हेल्प करिए। ...(**व्यवधान**)... मोमिनपुर टू बीबीडी बाग है। ...(**व्यवधान**)... हेल्प मिली है, लेकिन मैं कह रहा हूँ कि थोड़ी और हेल्प करिए। मोमिनपुर टू बीबीडी

...(**व्यवधान**)... सुनिए, सुनिए, यह बहुत इंपॉर्टेंट है। ...(**व्यवधान**)... मोमिनपुर टू बीबीडी खिदिरपुर स्टेशन, जो भवानीपुर constituency में है ...(**व्यवधान**)... भवानीपुर constituency किसकी है, यह सबको पता है। वहां पर भी केवल पश्चिमी बंगाल गवर्नमेंट की जमीन चाहिए। प्लीज़ दिलवा दीजिए, हम काम और तेजी से आगे बढ़ाएंगे। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I would request the hon. Minister to continue. He is not yielding. ...(*Interruptions*)...

**श्री अश्विनी वैष्णवः** माननीय उपसभापति महोदय, मैं किसी पर कोई आरोप नहीं लगा रहा हूँ। मैं केवल रिक्वेस्ट कर रहा हूँ। ...(**व्यवधान**)... मैं केवल रिक्वेस्ट कर रहा हूँ। ...(**व्यवधान**)... मैं यह कहना चाहूँगा कि इन 10 वर्षों में कई ऐसे प्रोजेक्ट्स हुए हैं, जो देश में ही नहीं, बल्कि सारी दुनिया में आज भारत का नाम ऊँचा कर रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... कश्मीर का प्रोजेक्ट, चिनाब रेल ब्रिज ...(**व्यवधान**)... जम्मू और कश्मीर को कनेक्ट करने वाला चिनाब ब्रिज एफिल टावर से भी 35 मीटर taller है। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He is not yielding. ...(*Interruptions*)...

**श्री अश्विनी वैष्णव :** माननीय उपसभापति महोदय, वह ब्रिज भी बन कर तैयार हुआ है। उसकी सेफ्टी का CRS इंस्पेक्शन कंप्लीट हुआ है और उसके बाद उसकी रिपोर्ट आने के बाद जो भी स्टेप्स लेने हैं, वे रेलवे ले रही है। कश्मीर और जम्मू को रेलवे मार्ग से जोड़ने का बहुत वर्षों से जो एक बहुत बड़ा ड्रीम था, वह ड्रीम बहुत जल्दी पूरा होगा। कई लोगों ने कहा कि इसमें कॉस्ट बहुत ज्यादा लगी। मैं उनको बताना चाहूँगा कि इस प्रोजेक्ट की complexity कितनी थी।

(**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** *पीठासीन हुए।*)

यह एरिया ऐसा है, जहाँ पर 250 किलोमीटर प्रति घंटा की विंड स्पीड होती है, क्योंकि एक फनल इफेक्ट होता है। जब narrow area में से विंड पास होती है, तो Bernoulli's principle के कारण स्पीड एकदम बढ़ जाती है। दूसरा, इसमें seismic zone बहुत हाई है। यह 8 Ritcher Scale के earthquake के लिए designed है। फुटबॉल फील्ड का आधा यानी इतनी बड़ी इस ब्रिज की फाउंडेशन है। इस ब्रिज में जो स्टील लगा है, अगर उसका हिसाब लगाएं, तो उसमें टोटल 30 हजार टन स्टील यूज हुआ है, जो कि चार एफिल टावर्स के बराबर है। मान्यवर उपसभापति जी, इस ब्रिज में बहुत सारे human angles भी हैं। कुछ समय पहले एक ऐसे इंजीनियर से मिलना हुआ था, जिस इंजीनियर ने अपनी पहली नौकरी वहां से चालू की थी, वह आज अपने परिवार के साथ, बच्चों के साथ वहाँ पर है और वह चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर है। सर, इस देश में इंजीनियर्स की टेक्निकल ताकत और लीडरशिप की जो एक कमिटमेंट है, वह इस तरीके के प्रोजेक्ट के completion से स्पष्ट दिखाई देती है। ऐसा ही Anji Bridge है और Chenab Bridge आज दुनिया

में highest railway bridge है। इसके बाद, next highest China में Najiehe Bridge और उसके बाद चाइना में ही Qinglong Bridge है।

सर, मैं एक और इंपॉर्टेंट बात आपको बताना चाहूंगा कि हिमालय बहुत ही young mountains हैं और उसमें tunneling का जो काम होता है, वह बहुत ही डिफिकल्ट होता है, लेकिन फिर भी वहां बहुत ही अच्छे तरीके से tunneling की गई है। सर, मैं आपको यह भी बताना चाहूंगा। आप आजादी के पहले से ले लीजिए, जब से रेलवे बननी चालू हुई, तब से 2014 तक पूरे भारत के रेलवे नेटवर्क में 125 किलोमीटर रेलवे की tunnels थीं। 1852 से रेलवे चालू हुई थी, तब से लेकर 2014 तक 125 किलोमीटर tunnels थीं, जबकि 2014 से 2025 के पीरियड में 460 किलोमीटर नई रेल tunneling हुई है। आप कहते हैं कि बताइए, काम क्या हुआ है, तो मैं यह आपको काम बता रहा हूँ। यह डेटा है और इसको दुनिया मानती है। ...(**व्यवधान**)... ब्रिटास जी, आप मुंह मत खुलवाइए। अगर बात निकलेगी तो दूर तक जाएगी।

महोदय, यह बहुत जरूरी है कि देश में जितना इंफ्रास्ट्रक्चर बन रहा है, उसके लिए जो tunneling and bridges की technology है, उस पर बहुत dedicated way में नए इंजीनियर्स को ट्रेनिंग भी दी जाए, इसीलिए गति शक्ति विश्वविद्यालय, जो एक specialized transportation sector को ध्यान में रखकर बनाया गया है, उसमें bridge और tunneling पर Special Masters Course चालू हुआ है। सर, चूंकि यह Council of States है, यह राज्यों की सभा है, इसलिए मैं आपके माध्यम से रिक्वेस्ट करना चाहूंगा कि सभी राज्य अपने पीडब्ल्यूडी और दूसरे डिपार्टमेंट्स के इंजीनियर्स को ट्रेनिंग के लिए गति शक्ति विश्वविद्यालय में भेजें। हमने उनको ऑफिशियली भी लिखा है और कई राज्यों से इंजीनियर्स आकर short-duration course करके गए हैं। इससे देश को लाभ होगा, फायदा होगा।

सर, यहां बिहार की बात कही गई। मनोज जी, मैंने आपकी absence में हमारे communication gap की बात की थी। मैं यह बताना चाहूंगा कि इसी पीरियड में Tunnel Boring Machines (TBM) की manufacturing भी अब चेन्नई में चालू हो गई है। उसकी कंपनी Herrenknecht है, जिसने 6.5 metre dia की Tunnel Boring Machines को बनाना शुरू किया है। इस पीरियड में बहुत सारे बड़े ब्रिजेज़ भी बने हैं। गंगा जी पर चार ब्रिजेज़ - प्रयागराज, गाजीपुर, पटना और मुंगेर में बने हैं। तीन और ब्रिज का सैंक्शन हुआ है, जो अभी under-design और under-construction में हैं। हुगली में जुबली ब्रिज बना, पाम्बन ब्रिज बना, ब्रह्मपुत्र, बोगीबील और सरायघाट में अभी सैंक्शन हुआ है और बोगीबील कम्प्लीट हुआ है। इस तरह, अगर हम ओवरऑल हर फील्ड में देखें, तो significant change आया है। सर, मैं लास्ट पॉइंट यह कहूँगा कि ...(**व्यवधान**)...

SHRI DEREK O'BRIEN: Sir, please ask him to yield for one minute. It is the basic courtesy. He can yield for one minute. ...*(Interruptions)*...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : कृपया बैठ जाएँ।

**श्री अश्विनी वैष्णव** : महोदय, रेलवे बहुत ही environment friendly mode of transportation है।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : मैं उनको yield करने के लिए बाध्य नहीं कर सकता।

**श्री अश्विनी वैष्णव**: अगर इसको road transportation से compare करें, तो road transportation में 101 gram per ton kilometre carbon dioxide emission होता है और रेलवे में 11 gram per ton kilometre emission होता है। अगर हम diesel to diesel compare करें, fossil fuel to fossil fuel compare करें, रोड के comparison में रेलवे में 90 per cent less emission होते हैं। अगर electric traction और रोड को compare करें, तो इलेक्ट्रिकल ट्रैक्शन लगभग 100 परसेंट, because इसमें केवल lubricant के emission के अलावा कोई अन्य emission नहीं होता। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण factor है।

मैं आपको बताना चाहूंगा कि रेलवे के इलेक्ट्रिफिकेशन से जो लाभ हुआ है, उसमें अगर केवल 2018-19 को एक reference मानें, तो रेलवे में 29 हज़ार करोड़ रुपये diesel cost बची है। इसके अलावा, इससे महत्वपूर्ण विदेशी मुद्रा की भी बचत हुई। उससे foreign exchange बचा और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इससे कार्बन डाइऑक्साइड के emission में भारी कमी आई। अगर इसे number of trees में translate करें, तो this is equivalent to 16 crore trees. यानी दिल्ली जितने क्षेत्रफल का एक नया जंगल बनने से जितनी कार्बन डाइऑक्साइड बचती, उतनी बचत रेलवे के इलेक्ट्रिफिकेशन से हुई है। इसलिए, रेलवे के 100 परसेंट इलेक्ट्रिफिकेशन पर जो सवाल उठता था, वैसा प्रश्न नहीं उठना चाहिए। रेलवे का इलेक्ट्रिफिकेशन बहुत ही महत्वपूर्ण है।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय सांसदों ने अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित individual points रखे हैं। मेरी टीम ने उन सभी को नोट कर लिया है, और मैंने भी कई महत्वपूर्ण बिंदु नोट किए हैं। Individually, I will reach out to all those hon. Members.

SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY(West Bengal): Sir, I have a point of order. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): No point of order. Please sit down. ...*(Interruptions)*...

**श्री अश्विनी वैष्णव :** अंत में, मैं बस इतना ही कहना चाहूंगा कि प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और उनकी सरकार रेलवे में day-to-day improvement के लिए - चाहे वह punctuality हो, safety हो, चाहे cleanliness हो या नई technology हो - हर स्तर पर day-to-day improvement के लिए दृढ़ संकल्प और फोकस के साथ कार्य कर रही है। इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं और भविष्य में और भी बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे।

अतः मेरी विनती है कि यह सदन रेलवे के इस सुधार अभियान को आगे बढ़ाए। बहुत-बहुत धन्यवाद, उपसभाध्यक्ष जी।

SHRI DEREK O'BRIEN: Sir, I have a point of order.

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : रेलवे पर चर्चा समाप्त हुई। Now, General Discussion on the Budget (Manipur), 2025-26.

SHRI DEREK O'BRIEN: Sir, there are two very important issues. Please answer. *...(Interruptions)...*

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : प्लीज़, आप बोलिए।

SHRI DEREK O'BRIEN: Sir, we listened to the hon. Minister for one hour.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): What is your point of order?

SHRI DEREK O'BRIEN: My point of order is under Rule *...(Interruptions)...* We listened to the Minister for one hour. *...(Interruptions)...* One minute. *...(Interruptions)...* This was not a discussion on the Railway Budget. *...(Interruptions)...* There are two points. *...(Interruptions)...* Please listen to me. We have listened to him for one hour. *...(Interruptions)...* This was not a discussion *...(Interruptions)...*

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : आप किस रूल के अंतर्गत प्वाइंट ऑफ ऑर्डर रेज़ कर रहे हैं?

SHRI DEREK O'BRIEN: Sir, it is under Rule *...(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): It is not a point of order.

SHRI DEREK O'BRIEN: This was not a discussion on the Railway Budget. *...(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): No discussion is allowed. No point of order. Please sit down. *...(Interruptions)...*

SHRI DEREK O'BRIEN: I am giving you the rule. *...(Interruptions)...* Rule 239 is there. *...(Interruptions)...* It has A, B and C. I have got two points to make on it. *...(Interruptions)...* One minute. ऐसा मत करो।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : कृपया बैठ जाएं।

SHRI DEREK O'BRIEN: Sir, we listened to the hon. Minister for one hour. ...*(Interruptions)*...

SHRI SAMIK BHATTACHARYA (West Bengal): Sir, the hon. Member is ...*(Interruptions)*...

SHRI DEREK O'BRIEN: For one hour, we listened to the Minister. This is not done. ...*(Interruptions)*... Sir, I beseech you for one minute.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): No point of order. ...*(Interruptions)*... माननीय सदस्य, चर्चा समाप्त हुई। Please sit down. Now, General Discussion on the Budget (Manipur), 2025-26. ...*(Interruptions)*... Hon. Minister to move motion for consideration of the following Bills. ...*(Interruptions)*...

The Appropriation Bill, 2025 ...*(Interruptions)*... The Appropriation (No.2) Bill, 2025; The Manipur Appropriation (Vote on Account) Bill, 2025; the Manipur Appropriation Bill, 2025. Please go back to your seats. ...*(Interruptions)*... Please sit down. ...*(Interruptions)*... Go back to your seats. ...*(Interruptions)*... No point of order. ...*(Interruptions)*... No, it is not allowed. ...*(Interruptions)*... माननीय सदस्य, आप बैठ जाएं। ...(**व्यवधान**)... कृपया, आप एक बार बैठ जाएं। Please sit down. ...*(Interruptions)*...

SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY: A point of order can be raised at any time. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): You can raise. But please sit down. First listen to me. कृपया बैठें। ...(**व्यवधान**)...

SHRI DEREK O'BRIEN: Sir, please understand the rule.

THE VICE - CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): I understand everything, Mr. Derek. Please sit down. No point of order. ...*(Interruptions)*... I understand the rule. ...*(Interruptions)*... Please sit down. Listen to me first. ...*(Interruptions)*... आप लोग एक बार बैठ जाएं। ...(**व्यवधान**)... माननीय सदस्य, कृपया आप सुनिए। ...(**व्यवधान**)... मैं समय दे रहा हूं, आप सुनिए। माननीय सदस्यगण, ...(**व्यवधान**)... मैं आपको दूसरी बुक दे देता हूं। आप गुस्सा मत कीजिए। यह अफरा-तफरी सदन में नहीं चलेगी। ...(**व्यवधान**)...

DR. JOHN BRITTAS(Kerala): Sir, point of order is the right of every Member. ...*(Interruptions)*...

Contents Page

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): Dr. John Brittas, please listen. I know the rule. *...(Interruptions)...* माननीय सदस्य कृपया बैठ जाएं और मुझे सुन लीजिए। ...(**व्यवधान**)... जब प्वाइंट ऑफ ऑर्डर होता है। देरेक साहब, कृपया बैठ जाएं। ...(**व्यवधान**)... आप सुन लीजिए। मैं आपको समय दूंगा। रेलवे बजट पर चर्चा समाप्त हुई। ...(**व्यवधान**)...

SOME HON. MEMBERS: No, no. *...(Interruptions)...*

SHRI JAIRAM RAMESH: This was Discussion on the Working of the Railways. *...(Interruptions)...*

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** मुझे यह पता है कि रेलवे की वर्किंग पर चर्चा हुई थी, वह समाप्त हो गई है और चर्चा समाप्त होने के पश्चात् आपने केवल इस बात पर व्यवस्था का प्रश्न उठाया कि माननीय मंत्री जी ने बजट शब्द का प्रयोग कर दिया था। रेलवे के कार्य पर चर्चा हो रही थी, अब वह समाप्त हो गई है। अब कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं है। मैंने दूसरा बिजनेस पुकार लिया है। अब General Discussion on Budget प्रारंभ होगा। Shri Pankaj Chaudhary.

---

**THE BUDGET (MANIPUR), 2025—26**

**AND**

**GOVERNMENT BILLS**

**I. The Appropriation Bill, 2025**

**II. The Appropriation (No.2) Bill, 2025**

**III. The Manipur Appropriation (Vote on Account) Bill, 2025**

**IV. The Manipur Appropriation Bill, 2025**

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI PANKAJ CHAUDHARY): Sir I move:

"That the Bill to provide for the authorisation of appropriation of moneys out of the Consolidated Fundof India to meet the amounts spent on certain services during the financial year ended on the 31st day of March, 2022, in excess of the amounts granted for those services and for that year, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

Sir, I also move:

Contents Page

"That the Bill to authorise payment and appropriation of certain further sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of the financial year 2024-25, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

Sir, I also move:

"That the Bill to provide for the withdrawal of certain sums from and out of the Consolidated Fund of the State of Manipur for the services of a part of the financial year 2025-26, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration.

Sir, I also move:

"That the Bill to authorise payment and appropriation of certain further sums from and out of the Consolidated Fund of the State of Manipur for the services of the financial year2024-25, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

*The questions were proposed.*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): The Budget (Manipur), 2025-26; The Appropriation Bill, 2025; The Appropriation (No.2) Bill, 2025; The Manipur Appropriation (Vote on Account) Bill, 2025; and the Manipur Appropriation Bill, 2025 are now open for discussion. I will now call the Members whose names have been received for participation in the discussion. Shri Shaktisinh Gohil.

**श्री शक्तिसिंह गोहिल** (गुजरात) : महोदय, उन्हें एक मिनट दे दीजिए।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): I have already listened to it. ...*(Interruptions)*...

**श्री शक्तिसिंह गोहिल** : वे बहुत सीनियर मेम्बर हैं। ...(**व्यवधान**)... हाउस ऑर्डर में होगा, तो ठीक चलेगा। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष** (**श्री घनश्याम तिवाड़ी**) : देखिए, रूल्स में प्रावधान नहीं है। माननीय सदस्य, मैंने अगला बिजनेस पुकार लिया है, मैं अब पीछे नहीं जा सकता हूं। ...(**व्यवधान**)...

SHRI DEREK O'BRIEN (West Bengal): Sir, please understand what is happening in the House. ...*(Interruptions)*... I will explain it to you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): It is impossible now for me to go back as I have called the next Business. *...(Interruptions)...* मैं आगे निकल गया हूं। माननीय सदस्य, सदन पीछे नहीं जा सकता है। ...(**व्यवधान**)... शक्तिसिंह जी, आप अपना भाषण प्रारंभ कीजिए। ...(**व्यवधान**)... No, I am unable to do it. *...(Interruptions)...* शक्तिसिंह जी, आप अपना भाषण प्रारंभ कीजिए, अन्यथा मैं नेक्स्ट पुकारूँगा।

**श्री शक्तिसिंह गोहिलः** उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आज Appropriation Bill, 2025 और Manipur Appropriation Bill, 2025 पर अपने विचार रखने के लिए खड़ा हुआ हूं। महोदय, मैं सबसे पहले मणिपुर का vote on account और मणिपुर का जो Appropriation Bill बिल आया है, उस पर बात रखूंगा। मणिपुर के बजट के जो डॉक्यूमेंट्स दिए गए हैं, सरकार ने जो डॉक्यूमेंट्स अपलोड किए हैं, अगर हम यहाँ पर सिर्फ उन्हीं को देख लें, तो सत्य मालूम हो जाएगा। महोदय, बाहर यह कहा जाता है कि कोई चिंता की बात नहीं है, सब चंगा सी, सब ठीक है, लेकिन मैं आपको सिर्फ एक फिगर दिखाना चाहूंगा।

महोदय, मणिपुर एक छोटा राज्य है। यहाँ पर जो रूलिंग पार्टी है, वहाँ पर भी वही सरकार थी और उसने जो बजट रखा था, उनका 2024-25 का जो बजट एस्टिमेट रखा गया था, उसके बाद उन्होंने Revised Budget रखा। महोदय, जो आज की फिगर्स दिख रही हैं, बजट और रिवाइज्ड बजट के बीच में सरकार की जो revenue receipt होनी थी, वह 3 लाख, 34 हज़ार, 223 रुपये, figure in lakhs, 3 लाख, 34 हज़ार, 223 सरकार का revenue, जो expected था, वह Revised Estimates में कम करना पड़ा। यानी, जब सरकार की इतना बड़ी आवक कम हुई है, तो इस सरकार को इस बात से चिंता होनी चाहिए कि जब स्टेट की इन्कम आपके बजट से, रिवाइज्ड बजट में इतनी कम हुई है, तो इसका मतलब यह है कि वहाँ पर लोगों को बहुत बड़ी दिक्कत है और हम इसे स्वीकार नहीं कर रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष** (**श्री घनश्याम तिवाड़ी**) : माननीय सदस्य, कृपया शांत रहें।

**श्री शक्तिसिंह गोहिल :** महोदय, मैं यह जरूर कहूंगा कि हमें दलगत राजनीति से ऊपर उठना होगा, हमारे पोलिटिकल इंटेरेस्ट को छोड़कर नेशनल इंटेरेस्ट को ऊपर रखना होगा। अगर देश एक न रहा, अगर देश के अंदर हर कोने पर हम यह मैसेज नहीं दे पाएं कि सिर्फ जमीन नहीं, बल्कि यहाँ के लोगों का जमीर भी हमारे साथ है और हमारा जमीर भी उनके साथ है, हमारा दिल भी वहाँ है, तब यह देश एक नहीं रह सकता। महोदय, क्या हम देश के हित में अपने पोलिटिकल इंटेरेस्ट साइड में नहीं रख सकते?

महोदय, जब यह देश आज़ाद हुआ था, तो पूरी दुनिया कहती थी कि यहाँ इतनी सारी भाषाएं, इतने सारे मज़हब, इतनी सारी कास्ट्स और इतने सारे लोग हैं, इसलिए आज़ादी के बाद यह देश एक नहीं होगा, इसके टुकड़े-टुकड़े हो जाएंगे। यह कहने वाले लोग दुनिया भर में थे।

Contents Page

4.00 P.M.

हमें नमन करना चाहिए कि आजादी के बाद जो हमारे पूर्वज आए, जिन्होंने शासन चलाया, जिन्होंने देश चलाया, इस देश को एक और अखंडित रखा। आज हम क्या करते हैं? मणिपुर के लोगों को कब यह एहसास होता कि पूरा देश उनके साथ है, जब हमारे प्रधान मंत्री वहां जाकर उनके दुख में हिस्सा लेते, उनके दर्द को महसूस करते। इसके साथ हम सब पार्लियामेंट में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर मणिपुर में लोगों की दिक्कतों के लिए एक आवाज में चर्चा करते और unanimous resolution पास करते कि मणिपुर का दर्द कोई मणिपुर स्टेट का नहीं, बल्कि पूरे देश का है और पूरा देश आपके साथ है। क्या हम यह नहीं कर सकते थे? अगर ब्रिटेन की पार्लियामेंट इस पर चर्चा कर सकती है, अगर यूरोप की पार्लियामेंट में चर्चाएं हो सकती हैं, अगर दुनिया के देश इसकी चिंता कर सकते हैं, तो हमें क्यों चिल्लाना और लड़ना पड़े कि हमारे देश की पार्लियामेंट में, हमारे देश के राज्य मणिपुर की चर्चा होने दो? इसके लिए हमें क्यों लड़ना पड़े? मैं सरकार से यह उम्मीद जरूर करता हूं कि वह इस बात को सिर्फ पॉलिटिकल आस्पेक्ट से नहीं ले, बल्कि सही मायने में ले।

सर, हम देखते हैं कि वहां इतने महीनों तक दिक्कतें रहीं। मणिपुर में सैकड़ों जाने गईं। हम कहते हैं कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और वहां उन मां-बेटियों की हालत देखकर अगर पत्थर दिल इन्सान भी हो, तो उसकी भी रात की नींद हराम हो जाए। हमने वहां उस तरह की परिस्थिति देखी। 60,000 लोग बेघर हो गए, तो कल्पना तो कीजिए कि उस राज्य में उन लोगों की हालत क्या होगी? सर, यह ऐसा राज्य है कि जहां पर इतनी दिक्कतों के बाद जब राहुल गांधी जी वहां पर न्याय यात्रा लेकर निकले, मैं भी वहां गया हुआ था - मैं वहां के लोगों के दिलों को सैल्यूट करता हूं, नमन करता हूं कि वे इतनी दिक्कतों के बाद भी प्यार से हमारा वहां पर स्वागत करने के लिए खड़े थे। मैं प्रधान मंत्री जी से कहता हूं कि लीडर ऑफ दि अपोजिशन गए और आप भी जाकर देखिए।

(MR. CHAIRMAN *in the Chair*.)

नमस्कार, सर। Sir, I am very happy to see you here in the Chair when I am speaking. आप जल्दी से बहुत अच्छी तरह से स्वस्थ हो जाएं। यह मैं अपनी पार्टी और निजी तौर पर आपको शुभकामनाएं दे रहा हूं। सर, मैं यह पूछना चाहता हूं कि वहां 21 महीने से दिक्कतें चल रही थीं और मणिपुर के इस बजट में 2,866 करोड़ का जो बजटरी एलोकेशन है, यह किसके लिए दिया है? A budgetary allocation of Rs. 2,866 crore for 2025-26 has been made towards incentives for police personnel posted in sensitive areas. ये वहां के लोगों के अधिकार के पैसे हैं। भारत सरकार को ये पैसे स्पेशली देने चाहिए। वहां के बजट से हमें नहीं लेने चाहिए। हमें उन लोगों से ये पैसे नहीं लेने चाहिए।

सर, relief and rehabilitation वहां के लोगों की अहम मांग है। मैं बजट डॉक्युमेंट्स को देख रहा था। सिर्फ 15 करोड़ दिए गए हैं। ये किसके लिए दिए गए हैं - for temporary shelters; Rs. 35 crore towards housing displacement; Rs. 100 crore for relief operations. Is it enough? क्या हम इससे संतुष्ट हो सकते हैं? जब 60 हज़ार लोग बेघर हुए हैं, जब सैकड़ों जानें

गई हैं, जहां डिस्ट्रेस है, वहां हमें उदारता दिखानी चाहिए। सर, भारतीय जनता पार्टी वहां राज कर रही थी। शासन आता है, शासन जाता है। हमें हमारी political power जनता जनार्दन देती है और हमारा अहम काम उन्हीं लोगों की सुरक्षा और हित है। यह डेमोक्रेसी में हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

सर, मैं मणिपुर का Budget at a Glance देख रहा था। Revenue Expenditure, 61 per cent; Capital Expenditure, 39 per cent. आप कौन से विकास की बात करते हैं! जब आपका 61 परसेंट बजट सिर्फ तनख्वाह और आपके दूसरे कामों में जाता है, जहां से कोई asset नहीं बन रही है। आप उसको सिर्फ 39 परसेंट planned budget में दे रहे हैं। कैसे मणिपुर का विकास होगा!

मैं मनरेगा की बात भी देख रहा था। मणिपुर में 2023-24 में 50 परसेंट मनरेगा का फंड release नहीं हुआ है। क्या हमें चिंता नहीं होनी चाहिए? There are concerns about Manipur's economical stagnation. सर, पूरे देश में कम per capita income वाले राज्यों में मणिपुर आता है। अगर हम Gross State Domestic Product (GSDP) की बात करें, तो यह stagnant हो रखी है। क्या हम इस राज्य के लिए भारत सरकार की ओर से कुछ ज्यादा उदार नहीं हो सकते थे? हमारी प्रसिद्धि के लिए आप economic measures ले लीजिए, मंत्रियों के खर्चे में भी थोड़ी कमी कर लीजिए, आप हमारी भी तनख्वाह थोड़ी काट लीजिए, पर मणिपुर के लोगों की चिंता करिए, मैं यही कहना चाहता हूं। मणिपुर के लिए जो allocation हुआ है, मैं जरूर इस बात से चिंतित हूं।

अभी मणिपुर में बहुत बड़ी flood आई। मैं जानता हूं, मैं बिहार का प्रभारी रहा हूं। बिहार में भी flood management के लिए यह जरूरी है। जहां चुनाव आता है, उस वक्त उस राज्य की तो बड़ी ज़ाहिरात, बड़ी publicity, बड़े allocation का नाम होता है, फिर उस स्टेट को भी मिलता तो नहीं है। उसी तरह आपने बिहार के लिए बजट में 11,500 करोड़ की announcement की। I hope कि मिले, पर मणिपुर में जो जरूरत है...

**श्री सभापति** : शक्तिसिंह जी, एक सेकंड। प्रभारी का मतलब क्या होता है?

**श्री शक्तिसिंह गोहिल** : सर, पार्टी की ओर से in-charge. I was in-charge for Bihar.

MR. CHAIRMAN: I wanted to be clear. ...*(Interruptions)*...

SHRI SHAKTISINH GOHIL: And that is why I know कि बिहार को water management की बहुत जरूरत है। कुछ areas में flood भी आती है। ...(**व्यवधान**)... जी, आप भी थे, उसी पार्टी से थे।

**श्री सभापति** : रमेश जी, जानकारी लेने में कोई दिक्कत नहीं है।

**श्री शक्तिसिंह गोहिल** : सर, वहां 11,500 करोड़ की announcement हुई है। वह तो पहले कितना दूं, कितना दूं भी हुआ था, लेकिन मिला कुछ नहीं था। पर मणिपुर के लिए, flood से जूझ रहे उस मणिपुर के लिए कुछ प्रावधान करने की बहुत आवश्यकता थी।

मैं एक बात कहना चाहता हूं। हमारे प्रधान मंत्री जी गुजरात से आते हैं। मैं बहुत करीब से जानता हूं। सभापति महोदय, आपके जरिए मैं जरूर प्रधान मंत्री जी से गुजारिश करूंगा कि गांधी जी भी गुजरात से थे। एक गरीब के घर में दिक्कत होती थी, तो third class के डिब्बे में बैठ कर वे वहां पहुंच जाते थे। प्रधान मंत्री जी, आज आप मणिपुर जाइए। हमारा गुजरात गांधी का गुजरात है, जहां की यह परंपरा है कि एक दुखी होता है, तो सत्ता में बैठे हुए आदमी की आंख में आंसू आना चाहिए। यह गांधी मॉडल गुजरात का है, उसी को नजर में रखिए। आपके लोग कहते हैं कि प्रधान मंत्री जी विश्व में इतने बड़े लीडर हैं कि यूक्रेन और रूस का war रुकवा सकते हैं और वे ही रुकवाएंगे। कुछ सोशल मीडिया में अंधभक्त कहते हैं कि पापा ने war रुकवा दिया, पापा ने war रुकवा दिया। मैं कहता हूं कि आप मणिपुर में शांति करवा दीजिए। यूक्रेन और रूस के war रुकवाने की जगह जरूरत यह है कि आप वहां जाइए, लोगों के बीच जाइए। मैं कहता हूं कि वहां के लोग इतने अच्छे हैं कि आपको कोई दिक्कत नहीं होगी। राहुल गांधी जी वहां गए, लोगों ने प्यार दिया। डरने की जरूरत नहीं है। मणिपुर हमारा है, बहुत प्यारा है और वहां के लोग तो बहुत बढ़िया हैं। इसलिए प्रधान मंत्री जी वहां जरूर जाएं, यह मैं कहना चाहता हूं।

महोदय, जो दो Appropriation Bills आये हैं, अब मैं उनके ऊपर बात करना चाहूँगा। हमारे संविधान के Article 115 में इसके बारे में provision है। हमारे संविधान ने बहुत बढ़िया तरीके से financial control पार्लियामेंट को दिया है और पार्लियामेंट का financial control सरकार के ऊपर रहता है। आप Article 115 के तहत Appropriation Bills लेकर आए हैं। मैं पहले यही बात करता हूँ कि क्या आपकी इस सरकार में financial discipline है? अगर यह होती, तो जो आंकड़े मिल रहे हैं - एक लाख करोड़, which was provided in Budget. You did not spend Rs. 1 lakh crores. क्या यह financial discipline है?

दूसरी बात, मैं समझ सकता हूं कि आपने एक 'x' amount लगाई और आपको कोई संयोग आ गया कि खर्च ज्यादा करना पड़ा, तो the Constitution has provided in Article 115 to go before the Parliament and once Appropriation Bills are passed, your expenditure will be regularized, परन्तु आप figures तो देखिए। आप 2022 का Appropriation Bill आज लेकर आए हैं। आप कौन से sector में लाये हैं, क्या आपने देखा? मैं इसका विरोधी नहीं हूं। जरूरत पड़ने पर बजट के बाहर जाकर भी खर्च कीजिए, परन्तु पार्लियामेंट में इसे justify कीजिए। जब बात होती है, तो मंत्री जी का जवाब आएगा। वे जेएनयू में पढ़ी हुई मंत्री जी हैं। मैं उनकी इज्जत करता हूं, क्योंकि वे जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में पढ़ी हुई हैं। देखिए, मेरे नाम लेते ही वित्त मंत्री जी आ गईं। मुझे बड़ी खुशी है कि आप जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में पढ़ी हुई वित्त मंत्री जी हैं। मैं आपसे उम्मीद करता हूं कि political observation नहीं, कुछ चीजें हैं, * आप प्यार से कहें, वह मैं आपके जरिए जरूर मंत्री जी को कहना चाहूंगा।

MR. CHAIRMAN: Shaktisinh*ji*, I would look into this observation.

SHRI SHAKTISINH GOHIL: Sorry, Sir.

---

* Not recorded.

**श्री सभापति** : गुस्से वाली बात अच्छी नहीं है।

**श्री शक्तिसिंह गोहिल** : मैं तो उनसे इसकी उम्मीद नहीं रखता हूं।

**श्री सभापति** : नहीं, नहीं। The entire nation will be proud.

SHRI SHAKTISINH GOHIL: With her smiling face, we can see a glorious woman here. वे बहुत अच्छी लगती हैं। हमें तो उनको देख कर प्रेरणा मिलती है। *

**श्री सभापति** : यह भी delete कर दिया जाएगा। ...(**व्यवधान**)...

**श्री शक्तिसिंह गोहिल** : परन्तु मैं उस यूनिवर्सिटी की इज्जत करता हूं। मैं यह कहना चाहता था कि वित्त मंत्री जी जरूर यह कहेंगी कि संविधान ने तो मुझे तीन-तीन बार Appropriation Bill लाने का अधिकार दिया है, लेकिन self-restriction है कि मैं दो बार ही लेकर आती हूँ। आप लाइए, परन्तु मैं आपसे यह कहता हूँ कि जो डिपार्टमेंट आपके पास additional expenditure करने के बाद Appropriation के लिए आते हैं, तो माननीय सभापति जी, मैं आपके जरिए वित्त मंत्री जी को कहना चाहूँगा कि आप उनको थोड़ा कंट्रोल कीजिए या उनके expenditure की जांच कीजिए। आपके Appropriation Bill में हमारे डिफेंस के additional expenses आए। इसमें कोई विरोध नहीं है। डिफेंस में हमारे जवानों के लिए जितना खर्चा करना है, वह कीजिए। वे हमारी सुरक्षा में तैनात हैं, उनके लिए जितना खर्चा करना चाहिए, वह कीजिए। परन्तु वहाँ क्या हो रहा है? Comptroller and Auditor General ने देखा कि हमारे उन जवान फौजियों के लिए expiry date वाला सामान दिया जा रहा है। जब वह बात उठती है, तो as Finance Minister, आप उनको थोड़ा tight कीजिए कि आप यह क्या कर रहे हैं? आप C&AG का वह Audit Para तो देखिए कि वहाँ क्या हो रहा है? जिनको उस height पर, उस ठंड में रहना है, अगर उनके लिए डीजल नहीं है, उनके लिए केरोसीन नहीं है और उनको बर्फ में चलने के लिए जो जूते चाहिए, वे उनको गलत तरीके के मिल रहे हैं, तो हम खर्च कितना भी करें, परन्तु वह सही जगह पर जाता है या नहीं, वह देखा जाए।

सभापति महोदय, आयुष्मान की बहुत बात होती है। मैं आपके जरिए यह कहना चाहता हूं कि आयुष्मान की बात होने के बाद, इस पर जो खर्च होता है, उसके बारे में मैं तीन दिन पहले की इसी की एक individual बात जरूर करना चाहूंगा। अहमदाबाद म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की एसवीपी अस्पताल में एक मरीज एडमिट हुआ। वह कच्छ का था। जब वह एडमिट हुआ, तो उससे पूछा गया कि क्या आपके पास आयुष्मान कार्ड है? उसने कहा, हाँ है, तो उसे कहा गया कि आपका एक भी पैसा नहीं लगेगा। वह एडमिट होता है, उसकी treatment शुरु होती है और उसे कहा जाता है कि तुम्हारी पांव काटनी पड़ेगी। जब वह वहीं किसी दूसरे डॉक्टर को अपना prescription दिखाता है, तो वे कहते हैं कि less circulation of blood है, stent लगा देने से

* Not recorded.

circulation हो जाएगा, पांव काटने की जरुरत नहीं है। उसके बाद वह कहता है कि मुझे अस्पताल से छुटटी दे दो, क्योंकि मुझे अपनी पांव नहीं कटवानी है। उस पर उसको कहा जाता है कि नहीं, पैंतीस हजार रुपए भरो। उसके बाद उसने कहा कि आपने कहा था कि आयुष्मान कार्ड होने पर पैसे नहीं देने होंगे। इस पर उसको कहा गया कि यदि आप पांव कटवाओगे, तो free treatment और यदि इलाज आधी छोड़ कर जाना है, तो पैंतीस हजार रुपए भरने पड़ेंगे। मैं patient के नाम के साथ डिटेल देता हूँ। क्या यह आयुष्मान का काम है? मैं वित्त मंत्री जी की मंशा पर कोई doubt नहीं करता हूँ। In our State, I was also Finance Minister. When the department comes to us, it is our duty to face the Assembly or Parliament. पर, जो department यह किया है, उस department को यदि उनके मंत्री नहीं कहते हैं, तो hon. Finance Minister उसे tight कर सकती हैं। जहां यह चल रहा है, वहाँ आप अपनी उस power को यूज़ करके ऐसा कर सकती हैं।

सर, 'मनरेगा' के लिए allocation होता है, extra budget की बात आती है। मैं बड़ी जिम्मेदारी के साथ कहता हूँ and I will send the copies of those newspapers where the journalists have done some investigative journalism. 'मनरेगा' में क्या होता है? उसमें मरे हुए आदमी का नाम है। उसका पैसा कहीं और चला जाता है। अभी दाहोद का मामला आया है, जिसमें contractor के नाम पर करोड़ों रुपए का बिल है। मजदूर के accounts खुलवा कर उनका ATM cards अपने पास रखते हैं और सीधा पैसा उनके पास जाता है। गुजरात में सीबाआई से investigation करवाइए। मैं दावे के साथ कहता हूँ कि उसमें यह पता चलेगा कि कितना पैसा गरीब को मिलता है और कितना पैसा बड़े मगरमच्छ खा जाते हैं। उसमें अधिकारी भी शामिल हैं। स्टेट की पुलिस के द्वारा या स्टेट के किसी एजेंसी के माध्यम से कोई इन्वेस्टिगेशन नहीं होगा। इसमें या तो ज्यूडिशरी मॉनिटर्ड इन्वेस्टिगेशन होगा या यह होगा, तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। We are the treasurers of the Government money. हम लोग यहाँ आते हैं, बैठते हैं, जनता का पैसा जनता के हित के लिए खर्च हो - यही हमारा काम है। इसके लिए जो Appropriation Bill आया है, उसके संबंध में मैं यह कहना चाहूँगा कि आज financial discipline की जरूरत है। ...(**समय की घंटी**)... आज इसे देखने की जरूरत है।

महोदय, आपने मेरी पूरी स्पीच को बड़े प्यार से, प्रोत्साहित करते हुए बिना रोके-टोके सुना, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। वित्त मंत्री जी भी यहाँ पर आ गई हैं, इसलिए मैं उनका भी धन्यवाद करते हुए अपनी बात खत्म करता हूँ।

MR. CHAIRMAN: Dr. Ajeet Madhavrao Gopchade; fifteen minutes.

**डा. अजित माधवराव गोपछड़े** (महाराष्ट्र): सभापति महोदय, मैं आपकी लंबी आयु के लिए भगवान से प्रार्थना करता हूँ। आप आज आए, तो पूरा सदन हंसी से खिल उठा है। हम सभी सब आपकी लंबी आयु के लिए ईश्वर से प्रार्थना करेंगे। हम सब आपके साथ हैं। हमारे सदस्य जी ने विपरीत दृश्य बताने की बात की है। सच तो यह है कि मणिपुर एक देवभूमि है, स्वर्ण भूमि है। मणिपुर राज्य हिंदुस्तान की आर्थिक प्रगति में बहुत बड़ा योगदान दे रहा है। मणिपुर को 'sana leibak' कहते हैं। इसका मतलब यह है कि यह स्वर्ण भूमि है। इसको 'ला लै बाक' कहते हैं, यानी

देवभूमि कहते हैं। यहाँ 'भारत जोड़ो' की बात की गई, तो मैं यह पूछना चाहता हूँ कि 'भारत जोड़ो' की बात करने वाले अलग एडमिनिस्ट्रेशन की मांग क्यों करते हैं? अगर सच में आपको मणिपुर से प्रेम है, तो आप विपरीत दृश्य बताने की बजाय उस मणिपुर के ऊपर solution दीजिए।

माननीय सभापति जी, मैं आपको बताना चाहता हूँ कि मणिपुर राज्य की सारी महिलाएं आर्थिक प्रगति में बहुत आगे बढ़ रही हैं। एशिया में यहां पर महिलाओं का सबसे बड़ा मार्केट है और उसका नाम 'इमा मार्केट' है । यहां पर सामान बेचने का अधिकार सिर्फ महिलाओं को है, पुरुषों को नहीं है। वहाँ जो वस्तुएँ होती हैं, जैसे धान, फ्रूट्स, सब्जी आदि हैं, इन सब वस्तुओं को सिर्फ महिलाएँ बेचती हैं। वहां की आयु रेखा बहुत बड़ी है। सूरज की किरणें वहां सुबह 3 बजे आती हैं और सूर्यास्त भी जल्दी होता है। मैं मानता हूं कि मणिपुर एक ऑर्गेनिक स्टेट है, मणिपुर में धार्मिक-सांस्कृतिक धरोहर है, मणिपुर की कृष्ण और राधा की रासलीला एक अंतरराष्ट्रीय हेरिटेज बन चुकी है। मणिपुर को बदनाम करने की कोशिश मत कीजिए। मैं यह चाहता हूं कि यह प्राचीन परंपरा, प्राचीन संस्कृति हमेशा बनी रहे। प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री जी ने इस बजट के माध्यम से मणिपुर को जो मदद की है, उसमें खेलकूद में मणिपुर आगे बढ़ रहा है। वहां माननीय प्रधान मंत्री जी ने राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की है। वहां की सरिता देवी, नीलकमल, कुंजारानी, मेरीकॉम, बाला देवी जैसी 30 महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने ओलंपिक में हमारा नाम बढ़ाया है, इसलिए मोदी जी ने 2018 में मणिपुर को एक नेशनल स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी दी है। इसके लिए मैं प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं आंकड़े भी बताना चाहता हूं कि वहां पर वर्ष 2021 में 317 करोड़, 2022 में 213 करोड़, 2023 में 467 करोड़, 2024 में 543 करोड़ की राशि आवंटित की गई और 2025 में अनुमोदित राशि 987 करोड़ है। यहां पर हमेशा विपरीत दृष्टि बताई जाती है। मैं कांग्रेस के अपने साथी को बताना चाहता हूं कि जो वार्षिक बजट है, वह 2014 के पहले 5 साल में सिर्फ 2,122 करोड़ था और 2025-26 में उसको बढ़ाकर 5 गुना कर दिया गया। मैं माननीय वित्त मंत्री और प्रधान मंत्री जी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि उन्होंने इसको 5 गुना करके 10,440 करोड़ किया है। मैं प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री जी का मन से बहुत आभारी हूं, क्योंकि इन्होंने बुनियादी ढांचे के विकास के लिए बहुत सारे प्रयास किये हैं। 6 दिसंबर, 2024 को 28 नए नवोदय विद्यालयों में से तीन नवोदय विद्यालय मणिपुर को दिए गए हैं, जो Thoubal, Kangpokpi और Noney में स्थापित होंगे।

सर, मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री जी को इस बात के लिए बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं कि 7 मार्च, 2024 को उत्तर-पूर्व क्षेत्र में औद्योगिक विकास के लिए परिवर्तनकारी औद्योगिकीकरण योजना लाई गई है। उन्नति-2024 में 10,037 करोड़ की लागत से यह कार्य किया गया है। सर, मैंने अभी आपको राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय के बारे में बताया। 2020 में नये आईआईटी, इम्फाल का उद्घाटन किया गया है और उस आईआईटी से हिंदुस्तान के सभी छात्र लाभ ले रहे हैं। स्मार्ट सिटीज़ मिशन में इम्फाल को चयनित किया गया है, यह भी हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उत्तर-पूर्व विशेष बुनियादी ढांचा विकास योजना के अंतर्गत मणिपुर में 8 सड़कें और पुल की परियोजनाओं में 375 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। वहां पर 235 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 2,411 करोड़ से भी अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। प्रधानमंत्री डिवाइन योजना के थ्रू मणिपुर की प्रमुख परियोजनाओं में बुनियादी ढांचे का विकास किया गया है। एमटीयू, जिसे मणिपुर का तकनीकी विश्वविद्यालय कहा जाता है, उसके माध्यम से

मणिपुर के आईटी के प्रोसेसिंग ज़ोन का विकास किया गया है। वहां एक 60 बिस्तरों वाले मेंटल हॉस्पिटल का निर्माण भी किया गया है। यहां मणिपुर के राज्य सभा सांसद, महाराजा जी बैठे हैं। इनकी ग्रेट ग्रैंड मदर के नाम से स्थापित धनमंजूरी विश्वविद्यालय के बुनियादी ढांचे का भी विकास किया गया है।

सर, मैं और क्या-क्या चीज़ बताऊं? मणिपुर में एक ब्लैक मिट्टी मिलती है, जो वहां लोम्पी में होती है, जो कि उखरुल जिले में आता है। वहां की काली मिट्टी में मेडिकल साइंस छुपा है। इस मिट्टी के पॉट में पानी अपने आप फिल्टर होता है। उस पॉट में रखा गया पानी गर्मी में भी ठंडा रहता है। सब्जी, दही, दूध, खाना, ये सारी चीजें ब्लैक पॉट में रखी जाती हैं। प्रधान मंत्री जी ने इस चीज को देखा और लोम्पी ब्लैक पॉटरी के प्रचार के लिए इस गांव को कलाकार गांव की संज्ञा दी है। इसके लिए मैं प्रधान मंत्री जी का मन से आभार व्यक्त करना चाहता हूं। ऐसा ही विजन रहना चाहिए। सड़क और रेलवे का विकास - 2014 के बाद 1,800 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया गया। भारतमाला परियोजना में 635 किलोमीटर राजमार्ग को 11,102 करोड़ की मंजूरी मिली है। 1,026 किलोमीटर की 50 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं में से 44 परियोजनाएं पहाड़ी क्षेत्रों में दी गई हैं। यहां पर हिल और वैली को अलग-अलग नहीं समझा गया है। वैली और हिल दोनों को समान रूप से देख कर हिल क्षेत्रों में भी बिना किसी जाति, पंथ या धर्म का भेदभाव किए इन सभी परियोजनाओं को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ा है। इसके लिए मैं प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री जी का मन से धन्यवाद देना चाहता हूं।

वर्ष 2016 में मणिपुर को ब्रॉड गेज नेटवर्क से जोड़ा गया, जो अब जिरीबाम तक पहुंच चुका है। वर्ष 2022 में पहली मालगाड़ी यहां पहुंची, जिसका नाम मणिपुर की स्वतंत्रता सेनानी रानी गाइदिनल्यू के नाम पर रखा गया। यह मालगाड़ी 2022 में इस रेलवे स्टेशन पर पहुंची। इम्फाल रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य शुरू हो चुका है। रेल मंत्री जी की इस पहल के लिए मैं उनको हार्दिक धन्यवाद देता हूं। 'अमृत भारत योजना' के अंतर्गत इम्फाल रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य प्रारम्भ हो चुका है। इसलिए, प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री जी का मन से आभार व्यक्त करता हूं।

पूर्वोत्तर रेलवे बजट आवंटन के संदर्भ में, मैंने पहले भी कहा है कि कांग्रेस ने पांच साल में मात्र 2,122 करोड़ रुपये का आवंटन किया था, जबकि, हमारी सरकार ने मात्र एक वर्ष में 10,440 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो कांग्रेस के मुकाबले पांच गुना अधिक है। इसलिए, मैं प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री जी को मन से धन्यवाद देता हूं।

'जनधन योजना' के अंतर्गत पूरे भारत में कुल 54 करोड़ खाते खोले गए हैं, जिनमें मणिपुर का योगदान 11 लाख खातों का है। इनमें 57 परसेंट महिलाएं हैं। 'पीएम मुद्रा योजना' के तहत अब तक 31 लाख करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया गया है, जिसमें मणिपुर को 2,850 करोड़ रुपये का ऋण प्राप्त हुआ है।

'जल जीवन मिशन' के तहत पूरे देश में 12 करोड़ नल कनेक्शन दिए गए हैं, जिसमें मणिपुर को 3.3 लाख नल कनेक्शन मिले हैं। मैं प्रधान मंत्री जी का धन्यवाद इसलिए करता हूं कि उन्होंने 'पीएम आवास योजना' के अंतर्गत भारत में 2.68 करोड़ घर गरीबों को उपलब्ध कराए हैं। इसी योजना के तहत मणिपुर में भी बहुत सारे घर गरीब भाइयों और बहनों को दिए गए हैं।

'स्वच्छ भारत मिशन' के तहत भारत में अब तक 11.79 करोड़ शौचालयों का निर्माण हुआ है, जिनमें से मणिपुर में 2.8 लाख शौचालयों का निर्माण प्रधानमंत्री जी और वित्त मंत्री जी के सहयोग से हुआ है।

'पीएम उज्ज्वला योजना' के तहत – मैंने मणिपुर की महिलाओं के बारे में भी बोला है। स्वतंत्रता संग्राम में हमारी महिलाओं ने भी बहुत बड़ा योगदान दिया है। वर्ष 1904 में और वर्ष 1929 में यहां की महिलाओं ने अंग्रेज़ों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। इसलिए, मैं हमारी मणिपुरी माताओं और बहनों का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। 10.33 करोड़ लाभार्थियों को देशभर में गैस कनेक्शन मिले हैं। प्रधान मंत्री जी ने 'पीएम उज्ज्वला योजना' लाकर एक सफल प्रयास किया है, क्योंकि मैं खुद महीने में एक बार मणिपुर जाता हूं। मैंने देखा है कि इस योजना के तहत भारत में 10.33 करोड़ लाभार्थी हैं और यहां हमारी ढाई लाख महिलाएं उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थी हैं। मणिपुर में 2.5 लाख महिलाओं को इस योजना का लाभ मिला है। मणिपुर एक छोटा राज्य हो सकता है, लेकिन इसका महत्व बहुत बड़ा है। यहां केवल दो लोकसभा सीटें हैं, परंतु यह देवभूमि है। मणिपुर की संस्कृति, परम्पराएं, विवाह संस्कार, अंतिम संस्कार, यहां की प्राकृतिक धरोहर – सब कुछ अद्भुत हैं। विपक्ष के लोग मणिपुर के बारे में जो बातें बोल रहे हैं, वे विपरीत बातें बोल रहे हैं। हमें मणिपुर की अच्छाइयों को दुनिया के सामने लाना है। यहां का ऑर्गेनिक बाजार, फल, सब्जियां विश्व प्रसिद्ध हैं। मणिपुर के लोग ईमानदार, मेहनती और सच्चे हैं। प्रधानमंत्री जी के हृदय में मणिपुर हमेशा रहा है और हमेशा रहेगा। यहां 'पीएम किसान योजना' लागू की गई, यहां ऑर्गेनिक खेती होती है। ऑर्गेनिक खेती करने वाले किसानों को प्रमोट करने के लिए प्रधान मंत्री जी ने बहुत बड़ा सपना देखा है। यहां के 85,917 किसानों को पीएम किसान योजना का लाभ

[**उपसभाध्यक्ष (श्री प्रमोद तिवारी)** *पीठासीन हुए।*]

मिला है। इसलिए, मैं प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री जी का मन से आभार व्यक्त करता हूं। माननीय सभापति महोदय, यहां पर ऐसा बोला गया है कि मणिपुर को कुछ नहीं दिया गया है। इसमें क्या-क्या नहीं दिया गया है? कर हस्तांतरण, अनुदान सहायता, बुनियादी ढांचा परियोजना, राजमार्ग, रेलवे, औद्योगिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य क्षेत्र और निवेश के क्षेत्र में राज्य में अर्थव्यवस्था की मजबूती की गई है। यहां पर अभी मैंने स्पोर्ट्स के विश्वविद्यालय के बारे में भी बताया है। अभी मेरे मित्र ने आयुष्मान भारत योजना के बारे में बोला। आयुष्मान भारत योजना में कुल मिलाकर 6 लाख, 47 हजार बेनिफिशियरी प्रधानमंत्री की आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से लाभ ले रहे हैं। उनको मेरा कहना है कि सच्ची बातें सदन में रखा करो और सारी अच्छी बातें रखा करो। हमेशा मणिपुर के बारे में एक गलत चेहरा दुनिया के सामने बताना अच्छी बात नहीं है। पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत मणिपुर में 35 लाख एनरोलमेंट हुए हैं। वहां पर पीएम सुरक्षा बीमा योजना में 55 लाख एनरोलमेंट हुए हैं। यहां पर अटल पेंशन योजना में 63,400 सब्सक्राइबर्स मिले हैं। स्वच्छ भारत मिशन में तकरीबन 2.8 लाख हाउसहोल्ड, जो टॉयलेट्स हैं, उसकी बात अभी मैंने की है। मैं प्रधानमंत्री जी का इसलिए भी धन्यवाद देना चाहता हूं कि जो पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना है, इसमें कुल मिलाकर 20 लाख बेनिफिशियरी पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना में काम कर रहे हैं और इसका लाभ मणिपुर की जनता को मिल रहा है। यहां पर बहुत

सारी चीजें ऐसी हैं, जिनको विदेश की मार्केट भी बहुत बड़े प्रमाण में मिल सकती है। मणिपुर प्रदूषण मुक्त राज्य है। यहां पर गर्मी में भी गर्मी नहीं होती है, एयर कंडीशन की भी जरूरत नहीं होती है, क्योंकि निसर्ग ने मणिपुर को आशीर्वाद दिया है, इसलिए मणिपुर देवभूमि है। मणिपुर के विकास के लिए प्रधानमंत्री जी का भी सपना है और मणिपुर के जंगलों में मणिपुर की जड़ी-बूटियां, मणिपुर का आयुर्वेद, मणिपुर के निसर्ग को आयुष मंत्रालय से जोड़ने का प्रधानमंत्री जी का सपना है। अभी यहां महाराजा जी बैठे हैं। वे मुझे रोज पान खिलाते हैं, जिसको मणिपुर में क्वा बोलते हैं। मैं खुद डॉक्टर हूं, लेकिन जब दो बार उन्होंने मुझे पान खिलाया, तो मेरी पेट की समस्या कम हो गई। मणिपुर में ऐसा आयुर्वेद का भंडार है। मणिपुर की अच्छी-अच्छी चीजें आप दुनिया के सामने लाओ। मणिपुर क्या है, उसके बारे में एक अच्छी चीज़ बताओ। दुनिया में मणिपुर को बदनाम मत कीजिए। मणिपुर फूलों के लिए प्रसिद्ध है। मैं आप सब लोगों को मणिपुर की और एक खासियत बताता हूं। हमारा राष्ट्रीय प्रतीक कमल है। कमल का स्थान हमारे हृदय में है। इससे वस्त्र बनाने का पवित्र कार्य हमारी माता-बहनें मणिपुर में कर रही हैं और मुझे बताने में खुशी है कि प्रधान मंत्री जी ने अपने मन की बात में हमारी इन माता और बहनों का अभिनंदन किया है। यहां की साड़ियां प्रसिद्ध हैं, यहां के हैंडीक्राफ्ट्स प्रसिद्ध हैं, यहां का ऑर्गेनिक फ्रूट प्रसिद्ध है, विदेशी पर्यटक आकर यहां की सब चीजें खरीद लेते हैं। मैं प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने भारत मंडपम में अष्टलक्ष्मी महोत्सव किया ...(**समय की घंटी**)... उसमें मणिपुर का भी उल्लेख किया गया। उसमें हजारों विदेशी पर्यटक आए। भारत मंडपम में मणिपुर की हैंडीक्राफ्ट साड़ी और ऑर्गेनिक फ्रूट का बाजार लगा था, जिसको सारे विदेशी पर्यटक ले गए। यही मणिपुर की खासियत है। प्रधान मंत्री जी इसको ही बढ़ावा देना चाहते हैं, इसलिए मेरी आपसे हाथ जोड़ के विनती है ...(व्यवधान)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री प्रमोद तिवारी) :** अब आप समाप्त कीजिए, क्योंकि समय पूरा हो गया है।

**डा. अजित माधवराव गोपछड़े :** मणिपुर को बदनाम मत कीजिए। मणिपुर को जोड़ने के लिए आप सॉल्यूशन दीजिए। मणिपुर को जोड़ने की बात कीजिए, उसको तोड़ने की बात मत कीजिए। मैं आपसे प्रार्थना करता हूं। मैं अपनी वाणी को विराम देता हूं, धन्यवाद, थैंक यू।

**उपसभाध्यक्ष (श्री प्रमोद तिवारी) :** धन्यवाद, गोपछड़े जी। अब मैं बिकास रंजन भट्टाचार्य जी से आग्रह करूंगा। आपका पांच मिनट का समय है। ...(व्यवधान)...

SHRI DEREK O'BRIEN: What about Ms. Sushmita Dev? *...(Interruptions)...*

**उपसभाध्यक्ष (श्री प्रमोद तिवारी):** इसके बाद।

SHRI DEREK O'BRIEN: Why?

**उपसभाध्यक्ष (श्री प्रमोद तिवारी) :** सीरियल में है। ...(व्यवधान)...

SHRI DEREK O'BRIEN: What is the basis? *...(Interruptions)...* No; what is the basis? ...(Interruptions)... We have 13 MPs. What is the basis? *...(Interruptions)...* We are 13 Members of Parliament*?* *...(Interruptions)...* What is going on? *...(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRAMOD TIWARI): I will tell you *...(Interruptions)...*

SHRI DEREK O'BRIEN: No, Sir; we have to follow the rules. This is the 'Rules of Parliament.' *...(Interruptions)...* What is going on? *...(Interruptions)...* What is the problem? *...(Interruptions)...*

**उपसभाध्यक्ष (श्री प्रमोद तिवारी)**: बिकास जी की रिक्वेस्ट आई थी, उसके अनुसार उन्हें पहले बोलने का मौका दिया गया है। सामान्यतः जब कोई सदस्य किसी कारण से रिक्वेस्ट करते हैं, तो उन्हें अवसर दिया जाता है। बिकास जी, आप बोलिए।

SHRI BIKAS RANJAN BHATTACHARYYA (West Bengal): Mr. Vice-Chairman, Sir, thank you for giving me time. But the point is, what prompted the Manipur Budget to be placed in the Parliament? We talk about being the 'mother of democracy', but democracy has been shattered when you find that the Indian Parliament has to take up the Appropriation Bill for Manipur. Our Prime Minister has given a new theory, that of 'double-engine *sarkar*'. अब डबल इंजन सरकार धीरे-धीरे एक इंजन सरकार बन रही है या हम पीछे चल रहे हैं? Are we going on reverse gear? And we are talking loudly of this thing and that thing! Manipur was the first place where Netaji Subhash Chandra Bose came with INA for India's Independence and that was really a historical event. Now, this Manipur, which was known to the people as a State of religious amity, a State of brotherhood, has been destroyed by the BJP Government over the last few years. If you go there, you would be shocked to see the reality of what has happened there. The schools have been destroyed. The missionary schools have been destroyed. The two communities are now standing face to face like in a war. This is the contribution of the Government there. And now, the double engine having failed there, you come back to the Parliament and speak aloud that the Prime Minister has done such a beautiful thing there. [£]Now, because of this misrule and governance, the Manipuri people are in such a position that they cannot sit with each other; they cannot talk with each other. They think that they have been deprived of the basic democratic rights given by the Indian country. And they have started asking, 'Modiji, do you think

[£] Expunged as ordered by the Chair.

Contents Page

we are a part of India or not?' I, of course, thank you, Mr. Prime Minister that you did not go there. [£]You talk in terms of religion; you talk in terms of community; you do not talk in terms of the unity of the Indian people. Therefore, it is good that the Prime Minister has not gone there. Now, the resultant effect is, you come to the Parliament with the Appropriation Bill for Manipur. What is the allocation for education? All these institutions have been destroyed and brought down to the ground by the miscreants, absolutely on the encouragement of forces spreading religious disunity. You talk in terms of religion. You do not talk in terms of the Indian people's amity and fraternity. You talk in terms of the values which were not really part of our Constitution. And, we now have the Manipur Appropriation Bill before us in Parliament. I would like to tell you, Sir, that whatever allocation they may make, it would not bring back peace for the Manipuri people ultimately. To bring back peace for the Manipuri people, let us inculcate the culture of fraternity, let us inculcate the culture of dignity of people and go forward towards building unity. Let them feel that they are a part of India; they are not alien. You have made them feel that they are alien. Now, we have to ultimately pass this Appropriation Bill, but will it really give them benefits which the Indian Constitution enshrines? Does it give the benefit of Indian unity? Let the people there feel that they have a Government which can take care of them. Now they are thinking that they will have a separate administration. Who has prompted them to think like this? It is only the BJP Government. When the situation was normal, you have made it worse. You did not take any step. Now, imposition of President's Rule is not good for the Indian democracy. Your double-engine Government has failed. Therefore, do not speak of double-engine Government again. Rather, think of concentrating on decentralization of power and giving everybody equal power in terms of their strength and in terms of their own culture, education, language, etc. Don't try to impose anything from Centre. That would really break the country. We would appeal, while considering the Appropriation Bill, let the Manipuri people feel, without them being *Meiti* or *Kuki*, that they are Manipuri and a part of India, the great country where Netaji Subhash Chandra Bose had landed. With these few words, I conclude, Sir. Thank you for giving me time.

**श्री सामिक भट्टाचार्य** : सर, ...(**व्यवधान**)....

**उपसभाध्यक्ष (श्री प्रमोद तिवारी) :** मैंने आपको इजाजत नहीं दी है। आपने जो कुछ बोला है, वह कार्यवाही का हिस्सा नहीं बनेगा। सुष्मिता देव जी।

---

[£] Expunged as ordered by the Chair.

MS. SUSHMITA DEV (West Bengal): Sir, today the debate is a very novel experience for me for the reason that we are debating the Appropriation Bills regarding the Union Budget and, at the same time, we are debating the General Budget of the State of Manipur. सर, सच पूछिए, तो मैं थोड़ा नर्वस थी कि दोनों को कैसे कम्बाइन करूं? How to get my head around the figure? But in the last 10 minutes, I am feeling slightly more confident about this speech because if a Member of the Council of Ministers can mistake a debate on a 'Ministry' with 'Budget', then, I am sure that this House will give me some leeway.

Hon. Finance Minister is amongst us; I am happy to see that. As regards to Union Budget, an additional spending of about Rs.6,78,508.10 crores for 2025-2026 with 52 Grants and 3 Appropriations passed in the Lok Sabha, have come to the Rajya Sabha and have to be returned from here. The backdrop is grim and I would not like to repeat all the points that various Members of the Opposition have already stated in the discussion on the General Budget. I am sure that the entire nation knows what the state of affairs is when it comes to household savings, food inflation, income inequality, share of manufacturing, unemployment, etc., and the value of the rupee. This Government has kept us all very busy in slogans. There is one particular slogan about which, I think, every Member will speak and the hon. Member, who spoke just before me, also spoke about it. It is coined by none other than the BJP; it is aggressively used by none other than the hon. Prime Minister and the Ministers of the Government of India. It is 'double engine'. What does the word 'double engine' means in a campaign in a State Legislature? I do not know. But I can give a plethora of examples, and this is my view that 'double engine' comes as an intimidation to the people of the State. If you want the desired rate of progress in your State, then please do vote for the BJP because the BJP is in the Centre. That is how the term 'double engine' has been coined. You may say that this is a bald allegation; it is not relevant to a debate on Supplementary Grants but I will try my best to justify myself. In the case of Bengal, we hear all the Ministers constantly targetting Bengal. You have heard our hon. Members of Parliament representing Bengal repeatedly saying that Rs.1.7 lakh crores under various Heads from the Centre are pending for the State of Bengal -- Rs.7,000 crore of NREGS depriving 59 lakh workers and Rs.8,000 crore of Awas Yojana. I am very relieved that it is the Standing Committee, none less than the Standing Committee, which, at page 63, para 3, strongly recommended the release of NREGS funds to Bengal. It is strongly recommended. While expressing its disappointment for no increment in the Budget for NREGS, they have called NREGS a social security that actually helps in giving 100 days of employment to people who wish to work, but do not have employment. I want to tell the hon. Minister that you

talk about irregularities, but the NREG, which is an Act and not some ordinary scheme, in Section 27, does put some duty upon the Government of India. What is that? It states that if there is an irregularity, you can investigate, you can institute an inquiry, you can send a team, look at it, but it is incumbent on the Government of India to institute proper remedial measures for proper implementation within a reasonable period of time. Since the last Assembly election, this is pending. There is a case pending in the High Court, but the Government of India is refusing to solve this problem. This is not an attack on the hon. Chief Minister, Ms. Mamata Banerjee; this is a direct attack on the people of Bengal, and I once again appeal that on humanitarian grounds, please release this fund. Today, my colleague, Shri Ritabrata Banerjee, has already stated. It is not just about Bengal today. I feel compelled to speak for Tamil Nadu and Kerala also, where their Railway Budgets have been consistently cut, and the figures are in my hand, but it has already been stated. This is another example of saying, अगर डबल इंजन नहीं होगा, तो पैसा नहीं मिलेगा। This is a £ of federalism. This is an insult to our Constitution and our electorates who have repeatedly shown that they vote one way in the Panchayat; they vote another way in the Assembly; and, they chose to vote another way in the Lok Sabha. Every Chief Minister must accept it and every Central Government must accept it. जो डबल इंजन बीजेपी की सरकार चल रही है, मैं उनको बता दूँ कि even they have not been spared. From what? From cess. The Finance Commission has repeatedly said, please do away with the practice of increasing cess and surcharges for the simple reason that it adversely impacts the divisible pool of taxes. It is a less transparent way and the States do not get an allocation from it. But, till today, the Government of India is blind to those recommendations. So, your double engine, where you have BJP Chief Ministers, I speak to them and appeal to their conscience that you may think that you are one of the drivers in the State, but actually, you are not driving that second engine.

Now, I come to Manipur. मणिपुर के लोगों ने तो देश के प्रधान मंत्री को दो-दो टर्म डबल इंजन सरकार दी। 2017 में दी, 2022 में दी और 2022 में absolute majority में दी। पर आज what happened? What has this double engine *sarkar* given to the people of Manipur? सर, मैं तो मणिपुर एक बार नहीं, हजार बार गई हूँ। मेरे क्षेत्र के पास में ही मणिपुर का बॉर्डर है। मैंने अपनी आँखों से जो देखा है, वह मैं बोलती हूँ कि Manipur is burning, and I appeal to the hon. Finance Minister of India that today -- what we expected for our neighbouring State, which is called 'jewel of India' -- you will not give us a run-of-the-mill Budget. We do not want a run-of-the-mill Budget. It was a golden opportunity for the Prime Minister Modi to vindicate himself and I had introduced that

---

£ Expunged as ordered by the Chair.

idea in the Parliament saying, "Give them a package." Today, I will not say that there are no allocations for Manipur. That would be lying. It is documented. Today, what are they saying? They are saying that we will give you Rs.500 crores in the Contingency Fund. Contingency Fund is for unforeseen circumstances or situations which the Assembly has not approved. सर, मैं आपको सिर्फ एक आँकड़ा देती हूँ। And, I request the Minister to reconsider this. Internet shutdowns in Manipur alone have been for 212 days; 5,088 hours out of the total of 7,812 hours nationwide. What is the estimated loss? I am not saying this. Independent NGOs and reports are saying that the total loss to India is 585.4 million dollars, and 60 per cent of the Internet disconnect was in Manipur. So, let us make an estimate on what the loss is. The Government has said that it will give you PM-SHRI funds of about Rs.750 crores. I thank you for giving that.

But, Sir, जो schools पीएमश्री में apply करने के लिए compete करते हैं, उनको portal में log-in करना पड़ता है। उसके लिए internet connection की जरूरत होती है। And, what did we see? We saw students who were studying outside Manipur could not receive even money transfers. What did we see? We saw that because of lack of internet, e-commerce even suffered. Today, Madam Finance Minister is talking about CRF funds. For 66 days of blockade of NH 2 and 37, what is the estimated loss? It is 1,700 crores of rupees. Rs.250 crore is the allocation that has been given. Hon. Minister may like to enquire into this.

सर, आप रोड बनाइए। हम उसका स्वागत करते हैं। हम सड़कों का स्वागत करते हैं। मैडम, रेलवे लाइन बनाइए, we want that, but I want to ask you कि जो लोग सीना ठोक कर 'Act East' कहते थे, मणिपुर के मामले में तो यह 'Act Least' हो गया। उधर यह 'Act Least' हो गया। मणिपुर 22 महीने जलता रहा। एक सदस्य स्मार्ट सिटी की बात कर रहे थे। वे 700 करोड़ की बात कर रहे थे। मुझे इस स्मार्ट सिटी को देखने का मौका 2023 के दंगों के बाद मिला, क्योंकि हमारी नेता ममता दीदी ने पहला डेलिगेशन मणिपुर में 2023 के जुलाई महीने में भेजा। उस समय वहाँ सन्नाटा था। उस शहर में सन्नाटा था, वहाँ लोग नहीं थे, कर्फ्यू लगा हुआ था। आप इमारत बना सकते हैं, आप ब्रिज बना सकते हैं, आप बिल्डिंग बना सकते हैं, परन्तु अगर आप समाज को एक साथ नहीं रख सकते, this Budget will remain just a piece of paper that cannot be implemented. Sir, I can go on and on and on. I want to say one more thing. Manipur is a small State, but Manipur is the gateway to East Asia. And, unless there is peace in Manipur, the entire North East area will remain disturbed.

In the NHM, they have given Rs. 514 crores, but I am sad to say that Manipur reported the highest average out-of-pocket expenditure in the country for institutional child-birth, which is one of the key priorities for NHM. I want to say that, due to the entire situation which unfolded, we have to have a debate on the Budget for the State of Manipur here but, I feel, that it is a case of missed opportunity that we could not give Manipur a message that we are with them.

सर, हम प्रधान मंत्री जी के विपक्ष में बोलते हैं। यह डेमोक्रेसी में होता है, परन्तु मेरा मानना है कि पूरे सदन में जितने भी सदस्य बैठे हैं, चाहे वे मणिपुर के महाराज हों या मैं जो उत्तर-पूर्वांचल की एकमात्र सांसद हूँ, अपोजिशन में बैठी हूं, मुझे लगता है कि कोई भी इस बात को अस्वीकार नहीं कर सकता कि मणिपुर में जो हुआ, that is unprecedented. ...(**व्यवधान**)... ऐसा नहीं है कि मणिपुर में President's Rule पहले नहीं हुआ है, वह जरूर हुआ है और मेरा विश्वास है कि बीजेपी के लोग बोलेंगे कि वह यहां हुआ, वहां हुआ, इस वक्त हुआ, उस हालात में हुआ, परन्तु मैं यह कहती हूं कि जिस हालात में मणिपुर में President's Rule हुआ, उसे यह देश कभी नहीं भूलेगा। इस बात को यह देश कभी नहीं भूलेगा।

सर, मैं इसकी chronology समझा देती हूं। वहाँ पर पहले 3 मई को हिंसा हुई। मेरी कॉम, जो हमारे यहां सदस्या थीं, उन्होंने 4 मई को Twitter में लिखा कि वहाँ थानों से weapons लूट लिये गये, गांवों के बाद गावों में आग लगा दी गई , परन्तु प्रधान मंत्री जी कुछ नहीं बोले। प्रधान मंत्री जी कुछ नहीं बोले। 29 मई को Peace Committee बनायी गयी। I admit that Amit Shah ji went to Manipur. I am not denying it. He made the Peace Committee, but the reason why that Peace Committee did not work properly is because they had objections to the hon. former Chief Minister of Manipur being a part of it. परन्तु बीजेपी ने कोई कदम नहीं उठाया।

सर, 30 जुलाई को बीरेन सिंह जी ने resignation लेकर जाने की कोशिश की, लेकिन वहां पर उनको रोक दिया गया, परन्तु दिल्ली से कोई नेता वहां नहीं गया। सर, पूरे 2024 में बीजेपी की MLAs यहां पर आते रहे, वे कहते रहे कि वहाँ लीडरशिप में परिवर्तन लाइए, परन्तु बीजेपी ने कोई भी कदम नहीं उठाया। ...(**व्यवधान**)... ऐसी क्या बात है? फरवरी में ऐसा क्या हुआ कि सीएम बीरेन सिंह को हटाया गया। वे खुद जाकर resignation दे आए। Sir, chronology is the key, the answer, to this question. आप देखिए, जुलाई, 2024 में गवर्नर को हटाया गया और मिस्टर भल्ला, जो इस वक्त गवर्नर हैं, उनको दिसम्बर, 2024 में लाया गया। जिस स्टेट में President's Rule है and Governor exercises power, मतलब ऐसे हालात हैं कि इन 6 महीने असम के गवर्नर को मणिपुर का चार्ज देकर रखा गया। इतनी अस्थिर व्यवस्था थी! There was no full-time Governor for Manipur. सर, फरवरी में क्या हुआ? सर, फरवरी में दो चीजें हुईं - पहला, if I am not wrong, Dr. Singhvi is here, 3 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट का एक ऑर्डर आया और वहाँ सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि Manipur tapes को Central Forensic Science Laboratory में भेजा जाएगा और किसकी आवाज वहाँ पर है, जो कह रहा है कि हाँ, मैंने मणिपुर में दंगे कराए, उसका जवाब 24 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में मिलेगा। The tide started turning. ...(*Interruptions*)...

**श्री सामिक भट्टाचार्य** : सर ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री प्रमोद तिवारी)** : मैं आपको अनुमति नहीं दे रहा हूँ। ...(**व्यवधान**)... कृपया आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... आप बिना अनुमति के बोल रहे हैं, इसलिए कृपया आप बैठ जाएँ। ...(**व्यवधान**)... आप जितना बोलेंगे, मैं उतना एक्स्ट्रा टाइम उनको दूँगा। ...(**व्यवधान**)...

MS. SUSHMITA DEV: Last but not the least ...(*Interruptions*)... Manipur State has not had an Assembly Session since 12th August, 2024. ...(*Interruptions*)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री प्रमोद तिवारी) :** कृपया आप बैठ जाएँ, अन्यथा I will name you. कृपया आप बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)...

MS. SUSHMITA DEV: Sir, since August 12th August, 2024, Manipur State has had no Assembly. What does the Constitution say? Article 174 of the Constitution is very clear. You cannot have a gap of more than six months between two Assembly Sessions as per Article 174. What was the deadline? It was 12th February, 2025. अगर 12 फरवरी को असैंबली बैठती, तो क्या होता? यही होता कि मणिपुर के मुख्य मंत्री 'No Confidence' में हार जाते। This is the chronology, Sir. इसीलिए 9 फरवरी को सीएम बीरेन सिंह जी का इस्तीफा लिया गया। दो दिन वहाँ बीजेपी बैठी, कोई consensus नहीं बना । वह वहाँ सीएम के resignation के बाद सरकार नहीं बिठा पाई और 13 फरवरी को President's Rule लागू हुआ। Sir, the President's Rule was not imposed to save Manipur. जब 22 महीने मणिपुर जल रहा था, तब ऐसा नहीं हुआ। President's Rule was imposed to save the Bhartiya Janta Party and the Prime Minister from embarrassing political situation. And I tell you, Sir, that this has been exposed before the State. What do I expect from the hon. Finance Minister? My non-partisan view is, Madam, give Manipur a package. With folded hands, I am telling you, send them the right message, and, I am sure, that people of Manipur will unite again. माननीय सदस्य जो बोल रहे थे, मैं उनसे सहमत हूँ। मणिपुर के लोगों को बदनाम मत कीजिए। Manipur has fought insurgency for decades and come out of it. आपको डबल इंजन की सरकार का मौका दिया गया था, लेकिन आप उस पर खड़े नहीं उतर पाए। मणिपुर के लोगों को फिर से unite कीजिए और उसमें प्रगति हो, यही मेरी रिक्वेस्ट है। ...(**समय की घंटी**)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRAMOD TIWARI): Thank you. Now, Shri R. Girirajan. Do you want to speak in Tamil?

SHRI R. GIRIRAJAN (Tamil Nadu): Yes, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRAMOD TIWARI): Okay. Go ahead.

SHRI R. GIRIRAJAN: Thank you, Sir, for giving me the opportunity. The Government is estimated to spend Rs.50,65,345 crores in 2025-26. This is an increase of 7.4 per cent over the Revised Estimates of 2024-25. The revenue expenditure is estimated to increase by 6.7 per cent and the capital expenditure is estimated to increase by 10.1

per cent over the Revised Estimates of 2024-25. Sir, a progressive State like Tamil Nadu is penalized for keeping the democratic rights of the people of Tamil Nadu as the top priority whereas some of the bigger States with very high population are getting the lion's share from the central exchequer. Sir, 60 per cent of total revenue

5.00 P.M.

generated is collected from Maharashtra and South Indian States like Tamil Nadu. But whether we are getting our due share of money back for our own development projects is a billion dollar question. The people of Tamil Nadu have been [£] by the Union Government year after year since 2014. This is undemocratic and untenable.

The Government proudly says that it has cut the fiscal deficit considerably. But behind this cut, we, the people of India, have to bear the heavy reduction in the allocation for the important schemes like MGNREGA. This is like cutting one's leg to fit the shoes. What else can we say? The hon. Finance Minister has [*] the aspirations of the people of Tamil Nadu being a Tamil mother by shrinking the share of funds allocated under various schemes to Tamil Nadu though the contribution of Tamil Nadu to the Central Exchequer is substantial. Our funds have been cut for SSA Fund and Flood Relief Fund.

Tamil Nadu is the most progressive State in the country with just four per cent of the total area of the country and just six per cent of the total population but contributes nine per cent of the total GDP to the country. Yet it received just 25 per cent from the Union Government for the implementation of projects in Tamil Nadu.

I would like to know from the hon. Minister what the contribution of some bigger States is where there is a *Double Engine ki Sarkar* to the country's GDP. Zero. And how much more funds are provided by the Union Government for these *Double Engine ki Sarkar* States whose population and extent are much higher than that of Tamil Nadu? I hope the Finance Minister has answer to this logical question.

I would like our Union Finance Minister, Shrimati Nirmala Sitharaman, to take a leaf out of our hon. Finance Minister of Tamil Nadu to present a progressive, people-oriented Budget without compromising and without neglecting the interests of the poor, the downtrodden and the middle-class people.

---

[£] Expunged as ordered by the Chair.

[*] Not recorded.

The Government of Tamil Nadu has projected its revenue receipts at Rs.3,31,569 crore. The State's own revenue constitutes 75.3 per cent of total revenue receipts. The balance 24.7 per cent comes from the share in Central taxes and grants-in-aid from the Union Government. The Government's revenue from its own taxes are estimated to increase by 14.6 per cent in 2025-26. The expenditure of the Government of Tamil Nadu is projected to be Rs.4,39,293 crore in 2025-26 which is an increase of 9.95 per cent over 2024-25 Revised Estimates. The major portion is spent on various welfare schemes for the people, especially the poor, the vulnerable and the marginalised people.

The Government of India keeps on providing impetus to economic growth through spending for capital expenditure which is projected at Rs.57,231 crore which is an increase of 22.4 per cent over 2024-25 Revised Estimates whereas the Government of India has reduced the capital expenditure in order to reduce the fiscal deficit.

The Union Government's decision on reducing the allocation of MGNREGS and not to cut GST and taxes on petrol and diesel is a gross injustice to the people of India. Between 2014 and 2024, in the ten-year period, food inflation was 6.18 per cent, education inflation was 11 per cent and healthcare inflation was 14 per cent. These have crippled Indian households. Household savings have fallen from 25 per cent to 15 per cent. Average monthly per capita expenditure of a rural family is only Rs.4,226. In urban areas, it is Rs.6,996. It is not possible for the Government of India to achieve the goal.

The per capita income in Tamil Nadu is five times more than that of the per capita income of Bihar, three times more than the per capita income of Uttar Pradesh and almost twice that of the nation if Tamil Nadu's and Maharashtra's income are not included. This is the sorry state of affairs of the country. But the people in the Treasury Benches are challenging the people of Tamil Nadu by not providing their due share of funds for education, Railways, infrastructure, etc.

Sir, we have to pity on the people of Manipur. No State in India has seen more violence and murders than Manipur. The most pitiable part is that our hon. Prime Minister has travelled the length and breadth of the globe in the last three years, but is not having mind or compassion or humility to visit Manipur. Why? What prevents him? Who is stopping him? Why can't he visit the battered people of Manipur and have a few comfortable words with them? A few empty words were spoken by the hon. Prime Minister and not even a single substantial step was taken by the Union Government to safely handle the Manipur crisis. It was the widespread reporting of

the shameful incident of public humiliation of two tribal women that led to the judicial intervention by the Supreme Court.

Now, after heavy £ and beatings, no matter how much money is provided to Manipur, the wounds in the minds of the people will never heal. ...(*Time-bell rings.*)... The scar will be there forever that stand as a testimony to the inadequacy of the Union Government. £ The people who murder democracy and federal rights of the people cannot bring peace and prosperity to any nation. History will teach them a big lesson very, very soon. Thank you.

**श्री संजय सिंह** (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली) : मान्यवर, आपने इस विषय पर मुझे अपनी बात कहने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

मान्यवर, मणिपुर के मुद्दे पर जब मैंने सदन में यह विषय उठाया था, हो सकता है कि मेरे तरीके से सरकार असहमत रही हो, लेकिन मुझे भारतीय संसदीय इतिहास में सबसे लम्बे समय तक निलंबित रखा गया। मणिपुर का मुद्दा उठाने के कारण मैं 11 महीने तक निलंबित रहा। मान्यवर, मैं 11 महीने सदन से बाहर रहा।

मान्यवर, मणिपुर का बजट ऐसे समय में प्रस्तुत किया जा रहा है जब देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति बेहद नाजुक है। बीते पाँच महीनों में शेयर बाजार में देश के आम लोगों के 94 लाख करोड़ रुपये डूब गए। मणिपुर का बजट ऐसे समय में आ रहा है, जब बेरोज़गारी पिछले 50 वर्षों में अपने उच्चतम स्तर पर पहुँच चुकी है। मणिपुर बजट तब आ रहा है, जब मोदी सरकार के इस कार्यकाल में भारत पर 186 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है।

मणिपुर का बजट ऐसे समय में आ रहा है जब अमीर और गरीब के बीच की खाई इतनी गहरी हो चुकी है, जितनी 100 साल पहले थी। महोदय, 'म' अक्षर से इनको बहुत प्रेम है – इनको 'म' से मटन याद रहता है, 'म' से मछली याद रहती है, 'म' से मुगल याद रहता है, 'म' से मुसलमान याद रहता है, लेकिन 'म' से मोदी याद नहीं रहता , 'म' से मणिपुर याद नहीं रहता!

मान्यवर, दो साल हो गए, मणिपुर जल रहा है। देश के केंद्रीय मंत्री का घर जलाया गया, राज्य के पीडब्ल्यूडी मंत्री का घर जलाया गया, राज्य के कंज्यूमर अफेयर्स मंत्री का घर जलाया गया, कई विधायकों के घर जलाए गए। इसके बावजूद, भारत के प्रधान मंत्री को दो वर्षों में एक दिन का भी समय नहीं मिला कि वे मणिपुर जाकर अपनी संवेदना व्यक्त कर सकें, वहाँ के लोगों के साथ खड़े हो सकें।

देश का प्रधान मंत्री देश का अभिभावक होता है, वह राष्ट्र का मार्गदर्शक होता है। सरकार लोगों की संरक्षक होती है, £ ऐसे में मणिपुर कैसे बचेगा? मैं यह बात पूरी ज़िम्मेदारी के साथ कह रहा हूँ। यह देश राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलेगा, यह देश गौतम बुद्ध के आदर्शों पर चलेगा, यह देश अहिंसा के आदर्शों पर चलेगा। मुझे अफसोस है कि पूरे देश में हिंसा क्यों हो रही है, आज पूरे देश में दंगे-फसाद की नौबत क्यों आती है, आज पूरे देश में नफरत क्यों फैलाई जाती है, उसकी वजह यह है कि आपको गांधी से प्यार नहीं है, आप गोडसे को पूजने वाले लोग हैं,

£ Expunged as ordered by the Chair.

Contents Page

इसीलिए देश के अंदर माहौल खराब हो रहा है। यह बात मैं इसलिए कह रहा हूं कि दुनिया के 80 मुल्कों में साबरमती के संत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्तियां लगी हुई हैं, लेकिन इसी संसद के प्रांगण में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की मूर्ति मुख्य स्थान पर लगी थी, उसको आपने कोने में कर दिया, क्योंकि आपको गोडसे की पूजा करनी है, आपको देश में हिंसा फैलानी है, आपको नफरत फैलाने का काम करना है।

सर, टीएमसी की सांसद जिस ऑडियो की चर्चा कर रही थीं, शायद वे अपनी बात पूरी नहीं कर पाईं- वह बहुत गंभीर ऑडियो है, उसकी जांच होनी चाहिए ¥ मान्यवर, उस ऑडियो की जांच होनी चाहिए। आप budget की बात कर रहे हैं। मणिपुर के लिए आपने क्या किया? सर, राज्य सरकार को, केन्द्र सरकार को जो ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री प्रमोद तिवारी)** : माननीय सदस्य, आपने जो कुछ भी कहा है, उसे authenticate करिएगा।

**श्री संजय सिंह** : यह audio सार्वजनिक है, इसको दिखा देंगे। सर, ऐसा राज्य, जो आज बदहाली में है, जहां पर 300 लोगों की जान जा चुकी है। वहां 60,000 लोग बेघर हो चुके हैं। उस राज्य में, जहां पर लोगों के 5,000 घर जलाए गए। उस राज्य में जहां पर 386 धार्मिक स्थान - जिसमें मंदिर है, चर्च है, मस्जिद है और तमाम धार्मिक स्थानों को जलाने का काम किया गया। आज उस राज्य को मदद देने की बात आती है, जहां 18,000 लोग बाढ़ से प्रभावित हुए, 24,000 घर बाढ़ में बुरी तरह से तहस-नहस हो गए। 1.88 lakh लोग बाढ़ की चपेट में आए, तो ऐसे राज्य को जब मदद देने की बात आती है, तब मुझे बहुत अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि आपने बजट में जो बढ़ोतरी की है, 2024-25 में 34,899 crore का बजट था। आपने उस budget को revised करके 32,656 crore रुपये कर दिया। फिर उसी बजट को जब आप 2025-26 में लेकर आ रहे हैं, तो मात्र 5.5 प्रतिशत बढ़ाया और आपने उसको 35,103 crore रुपये का बजट कर दिया। मणिपुर के प्रति आपकी यह धारणा है, आपकी योजना है। केन्द्र सरकार के द्वारा जो scheme चलाई जाती है, उसमें आपने मणिपुर के साथ कितना भेदभाव किया है, उसकी एक तस्वीर आपके सामने रखूंगा। प्रधान मंत्री आवास योजना में 72 per cent पैसे की कटौती की गई। आयुष्मान भारत योजना में 78 per cent पैसे की कटौती की गई, OBC Scholarship में 58 per cent पैसे की कटौती की गई, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान में आपने 42 per cent पैसे की कटौती की और प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में 60 per cent पैसे की कटौती की गई। आपने 'राष्ट्रीय कृषि विकास योजना' में 20 प्रतिशत की कटौती की, 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान' में, उस राज्य के अंदर, जहां पर महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं हुईं, बलात्कार की घटनाएं हुईं, उस राज्य के अंदर जहां एक कारगिल योद्धा की पत्नी को निर्वस्त्र करके घुमाया गया, उस राज्य में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के नाम पर आपने बजट में 49 प्रतिशत की कटौती करने का काम किया, आपने आंगनवाड़ी सेंटर्स के बजट में 93 प्रतिशत कटौती करने का काम किया, आपने शेल्टर्स, जो वहां पर लोगों के लिए बनाने थे, उसके बजट में 73 प्रतिशत

---

¥ Not recorded as directed by the Chair.

Contents Page

की कटौती की, आपने 'शक्ति सदन सामर्थ्य योजना' के बजट में 60 प्रतिशत की कटौती की, आपने 'साक्षी निवास सामर्थ्य योजना' के बजट में 81 प्रतिशत की कटौती की।

महोदय, यह आपकी सेंट्रल स्कीम है, जिसमें आपने राज्य सरकार के साथ भेदभाव किया और वहां पर कटौती करने का काम किया। आप ऐसा क्यों कर रहे हैं? आपने मणिपुर को 2 साल तक जलाया, आप देश भर में नफरत फैलाने का काम करते हैं, आपका ध्यान देश की अर्थव्यवस्था पर नहीं, देश की बेरोजगारी पर नहीं, किसानों पर नहीं, महंगाई पर नहीं है, आप दिन-रात औरंगजेब-औरंगजेब-औरंगजेब कहते हैं और जनता कह रही है कट गई जेब-कट गई जेब-कट गई जेब। यहाँ लोगों की जेब कट रही है, लेकिन आप औरंगजेब-औरंगजेब-औरंगजेब चिल्ला रहे हैं। आप हिंदुस्तान की चिंता कीजिए, ...(**व्यवधान**)... आप राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की चिंता कीजिए, गोडसे के रास्ते पर मत चलिए। गोडसे के रास्ते से यह देश आगे नहीं बढ़ेगा, यह देश गांधी के आदर्शों पर चलने से आगे बढ़ेगा, लेकिन आपको तो गांधी की मूर्ति से भी परहेज है, आपने उसको भी हटाने का काम किया।

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से इस सरकार से पूछना चाहता हूं कि आज मणिपुर में जो 60 हज़ार लोग बेघर हुए हैं, क्या इस बजट में आपके पास उनके लिए घर बनाने की कोई योजना नहीं होनी चाहिए? आज मणिपुर के अंदर लोगों के जो घर जलाए गए हैं, क्या उनका घर बनाने की योजना आपके पास नहीं होनी चाहिए? आपने उनके लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं रखा है, आपने मणिपुर के लोगों के लिए कोई चिंता नहीं की है।

महोदय, अगर, दो समुदायों के बीच में झगड़ा हो रहा था, तो राज्य के मुख्यमंत्री को, देश के प्रधानमंत्री को उनके बीच सामंजस्य पैदा हो, उनके बीच एकता भाईचारा पैदा हो, इसके लिए उस राज्य में शांति की स्थापना के लिए काम करना था, लेकिन आपने वह काम नहीं किया। महोदय, 2 साल तक सारा विपक्ष चिल्लाता रहा - मणिपुर के मुख्यमंत्री को हटाओ, मणिपुर के मुख्यमंत्री को हटाओ, लेकिन आपने मणिपुर के मुख्यमंत्री को नहीं हटाया। आप राष्ट्रपति शासन तब लगा रहे हैं, ¥ इसलिए मान्यवर, मैं आपके माध्यम से इस सरकार से इतना ही कहना चाहता हूं कि आप कृपा करके इस देश का माहौल खराब करने की कोशिश मत कीजिए। आप मणिपुर की चिंता कीजिए कि मणिपुर में कैसे लोकतंत्र की बहाली हो। आप इस बात की चिंता कीजिए। महोदय, आपने राष्ट्रपति शासन लगा दिया है।

मान्यवर, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि मणिपुर के बजट पर पार्लियामेंट में चर्चा हो रही है। मणिपुर के बजट की मणिपुर की विधानसभा में चर्चा होती, मणिपुर की योजनाओं के बजट के बारे में मणिपुर की विधानसभा में चर्चा की जाती, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मणिपुर के बजट पर देश की संसद में, हम सब लोगों को चर्चा करनी पड़ रही है। वहां लोकतंत्र की स्थापना के लिए पहल कीजिए, वहां शांति की बहाली के लिए पहल कीजिए, क्योंकि अगर लोकतंत्र खत्म होता है, अगर लोकतंत्र का गला घोंटा जाता है, तो तानाशाही आती है और तानाशाही किसी भी दृष्टि से, किसी भी देश के लिए अच्छी नहीं है। अगर तानाशाही आती है, तो वहां दंगे होते हैं, फसाद होते हैं, नफरत होती है। अगर दो समुदायों के बीच में झगड़ा होता है, तो लोकतंत्र की बहाली मणिपुर में कैसे होगी?

---

¥ Not recorded as directed by the Chair.

Contents Page

महोदय, मणिपुर को आपकी तरफ से अधिक से अधिक आर्थिक सहयोग कैसे दिया जा सकता है - इसके बारे में सरकार को चिंता करनी चाहिए। महोदय, प्रधानमंत्री जी फिर 'म' से मॉरिसस में हैं, लेकिन 'म' से मणिपुर कब जाएंगे - इस बात का इंतजार देश की जनता को है। आपको मणिपुर जाने के लिए कोई वीज़ा नहीं चाहिए। आप अमेरिका चले जाते हैं, लंदन चले जाते हैं, आप पूरी दुनिया भर में घूम लेते हैं, आप कतर हो आते हैं, आप दुबई हो आते हैं, कतर के शेखों को गले भी लगाते हैं। जैसे कुम्भ के मेले में बिछड़े हुए भाई हैं, इस तरह से आप कतर के शेखों को गले लगाते हैं। ऐसे ही गले आप मणिपुर के भाइयों को भी लगाइए, मणिपुर के लोगों को भी लगाइए और उनको भी अपना सहारा दीजिए। आप देश के प्रधान मंत्री हैं, देश के अभिभावक हैं।

अंत में मैं फिर से आपके माध्यम से सरकार से यही कहूंगा कि मणिपुर की चिंता करिए और देश में माहौल खराब करने के काम को बंद कर दो। नफरत फैलाने से देश आगे नहीं बढ़ेगा। मोहब्बत की बुनियाद पर हिंदुस्तान आगे बढ़ेगा। नफरत की बुनियाद पर हिंदुस्तान आगे नहीं बढ़ेगा। बहुत-बहुत धन्यवाद, मान्यवर।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRAMOD TIWARI): Now Shri Golla Baburao.

**कोयला मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी** ): उपसभाध्यक्ष महोदय, ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री प्रमोद तिवारी**) : एक मिनट, गोला बाबूराव जी। मंत्री जी कुछ कहना चाहते हैं।

SHRI GOLLA BABURAO (Andhra Pradesh): Sir, kindly give me some more time.

**श्री जी. किशन रेड्डी** : सर, सांसद महोदय ने बात करते हुए गवर्नमेंट आफ इंडिया की प्रोसिडिंग के संबंध में गृहमंत्री के ऊपर बेबुनियाद आरोप लगाए हैं। मैं आपसे प्रार्थना करता हूं। ...(**व्यवधान**)... आपने नाम लिया है। गृहमंत्री के ऊपर आरोप लगाया है। ...(**व्यवधान**)... मैं आपसे अनुरोध करता हूं यदि उनके पास इसका कोई आधार है, तो वे जरूर सभा के समक्ष रख सकते हैं। नहीं तो, उन्हें माफी मांगनी चाहिए। ...(**व्यवधान**)... इसे रिकॉर्ड से निकालना चाहिए। मैं माफी मांगने की डिमांड करता हूं। यह बिल्कुल बेबुनियाद है। ऐसी गलत बात करना, संसद के सामने लोगों को गुमराह करने का प्रयास करना बिल्कुल गलत है। ...(**व्यवधान**)... मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि वह जो भी रिकॉर्ड है, उसे सबके सामने रखिए, नहीं तो मैं इस देश की जनता के सामने माफी मांगने की डिमांड करता हूं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री संजय सिंह**: मान्यवर, मैंने कहा है कि एक न्यूज वेबसाइट पर मुख्य मंत्री का एक ऑडियो पड़ा है। वह सार्वजनिक है, पब्लिक डोमेन में है और उसमें कही गई जो वार्ता है, मैंने उसका जिक्र किया है और मैंने उसकी जांच की मांग की है। ...(**व्यवधान**)... मान्यवर, वह ऑडियो सही है या गलत है, उसकी जांच कराई जाए और यदि वह ऑडियो सही है, तो यह बहुत गंभीर है और उस पर कार्रवाई होनी चाहिए। मैंने किसी के ऊपर सीधा आरोप नहीं लगाया है। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री प्रमोद तिवारी)** : कृपया, आप बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... कृपया, आप बैठ जाएं। यह अच्छा नहीं लगता। ...(**व्यवधान**)... मैं आग्रह करूंगा कि माननीय मंत्री जी, आप अपना स्थान ग्रहण करें। ...(**व्यवधान**)... माननीय मंत्री जी, कृपया अपना स्थान ग्रहण करें। ...(**व्यवधान**)... संजय सिंह जी, आप अपना स्थान ग्रहण करें। आपको जो कहना था, वह आप कह चुके हैं। माननीय मंत्री जी, आप अगर संदर्भ लें, तो मैंने यहां से निर्देश दिया है कि ऑथेंटिकेट करें और यदि नहीं करेंगे, तो नियम स्पष्ट है, उसके अनुसार कार्यवाही होगी। इसलिए मैं आपसे एक ही आग्रह करूंगा, क्योंकि यह निर्देश जा चुका है और आपने पुनः कहा है, तो मैं वही निर्देश पुनः दोहराता हूं। Shri Golla Baburao, you can continue. आपका समय अब start होगा।

SHRI GOLLA BABURAO: Mr. Vice-Chairman, Sir, it is a great opportunity for me to speak on the Appropriation Bill today. In fact, Appropriation Bill means division of funds accrued from different sources to the Central Government which will be divided into States and the Centre and the Government will be empowered to draw it any time from the Consolidated Fund of India. As far as my knowledge is concerned, the Appropriation Bill is very, very important to allocate the funds as per the priority of the Government. Now, as seen from the allocations of different Departments, I straightaway want to tell the Finance Minister that it is really unfortunate to allot only two per cent of total funds to 80 per cent of the population in India. The allocation to Social Justice Ministry includes Scheduled Caste welfare, OBC welfare, minority welfare, women welfare, disabled welfare and senior citizens' welfare.

I want this august House to see the allocations made to these sections. As far as my knowledge goes, earlier, the Scheduled Castes Finance Development Corporation, the Backward Class Development Finance Corporation, and the Women Finance Development Corporation would receive huge funds and spend them on concerned departments. Unfortunately, the Government is doing injustice to the poorer sections in recent budgetary allocations. I would say that the Government may rename the Social Justice Ministry as Social Injustice Ministry. I request the Government to reconsider the Social Justice Ministry's allocations. I personally request the hon. Finance Minister, who has varied experience in Government departments, to rethink the allocations. She has been doing justice to all other departments, but is doing injustice to the Ministry of Social Justice and Empowerment. I also appeal to the hon. Prime Minister to rethink the allocations to these sections of society in the coming Supplementary Demands. I don't want to touch upon all the figures. I would only like to focus on the injustice meted out to the State of Andhra Pradesh. Unfortunately, in 2014, my State was forcibly reorganized by Parliament, which decided to divide the erstwhile State of Andhra Pradesh into two States — Andhra Pradesh and Telangana. They divided the State, but have not even

Contents Page

seen the face of Andhra Pradesh for the last twelve years. In the foothills of Lord Venkateswara, the hon. Prime Minister had promised to give Special Category Status to Andhra Pradesh. But, despite promises, no Special Category Status has been given. There is no respect shown to the State of Andhra Pradesh. It is being neglected in many sectors. The Central Government is in power with the support of the Chief Minister of Andhra Pradesh, Shri Chandrababu Naidu. If Shri Chandrababu Naidu's support were not there, the BJP Government at the Centre would also not be there. Please rethink about this. The people of Andhra Pradesh are watching everything and seeing the plight of Andhra Pradesh that it is being neglected in almost all sectors. What I want is to do justice to Andhra Pradesh now.

Though there are many demands, I would like to emphasize the Polavaram Project. It is a National Project. The Government of India must reconsider the Polavaram Project, regardless of the cost. I do not know what happened between 2014 and 2019. Only God knows! The Central Government has abdicated its responsibility for the Polavaram Project and handed it over to the State Government. I do not want to criticize anybody. I only want justice for the Polavaram Project. I am unclear about the funds allotted to the project.

In 2025, they have allocated only Rs.6,000/- crores. But, it requires nearly Rs.40,000/- crores. How can they complete the Polavaram Project now? Who will be responsible? If the Polavaram Project is not completed, entire storage of water, irrigation facilities or the entire development of the region will come to a standstill. I do not know who proposed this; they want to reduce the height of the Project from 45 metres to 41 metres. If they reduce the height from 45 metres to 41 metres, the people of Andhra Pradesh will not keep quiet. They will, definitely, raise a hue and cry; we will seek the support not only in Andhra Pradesh, but also of entire India. Sir, this Polavaram Project is the bone of contention between the Centre and the State.

Coming to steel plant issue, we all have now represented to the hon. Prime Minister and the Minister of Steel. But, only to remove the tears of Andhra people, they have granted only Rs.11,440/- crores. But, they have also not been released so far. Now, the VRS is being taken by the employees and the people are really scared. They do not know what will happen to the steel plant. I request the Union Government and the hon. Prime Minister to see that steel plant is protected and respect the sentiments of the Andhra Pradesh people. ...*(Interruptions)*... This is nothing but Appropriation Bill only. Nobody can deny it. These are all State issues and these are all only Central shares. Coming to railway zone for Vizag, I am very happy that the hon. Prime Minister has laid the foundation for the new Railway Zone in Visakhapatnam but they have not started any work so far. The Paralakhemundi of the

Waltair Division is not included in the new Railway Zone at Visakhapatnam. These things will be really reckoned with. People are not just blindly seeing all these developments; they will watch and say. What I want to say is that the hon. Chief Minister of Andhra Pradesh, Shri Chandrababu Naidu and the JanaSena Adhipati, Shri Pawan Kalyan, both are very, very important to run the Government at the Centre. What I request is ...(*Time-bell rings*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): Please conclude.

SHRI GOLLA BABURAO: Sir, give me one minute. I want Chandrababu Naidu *garu* and JanaSena to pressurise the hon. Prime Minister, place all the demands before him and fulfill the needs of Andhra Pradesh. Otherwise, a time will come when people of Andhra Pradesh will teach all these people a lesson in the coming elections. Thank you very much.

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : श्रीमती सुलता देव।

**श्रीमती सुलता देव** (ओडिशा) : वाइस चेयरमैन सर, थैंक यू। देर आए, दुरुस्त आए, क्योंकि हम लोगों ने बहुत बार डिमांड की है कि यहाँ मणिपुर के ऊपर चर्चा हो। ऐसा नहीं है कि हम लोगों ने यहां बस डिस्कशन की डिमांड की, बल्कि हम लोगों ने हाउस भी छोड़ा और वहां पर प्रोटेस्ट भी किया। दो साल होने को आये, 22 months complete हो गये, लेकिन मणिपुर के ऊपर यहाँ कोई डिस्कशन ही नहीं हो पा रहा था। चलिए, जो भी हो, आज यहाँ उस पर कम से कम डिस्कशन तो हो रहा है। जिस Appropriation Bill पर डिस्कशन मणिपुर की असेम्बली में होना चाहिए था, मगर चूँकि वहाँ पर राष्ट्रपति जी का शासन लागू हुआ है, इसलिए आज हम लोग यहाँ उस पर डिस्कशन कर रहे हैं। सम्भवतः यह दुर्भाग्य की बात है। वे लोग मणिपुर पर डिस्कशन करने से भाग रहे थे। लेकिन आज पहली बार यहाँ पर मणिपुर के 'Appropriation Bill' पर डिस्कशन हो रहा है। इसके लिए मैं सदन को भी धन्यवाद दूँगी और यहाँ पर वित्त मंत्री जी भी बैठी थीं, मैं उनको भी धन्यवाद दूँगी। पहले तो मैं चाहूँगी कि आप यह स्पष्ट कीजिए कि मणिपुर भारत में है या नहीं है? मैं यह इसलिए पूछ रही हूँ, क्योंकि इतना सब कुछ हो गया, लेकिन यहाँ पर मणिपुर पर डिस्कशन भी नहीं हो पाया, कोई मणिपुर गए भी नहीं, मान्यवर प्रधान मंत्री जी को वहाँ जाना चाहिए था, मगर वे भी नहीं गए और जो मणिपुर जाना चाहते थे, उनको भी वहाँ जाने से रोका गया। मणिपुर से इतना डर क्यों है? मणिपुर के संबंध में ऐसा क्यों किया गया, जिससे ऐसा लगता है कि मणिपुर हमारे देश से बाहर है? मेरी जानकारी जहाँ तक है, उसके अनुसार मणिपुर बहुत sensitive स्टेट है। वह बहुत ही इंपॉर्टेंट स्टेट है। हम लोग इसको इग्नोर नहीं कर सकते, क्योंकि यह साउथ एशिया के दूसरे कंट्रीज़ से जमीन मार्ग से जुड़ा हुआ है, इसीलिए उस पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपने उस पर ध्यान नहीं दिया। मणिपुर म्यांमार, वियतनाम, सिंगापुर से सड़क मार्ग से जुड़ा हुआ है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस सिंगापुर से अपनी मुक्ति सेना को लेकर

Contents Page

मणिपुर के रास्ते भारत आए और उन्होंने वहीं यानी मणिपुर में भारत का पहला झंडा गाड़ा था तथा वह आज भी वहाँ पर है। इसको हम deny नहीं कर सकते हैं। अगर ऐसा है, तो फिर हम मणिपुर से क्यों भाग रहे हैं? किसलिए भाग रहे हैं?...(**व्यवधान**)... आप मुझे बोलने दीजिए। आप बार-बार ऐसा क्यों कर रहे हैं? आप सबको बोलने दीजिए। जब आपकी बारी आएगी, तब आप बोलिएगा।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी) :** कृपया आप बोलिए। आप इधर देख कर बोलिए।

**श्रीमती सुलता देव** : आज वहाँ पर मैतेई और कुकी संप्रदाय के बीच यह हो रहा है। पिछले दिनों वहाँ पर मैतेई और कुकी संप्रदाय के ऊपर इतनी हिंसा हुई कि इसके कारण मणिपुर जल रहा था। दो साल होने को आये, मणिपुर जल रहा था, लेकिन मणिपुर के बारे में कोई आलोचना नहीं हुई। मगर जब मणिपुर जल रहा था, तब हम लोग यहाँ पर सो रहे थे। मैं यही बात बोलूँगी कि हम लोगों ने इतिहास में पढ़ा है कि जब रोम जल रहा था, तो नीरो बांसुरी बजा रहे थे और जब मणिपुर जल रहा है, तो यह जो डबल इंजन की सरकार है, वह चादर तान कर सोई हुई है। उनके पास बाहर घूमने के लिए टाइम है, विदेश जाने के लिए टाइम है, मगर मणिपुर जाने के लिए टाइम ही नहीं है। मणिपुर जाने की मानसिकता भी नहीं है। हम लोग 'वसुधैव कुटुम्बकम' में विश्वास करते हैं। यह भारत की संस्कृति है। कहाँ गया 'वसुधैव कुटुम्बकम'? क्या मणिपुर भारत में नहीं है? अगर वह भारत में है, तो उसके साथ ऐसा व्यवहार क्यों है? आज वहां पर आग क्यों लगी हुई है? वहाँ पर इतनी जानें क्यों गईं? मेरे पास जो डेटा है, मैं वह डेटा देती हूँ। "Loss of lives: At least, 258 people have lost their lives, including innocent civilians and militants — The Print." "Displacement: Over 60,000 individuals have been forced out of their homes leading to severe humanitarian crisis -- AP News." "Security lapses: Nearly 3,000 weapons were looted from police armouries, indicating a severe law and order failure -- Telegraph India." आप लॉ एंड ऑर्डर को देख रहे हैं, मगर मणिपुर के बजट की आलोचना हो रही है। जब मणिपुर के बजट की आलोचना हो रही है, तो आपको यह देखना चाहिए कि मणिपुर के बजट में सामाजिक विकास के लिए ज्यादा आवंटन होना चाहिए, वहाँ की महिलाओं के लिए ज्यादा पैसा चाहिए, बच्चों के लिए ज्यादा पैसा चाहिए। वहाँ पर जो लोग घर से बेघर हुए, जिनको विस्थापित किया गया, उनके लिए पैसा चाहिए, हेल्थ के लिए पैसा चाहिए, मगर इन सबके लिए पता नहीं, लेकिन लॉ एंड ऑर्डर के लिए ज्यादा पैसा है। मैं यह पूछना चाहती हूँ कि लॉ एंड ऑर्डर के लिए इतना ज्यादा पैसा क्यों चाहिए? इसमें सामाजिक सुरक्षा, सामाजिक विकास के बजाय लॉ एंड ऑर्डर के लिए ज्यादा पैसा दिया गया है। आप इससे वहाँ क्या करेंगे? आप तो ऐसे कुछ नहीं कर पाए, क्योंकि आपके गवर्नर खुद बोले कि इसके ऊपर आप कार्रवाई कीजिए। यहां आइए, आलोचना कीजिए। आपने तो उनकी बात भी नहीं सुनी। फिर आप लॉ एंड ऑर्डर के लिए क्या करेंगे? फिर भी मैं बोलूंगी कि "Double engine run over the people of Manipur." हमने डबल इंजन सरकार के बारे में ऐसा नहीं सोचा था। डबल इंजन की सरकार इतनी स्पीड से गई और क्या हुआ, उसके बारे में हम सबको मालूम है। आज ओडिशा में वैसे ही डबल इंजन सरकार की बात चल रही है। मगर, डबल इंजन हो गया। वैसे ही, कल मणिपुर हो

रहा था और आगे ओडिशा की भी बारी आ सकती है। उसके बाद और कोई स्टेट, फिर और कोई स्टेट, इस तरह पूरे भारत की बारी आ सकती है। मैं यह इसलिए बोल रही हूं, क्योंकि ओडिशा में पिछले 7 महीनों में 64 मास रेप केसेज़ दर्ज हुए हैं। जब वहां होली खेली जा रही थी, तो एक ही दिन में वहां सात आदमियों के मर्डर्स हुए, जबकि हमने देखा कि £ वहां 5-5 साल की दो लड़कियां, जिनमें से एक की थी और दूसरी Jaipur की थी, उन दोनों को मास रेप करके मार दिया गया। जैसे, मणिपुर जल रहा है, वह भी वैसे ही जलेगा। मणिपुर से महिलाओं की जो नग्न और वीभत्स तस्वीरें आई थीं, वह एक शर्मनाक बात थी। मुझे नहीं पता, मगर इसने कहीं न कहीं हमारे भारत पर एक धब्बा लगा दिया है। मैं आज भी यह बोलूंगी कि मणिपुर के बारे में सरकार को केवल सोचना ही नहीं चाहिए, बल्कि सरकार को कदम भी उठाने चाहिए। मणिपुर में न्यूट्रिशनल बजट को 25% कम कर दिया गया है। वहां ट्राइबल कम्युनिटी के लिए जो सोशल सिक्योरिटी स्पेंडिंग बजट है, उसको 47% कम कर दिया गया है। मणिपुर में डिमांड फॉर ग्रांट्स को ज्यादा किया जाना चाहिए। यह मणिपुर की ही बात चल रही है। वहां 6 महीने से लेकर 6 साल तक के 6,164 चिल्ड्रन, 2,638 adolescent girls, 232 pregnant women और 752 lactating mothers 325 camps में रह रही हैं। वहां अप्रैल, 2024 तक 554 बच्चे रिलीफ कैम्प्स में पैदा हुए हैं। उनमें दो maternal deaths भी हुई हैं, जो कि ऑफिशियल रिकॉर्ड है। 2022 के बाद प्रधान मंत्री जी ने मणिपुर में अपने कदम नहीं रखे, लेकिन वे 40 बार फॉरेन टूर कर चुके हैं। क्या मणिपुर हमारी कंट्री में नहीं है? क्या वे मणिपुर नहीं जा सकते हैं? मैं माननीय गृह मंत्री जी को साधुवाद देती हूं कि वे 29 मई, 2023 को मणिपुर गए। उन्होंने मणिपुर में जाकर एक Peace Committee बनाई, लेकिन उसको बनाने का कुछ फायदा नहीं हुआ। वहां के जो गवर्नर थे, उनको जबरदस्ती हटाया गया और उस पीस कमेटी का कुछ फायदा ही नहीं हुआ। उनको क्यों हटाया गया? क्योंकि वे चाहते थे कि लोगों की आलोचना हो, प्रधान मंत्री आएँ। मैं अभी भी बोलूंगी कि मणिपुर हमारे भारत में है, आप वहां जाइए और लोगों से मिलिए। मैं डिमांड करूंगी कि उनके लिए ज्यादा से ज्यादा अर्थ की व्यवस्था हो, क्योंकि ज्यादा देने से कम से कम उनके जो जख्म हैं, उन पर मरहम लग सकता है।

सर, मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी से यह भी दरख्वास्त करूंगी कि आप मणिपुर जाइए और वहां लोगों के जो जख्म हैं, उन पर मरहम लगाइए। वहां लोग आपको देखें और आप लोगों की सुनें। वहां के लोग क्या बोल रहे हैं, उसको आप ध्यानपूर्वक सुनिए, तभी जाकर वहां के लोगों के जो हरे जख्म हैं, वे भरेंगे, मगर अभी यह सब नहीं हो रहा है। अभी मणिपुर के ऊपर डिस्कशन हो रहा है। क्यों ? क्योंकि वहां पर राष्ट्रपति शासन लागू हुआ है, वहां पर £ की गई है। हम बोलते हैं कि हम लोग वर्ल्ड में सबसे बड़े गणतंत्र हैं, मगर मणिपुर में £ की गई है, क्योंकि वहां राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है।

ऐसा क्यों हो रहा है? ऐसा नहीं है कि राष्ट्रपति शासन कहीं लागू नहीं होता है, वह लागू होता है, मगर जिस सिचुएशन में मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया गया है, उसकी जितनी भी कड़ी से कड़ी निंदा की जाए, वह कम है। आप इसको जरूर देखिएगा, यह इतिहास में भी काले

---

£ Expunged as ordered by the Chair.

अक्षरों में लिखा रहेगा। मैं फिर से बोलूंगी कि आज इस चर्चा के माध्यम से हमने जो कहा है...(**समय की घंटी**)...

**उपसभाध्यक्ष** (**श्री घनश्याम तिवाड़ी**) : माननीय सदस्या, कृपया समाप्त करें।

**श्रीमती सुलता देव** : सर, मैं बस कनक्लूड कर रही हूं। मणिपुर के ऊपर ध्यान देना चाहिए, बजट ज्यादा देना चाहिए, महिला और शिशु के ऊपर भी ध्यान देना चाहिए। Thank you so much.

**उपसभाध्यक्ष** (**श्री घनश्याम तिवाड़ी**) : श्री मनोज कुमार झा, seven minutes.

**श्री मनोज कुमार झा** (बिहार) : सर, जब आप कहते हैं, इतने मिनट्स, तो मुझे लगता है कि फांसी से पहले पूछा जा रहा है कि बता तेरी रज़ा क्या है? सर, दो तीन छोटी-छोटी चीजें हैं, उसी को कहूंगा। ज्यादा खुशी इस बात की है कि आज मणिपुर को यहां के संवाद से, यहां के विमर्श से यह लग रहा होगा कि वह हमारे देश का हिस्सा है। सर, एप्रोप्रिएशन का मामला है, मैं बजट के दौरान अक्सर एक बात कहता रहा हूं कि अपने देश में Directive Principles में आर्टिकल 39, सब-क्लॉज़ C है – आज हम सबको ज़रूरत है कि हमारा बजटीय प्रावधान उस लेंस से देखा जाए, ताकि आय का संकेंद्र न हो, आय का समान वितरण न हो और बाद में जब कोई राज्य सरकार Piketty को बुलाती है, तो उस पर भी लोग नाराज़ हो जाते हैं, खैर यह अलग मसला है।
सर, मैं दो-तीन छोटी छोटी चीजें कहने से पूर्व सबसे पहले तो यह कहूं कि आज जो भी दो-चार चीजें कहूंगा, वे मणिपुर के अपने भाइयों-बहनों, उनके मृतकों और उनके विस्थापित लोगों को समर्पित है। आलोचना नहीं है, शिकायत नहीं है, लेकिन मैं अपने संदर्भ में कुछ चीज़ों को रखूंगा।
सर, आपने सोशल डेवलपमेंट के ऊपर सिक्योरिटी को तरजीह दी है। मैं security phenomena को नजरअंदाज नहीं करना चाहता, लेकिन अगर आप तह में जाएं, तो यह मई, 2023 में क्यों शुरू हुआ? एक माननीय उच्च न्यायालय का निर्णय आया, हम उसका अवलोकन नहीं कर पाए कि इस निर्णय का अंजाम क्या होगा? जो लोग कहते हैं कि हमें अंदाज़ा ही नहीं था।

दूसरा, ट्राइबल और रूरल डेवलपमेंट को लेकर बहुत आशंकाएं हैं, उसमें भी एलोकेशन बहुत ही छोटा है, compared to other heads. सर, disaster-prone State है। हमारी सुलता जी कह रहीं थीं कि strategic importance का स्टेट है, लेकिन disaster-prone भी है, वहां आपने मात्र 50 करोड़ रुपए एलोकेट किए हैं। It does not speak very good about us. Transparency and Accountability पर कई चीजें हैं, जिन पर मैं बाद में आऊंगा।
सर, एक क्वोट करना चाहता हूं। Janina Bauman जो थीं, वे Zygmunt Bauman की पार्टनर थीं, holocaust survivor थी। उन्होंने 'Winter in the Morning' में एक लाइन लिखी "The cruelest thing about cruelty is that it dehumanizes its victims before it destroys them. And that the hardest of struggles is to remain human in inhuman conditions." अगर इसका तर्जुमा अपने हिसाब से करूं, तो क्रूरता के साथ सबसे क्रूर चीज़ यह है कि यह अपने victim को खत्म करने के पूर्व उनके मानवीय मूल्यों को विलग कर देती है। अतः इस तरह के

माहौल में मानवीय संवेदना बचा कर रखना सबसे महत्वपूर्ण है। सर, हम मानवीय संवेदना को मणिपुर के बरअक्स बचा कर नहीं रख पाए। जैसे कहते हैं:

*देखोगे तो हर मोड़ पर मिल जाएंगी लाशें,*
*मगर इस शहर में तुम्हें कातिल ढूंढ़े से नहीं मिलेगा।*

मणिपुर में यही वाकया है। सर, मैं एक बात कई दफा पार्लियामेंट के बाहर कह चुका हूं, आज यहां दोहरा रहा हूं। चुनाव के बाद ऐसा नहीं है कि विपक्ष का कोई अलग से प्रधान मंत्री होता है। देश का प्रधान मंत्री मेरा भी प्रधान मंत्री है, तो किससे शिकायत करूंगा, किससे उम्मीद रखूंगा और मैं आज भी कह रहा हूं कि अगर प्रधान मंत्री जी मणिपुर जाते, तो स्थिति इतनी विस्फोटक नहीं होती। प्रधान मंत्री का पद और कद दोनों बड़े होते हैं। आप मलहम लेकर जाते। आपकी मौजूदगी मलहम का काम करती है। न जाने क्यों नहीं गए? बचपन से पढ़ते आए कश्मीर से कन्याकुमारी, मणिपुर से मध्य प्रदेश। सर, ये नफरत के बारूदी कारोबार ने इस देश को ऐसे बहुत संकेत दिए हैं, जो अच्छे नहीं लगते हैं, प्रीतिकर नहीं लगते हैं, unsettle करते हैं, परेशान करते हैं। मणिपुर इसका उदाहरण है और देश के अलग-अलग हिस्सों में इसके उदाहरण हैं। मेरा सिर्फ इतना कहना है कि आज तक कोई मुल्क तरक्की की राह नहीं चल पाया, अगर उसके समुदाय के लोग, अलग-अलग समुदाय बारूदी नफरत के कारोबार में लगे रहे। हमें यह सीखना होगा।

सर, मणिपुर में संस्थाओं से लोगों का भरोसा बिल्कुल उठ सा गया है। यह मैंने अपनी आंखों से देखा है। मैं संसदीय पार्लियामेंट्री ग्रुप ऑफ मेम्बर्स के साथ गया था। हम सब वहां की गर्वनर साहिबा से मिले। उनके अंदर जो भाव था, जो पीड़ा थी, वह पीड़ा मैंने दिल्ली दरबार में नहीं देखी। दिल्ली दरबार में उस पीड़ा का शतांश भी होता, तो आज दो वर्ष तक मणिपुर को इस बहस के लिए, इस बातचीत के लिए इंतजार न करना पड़ता। शायद आज उन्हें लग रहा हो, एक संदेश गया हो कि वह भी इस देश का हिस्सा हैं। हमारी ओर से काफी delayed response रहा। एक peace panel बना। उसके निर्माण काल से ही वह controversial रहा। उसके composition को लेकर उसमें जो अलग-अलग सदस्य थे और उसमें लोगों की भावनाएं थीं, उसमें लोगों ने कहा कि इस पैनल को, और वह पैनल एक भी दिन काम नहीं कर पाया। सर, कल्पना कीजिए जलते हुए मणिपुर में, हिंसा ग्रस्त मणिपुर में एक peace panel बना और उस peace panel की एक भी मीटिंग न हो पाई हो। सर, अभी हाल में last date दो बार extend की गई कि लोग हथियार लौटा दें। मुझे जानकारी नहीं है कि कितने हथियार लौट कर आ गए और कितने नहीं आए। हमें लगता है कि संभवतः मंत्री जी अपने रेस्पॉन्स में बताएं, लेकिन हथियारों के लौटने से महत्वपूर्ण सवाल यह है कि समुदायों के बीच की खाई को पाटने के लिए हम क्या कर रहे हैं? मैं यह नहीं कहूंगा कि खाइयां आपके दल ने पैदा की हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों में, लोगों के बीच में इतिहास की समझ को लेकर, वर्तमान की चुनौती को लेकर खाइयां रही हैं, लेकिन सुलह इस देश का default template था। Peace building was the default template. हमने उस default template को खारिज कर दिया है। क्षेत्रीय असंतुलन, जो सामुदायिक असंतुलन में तबदील होता है और वो सारी चीज़ें उस तरह के असंतुलन, समुदायों के बीच की दूरी

को और बढ़ा रहे हैं। मैं अंत में आपके माध्यम से सिर्फ यह आग्रह करूंगा कि देश में political parties की आयु सीमित होती है, सरकारों की आयु सीमित होती है। आज आपको एहसास हो रहा होगा कि आप अगली बार भी जीतेंगे, लेकिन उस अगले का कोई अगला होगा। उस अगले के अगले का कोई अगला होगा, वहां जीत की गाड़ी रुकती है, इनकी रुक गई। मैं सिर्फ इतना कहूंगा कि अगर देश में अलग-अलग हिस्सों में मणिपुर जैसे हालात रहेंगे, तो हम पांच ट्रिलियन की इकोनॉमी किसके लिए बना रहे हैं, क्यों कोशिश कर रहे हैं। मेरा सिर्फ एक आग्रह और होगा कि मणिपुर को लेकर अभी भी वक्त नहीं बीता है। अलग-अलग इलाकों में एक all-party delegation वहां जाए। चाहे कुकी समुदाय हो, मैतेई समुदाय हो, उन्हें वहीं रहना है, मिलकर रहना है। जैसे नॉर्थ-इंडिया में जिन समुदायों के बीच में नफरत की फसल बोई जा रही है, कोई कहीं नहीं जा रहा है, यहीं रहना है, अगर यहीं रहना है, तो शांति से रहना होगा, न्यायप्रियता के साथ रहना होगा। अगर हम यह सुनिश्चित नहीं कर पा रहे हैं, अपने मुंह मियां मिट्ठू बनने की कोशिश कर रहे हैं, तो मुझे लगता है कि हम हार जाएंगे। हमारा हारना छोड़ दीजिए, देश हार जाएगा और जब देश हार जाएगा, तो हमारे हाथ में कुछ भी हासिल नहीं होगा। आपको इस वक्त के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। ...**(व्यवधान)**...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी) :** मैंने आपको ज्यादा वक्त दिया।

**श्री मनोज कुमार झा :** उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे दो मिनट ज्यादा वक्त दिया। मैं जय हिंद बोलकर अपनी बात खत्म करना चाहता हूं। ...**(व्यवधान)**...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : आप बोलिए।

**श्री मनोज कुमार झा :** सर, तीस सेकेंड लेना चाहता हूं। सर, मणिपुर की इस चर्चा के लिए सारे सदस्यों का धन्यवाद करता हूं, लेकिन हमारी भूमिका यहीं खत्म नहीं होती है। मणिपुर को यह संदेश देना होगा you belong to us. We are nothing without you. जैसे एक-एक हिस्से के बगैर हमारा कोई औचित्य, कोई अस्तित्व नहीं है। यह मैं मणिपुर के सभी समुदाय के लोगों को समर्पित करता हूं। जय हिंद!

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी) :** धन्यवाद, मनोज कुमार झा जी।

SHRI DEREK O'BRIEN (West Bengal): Sir, I have a point of order, under calmer circumstances, just to set on record as to what was going wrong. Please allow me. The rules are very clear. Please, humbly look at Rules 258 and 259. The basic point here is today, all of us know we are discussing the Ministry of Railways. What happened today is that the Minister, at the end of his speech used the expression 'Railway Budget'. We were not discussing the Railway Budget. That practice stopped in 2016. What happened today has to be removed from the records. This is

Contents Page

the point we were trying to make. There were other points also. It is Rule 259. Please allow me to say this. It relates to Rule 258 also. It is the right of a Member, any Member, irrespective of the Party, this side or that side, and, it is the guaranteed right of a Member to raise a point of order. These are the two very serious issues which happened today. It needs to be corrected in the records, otherwise, it gives a bad impression. Thank you, Sir.

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : माननीय सदस्य, मैं आपकी इस बात से सहमत हूं कि कोई भी माननीय सदस्य किसी भी समय, आवश्यकता होने पर व्यवस्था का प्रश्न उठा सकते हैं। जब आपने यह प्रश्न उठाया था, तो मैंने आपको एलाऊ कर दिया था और आपसे नियम बताने के लिए कहा था। जहाँ तक दूसरे प्रश्न की बात है, माननीय महोदय आज रेलवे के कामकाज पर ही चर्चा हुई थी, रेलवे के बजट पर चर्चा नहीं हुई थी। इस प्रकार से आपके व्यवस्था के प्रश्न का समाधान किया जाता है। Now, Dr. M. Thambidurai.

DR. M. THAMBIDURAI (Tamil Nadu): Thank you, Mr. Vice-Chairman, Sir. On behalf of my Party leader, Shri Edappadi Palaniswami, I rise to participate in the discussion on the Manipur Budget and the Appropriation Bill.

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : इसके लिए आपको इतना कुछ करने की जरूरत नहीं थी। ...**(व्यवधान)**...

DR. M. THAMBIDURAI: Sir, even though we are opposing the imposition of President's Rule, that is, Rule 356 in the State of Manipur, yet, we are supporting the passage of this Bill.

Mr. Vice-Chairman, Sir, just now, hon. Member from the DMK said that they could not get revenue share for Tamil Nadu. Sir, I have come across a news, and, I want to know whether it is a fact that ED has raided many liquor factories in Tamil Nadu? Is it a fact that loss worth thousands of crores of rupees has happened. Is it a fact? Does the Government know about it? What is the action they are going to take? Sir, they are demanding more revenue while the revenue is being misused by the Ruling Party, the State Government, the Stalin Government is misusing the funds, why are they blaming others? ...(*Interruptions*)...

**श्री जयराम रमेश** : यह सब्जेक्ट ही नहीं है। ...**(व्यवधान)**...

DR. M. THAMBIDURAI: No, let me speak. Is it not a fact that ED has raided? It is a matter of Rs. 1,000 crores. ...*(Interruptions)*... Let the Minister speak as to how this

Contents Page

kind of corruption took place in Tamil Nadu. Corruption is so prevalent in Tamil Nadu that the people are against the Government. Sir, many welfare programmes ...(*Interruptions*)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : एक मिनट, कृपया चुप हो जाइए। देखिए, मणिपुर के साथ-साथ Appropriation Bill भी हैं। उन पर भी चर्चा हो रही है, इसलिए माननीय सदस्य बोल सकते हैं। माननीय सदस्य, आप बोलिए।

DR. M. THAMBIDURAI: This is what I am saying, Sir. It is relating to the Appropriation Bill. It is regarding the finance. Hon. Member compared Uttar Pradesh and Bihar. When they are saying that Tamil Nadu is better than Uttar Pradesh and Bihar, what about Maharashtra? ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): Please sit down. ...*(Interruptions)*... Please take your seat.

DR. M. THAMBIDURAI: Sir, I have every right to speak here. Why am I telling this? ...*(Interruptions)*... They cannot compare an under-developed State and tell that Tamil Nadu could not get its due share. ...*(Interruptions)*... They have to compare Tamil Nadu with Maharashtra. ...*(Interruptions)*... Maharashtra's industry is developed. ...*(Interruptions)*... Tamil Nadu's industry is developed. ...(*Interruptions*)...

SHRI R. GIRIRAJAN: Sir, I have a point of order. ...(Interruptions)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : एक मिनट। माननीय सदस्य व्यवस्था का प्रश्न है। He is on a point of order. Please sit down. आप बोलिए, कौन-सा रूल है? ...(**व्यवधान**)...

SHRI R. GIRIRAJAN (Tamil Nadu): Sir, I have a point of order. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): No Rule; no point of order. Please continue, Dr. Thambidurai.

SHRI P. WILSON (Tamil Nadu): Sir, the point of order is, how he can be allowed ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): Wilson ji, please listen to me. Point of order पर point of order नहीं आता। आपके माननीय सदस्य ने व्यवस्था का प्रश्न उठाया है, उनको बोलने दीजिए, आप बैठ जाइए। Please sit down. ...*(Interruptions)*...

SHRI R. GIRIRAJAN: Sir, please listen to me.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): Please speak.

SHRI R. GIRIRAJAN: Sir, he is not talking about...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): Under which rule?

SHRI R. GIRIRAJAN: Sir, it is under Rule 258. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): No Rule! No point of order. Please continue, Dr. Thambidurai.

DR. M. THAMBIDURAI (Tamil Nadu): Sir, a news regarding Tamil Nadu has come that the ED Director himself said clearly that it could be thousands of crores. ...*(Interruptions)*... Even the concerned Minister of the State said that it could be worth 40,000 crores of rupees.

6.00 P.M.

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : माननीय सदस्य, कृपया एक बार बैठ जाइए। माननीय सदस्यगण, अभी वक्ताओं की सूची और भी है और आज का कार्य भी करना है। अगर सदन की सहमति हो, तो समय को बढ़ा दिया जाए।

**कुछ माननीय सदस्य** : जी, सर।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : आज के कार्यसूची के समाप्त होने तक सदन का समय बढ़ाया जाता है। **...(व्यवधान)...** वक्ताओं की जो आज की सूची है, वह आगे चलेगी और मंत्री जी कल जवाब देंगे। सदन की सहमति से समय को आगे बढ़ाया गया है। आप बोलें।

DR. M. THAMBIDURAI: Sir, I want to reiterate it here because I am concerned about the Government of Tamil Nadu.

**श्री जयराम रमेश** : सर, भोजन की व्यवस्था **...(व्यवधान)...**

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : दोनों की व्यवस्था करेंगे। आपके लिए भोजन की भी व्यवस्था करेंगे और भजन की भी व्यवस्था करेंगे। **...(व्यवधान)...**

DR. M. THAMBIDURAI: We want sufficient funds. I am speaking only for that. That share has to come. When that kind of corruption is taking place in Tamil Nadu in sales and everything, the revenue on GST may not come for the Central Government. Then, how can they give? That is what I am trying to tell. Also, they are making comparisons. Tamil Nadu is one of the developed States. I am not denying that. This is not because of one person. This is because of our leaders Puratchi Thalaivar MGR, Madam Jayalalithaa and Edappadi Palaniswami. These are the tall leaders. They have brought so many welfare schemes. ...(*Interruptions*)...

SHRI R. GIRIRAJAN: *

DR. M. THAMBIDURAI: All welfare schemes brought by the AIADMK Government have been closed by the DMK Government. ...(*Interruptions*)... That is the present position. What kind of welfare programmes are you going to implement?

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : डा. मु. तंबी दुरै जी के अलावा किसी की बात रिकॉर्ड नहीं होगी। आप बोलिए।

DR. M. THAMBIDURAI: Nowadays, we want to bring investment from various countries here. When the State Government is not promoting its own industries and going to other countries to attract investment, what is the purpose? You make development here. For example, under the education policy, they are approving more CBSE schools. Why are they approving more CBSE schools? They are giving no objection to CBSE schools. They are having matriculation schools. They can develop them. ...(*Interruptions*)... I won't appreciate going on criticizing one Government for hiding their mistakes. First, you have to see that there is discrimination in Tamil Nadu. Our colleague, Mr. Chidambaram, was Finance Minister for so many years. How much money did he allocate for Tamil Nadu? Why is Tamil Nadu not developed? It is because he also discriminated. They are in alliance with Congress. Let them say whether Mr. Chidambaram allocated more money for the development of Tamil Nadu. They ruled for so many years, but they have not done anything. They are having alliance with Congress and Congress imposed Article 356 many times and dissolved many elected Governments. ...(*Interruptions*)... I am coming to Manipur. ...(*Time-bell rings*)...

---

* Not recorded

Contents Page

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : कृपया समाप्त करें।

DR. M. THAMBIDURAI: Many elected Governments were dissolved by the Congress. Even DMK Government was also dissolved.

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : प्लीज़, समाप्त करें।

DR. M. THAMBIDURAI: Our Government was also dissolved by the Congress Government. And they are having alliance with them. This is the pity.

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : प्लीज़, समाप्त करें।

DR. M. THAMBIDURAI: Sir, we have to develop Manipur. I am supporting giving them funds. At the same time, because they raised concern about Tamil Nadu, I am telling you that because of the corruption ...(*Interruptions*)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : कृपया समाप्त करें। ...(**व्यवधान**)... माननीय सदस्य, आपका भाषण समाप्त हुआ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): Please sit down. Now, Shri Haris Beeran.

SHRI HARIS BEERAN (Kerala): Mr. Vice-Chairman, Sir, there is an additional expenditure of Rs. 6.70 lakh crores. This amount is other than the provisions in the Budget Estimates. Both Supplementary Demands for Grants 1 and 2 stand as one-seventh of additional expenditure to the Budget. It reflects that the Ministry of Finance has significantly failed to foresee the Government expenditure. As far as the budgetary expenditure is concerned, under the head 'Relief and Disaster Management', there is a 25 per cent cut on the budgetary expenditure. What does this mean, Sir? This means that the immediate relief for displaced persons and affected communities has been de-prioritized by the Government.

That cannot be done. Disaster has been happening over there for last so many months. As far as budgetary provision for police is concerned, there is a cut of 4.7 per cent. Given the ethnic tension and security challenges which the State is facing over there, reducing the funds for policing is going to be catastrophic. I do not know why funds are being reduced as far as police is concerned and as far as relief and disaster management is concerned. As far as public works and infrastructure are concerned, there is a reduction of 32.3 per cent. We know that entire buildings have

Contents Page

been demolished over there. The houses have been destroyed over there. Business establishments have been destroyed over there. Given the destruction of homes, business ventures and roads due to violence, there should have been an increase in the Budget. Instead of an increase, there is a reduction of 32.3 per cent as far as the public works and infrastructure are concerned. As far as allocation for education and healthcare is concerned, there is not much allocation. There has to be a higher allocation for education and healthcare system. We have to rebuild schools as they have been destroyed over there. Funding for health has to be increased. Everybody over there has got some kind of illness or the other. Special Economic Package is not there. There has to be a Special Economic Package for the affected communities, traders and farmers. Nothing of that sort is there in the Budget. In the Budget, there is an earmarked fund of Rs.113 crore for rehabilitation. The Budget documents say that it is the priority of the Government. Is this allocation based on any assessment? We need to know if there is any assessment by the Government for this allocation. How many people died in the State due to this violence? How many people have been displaced from there? How many houses have been torched? How many churches have been torched? How many temples have been torched? All the data have to be there. Is there any assessment made by the Government before making this allocation? We do not know that. What is the total loss for the State economically? We do not know that. Is there any economic reason behind this violence? ...*(Time-bell rings)*... Has it anything to do with activities like timber trading?

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : माननीय सदस्य, आप समाप्त करें।

SHRI HARIS BEERAN: I am concluding, Sir. A more positive approach should have been there with higher allocation for all those things which are in dire straits. Priority has to be given for long-term livelihood issues. Support should be there to address the concern of the people of Manipur. Thank you, Sir.

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : धन्यवाद। श्री अरुण सिंह।

**श्री अरुण सिंह** (उत्तर प्रदेश) **:** सर, basically, पांच Finance बिल्स हैं, जिनमें तीन तो मणिपुर से संबंधित हैं और बाकी दो Union Government से संबंधित हैं। सर, पहले मैं शुरुआत मणिपुर से कर रहा हूं, क्योंकि मणिपुर के बारे में ही सबसे अधिक बातें आई हैं। जब ये मणिपुर की बात कर रहे थे, तो मणिपुर में किस प्रकार से अभी शांति-व्यवस्था चल रही है और कैसे वहां पर सुधार हो

रहा है, यह लोगों को पता होना चाहिए और उसके अनुरूप ही बात करनी चाहिए, नहीं तो फिर इस प्रकार से बात करने से वहां लोगों को भी तकलीफ होती है।

( **उपसभापति महोदय** *पीठासीन हुए।*)

वहां दो समुदायों में, दो वर्गों में आपस में झगड़ा कराने का काम, आपस में बांटने का काम किसने किया? वह तो कांग्रेस की सरकार ने ही किया। ...(**व्यवधान**)...

**श्री जयराम रमेश** : सर, ये क्या बोल रहे हैं?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Jairam *ji*, please take your seat.

**श्री अरुण सिंह** : सर, यह कोई अभी का मामला नहीं है। ...(**व्यवधान**)... यह 40-45 साल पुराना है। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please listen to him. अरुण सिंह जी, सिर्फ आपकी बात ही रिकॉर्ड पर जा रही है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री अरुण सिंह** : सर, 1993 में जब मणिपुर में दंगे हुए, मणिपुर में 750 मौतें हुईं और 305 गांव तबाह हो गए, तब कांग्रेस की सरकार थी। ...(**व्यवधान**)... कांग्रेस के प्रधान मंत्री तो छोड़िए, कांग्रेस की सरकार के गृह मंत्री नहीं गए! यह भारतीय जनता पार्टी, एनडीए की सरकार है। ...(**व्यवधान**)... यहां के गृह मंत्री, अमित शाह जी तीन दिन जाकर मणिपुर में रहे और गृह राज्य मंत्री तीन महीने जाकर मणिपुर में उस समय रहे। यह भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस में difference है! ...(**व्यवधान**)... आप तो वहां गए ही नहीं! ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति** : प्लीज़, सुनिए। अपनी सीट पर बैठे-बैठे न बोलें।

**श्री अरुण सिंह** : और तो और, जब मणिपुर उस समय, 1993 में जल रहा था, तो इस संसद के अंदर गृह मंत्री ने कभी जवाब नहीं दिया। उन्होंने जवाब देने के लिए खड़ा किया, तो MoS को खड़ा किया। कभी राजेश पायलट, तो कभी किसी को, लेकिन उन्होंने खुद कभी जवाब नहीं दिया। आज वह कांग्रेस मणिपुर की बात कर रही है! ...(**व्यवधान**)... सर, अभी भी बता रहा हूं, आज बता रहा हूं, अभी अगर मणिपुर की बात बताता हूं, तो मणिपुर में एक प्रकार से विकास तेज गति से चल रहा है और धीरे-धीरे सब शांति-व्यवस्था हो रही है। करीब 7 हजार लोग रिलीफ कैंप से घरों में आ चुके हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वहां 400 करोड़ रुपए रिलीफ पैकेज के लिए भी दिए हैं। अभी जो केंद्रीय बजट है, उसमें भी 500 करोड़ रुपये contingency fund के लिए दिया गया है। उसके अलावा अगर मणिपुर से संबंधित देखें, तो 1,861 करोड़ रुपए जो एडिशनल खर्च 2024-25 का है, उसके लिए भी अभी बिल लाए हैं, वह भी यहां पर अभी पेश हुआ है।

Contents Page

सर, अभी latest बात बता रहा हूं। पूरे देश भर में 6 दिसंबर, 2024 को 28 नवोदय विद्यालय, उनकी सैंक्शन हुई कि 28 नवोदय विद्यालय खुलेंगे, जिनमें से तीन जो विद्यालय होंगे, वे मणिपुर में होंगे। यह मोदी सरकार की अभी की अनाउंसमेंट है। 7 मार्च, 2024 को जो अनाउंसमेंट हुई, 10,037 करोड़ रुपए की industrial और employment generation के लिए बहुत बड़ी परियोजनाओं की अनाउंसमेंट हुई है। Uttar Poorva Transformative Industrialization Scheme, 2024 में भी अगर सबसे ज्यादा पैसा कहीं जा रहा है, तो वह मणिपुर को जाएगा।

सर, यह मोदी सरकार ही है कि अगर देश में देखें, देश में पहला स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी कहीं बनी, तो मोदी सरकार ने मणिपुर में ही बनाया, ऐसा मणिपुर से लगाव है। आप सुनते जाइए। North-Eastern Special Infrastructure Development Scheme, जो 2017-18 में approve हुई, वह 2024-25 में अभी भी चल रही है। मैं जल्दी-जल्दी बताना चाहूंगा कि उसके अंदर अगर 8 रोड्स और ब्रिजेज़ के 375 करोड़ के projects कहीं approve हुए, तो मणिपुर के लिए हुए हैं। अगर 2,411 करोड़ के 235 projects, other than roads and infrastructure, approve हुए हैं, तो केंद्र सरकार द्वारा मणिपुर के लिए हुए हैं। इसके अलावा, मणिपुर में टेक्निकल यूनिवर्सिटी, मणिपुर में आईटी के लिए SEZ, मणिपुर में 60-bedded State mental hospital, मणिपुर में infrastructure development के लिए यूनिवर्सिटी - ऐसे अनेकों काम मणिपुर के लिए हुए हैं। वास्तव में जब से मोदी सरकार है, मणिपुर के लिए, पूरे नॉर्थ-ईस्टर्न रीज़न के लिए दिल खोल फंड दे रही है।

सर, मैं इतना ही बताना चाहूंगा कि जब यूपीए की सरकार थी, तो उसने मणिपुर को 2004 से 2014 तक, 10 सालों में tax devolution के रूप में 7,696 करोड़ रुपए दिए। उसने मणिपुर के लिए 10 साल इतने रुपये दिए। यह मोदी सरकार है और इसने tax devolution के रूप में उसी मणिपुर को, जो हमारा मणिपुर है, उसको 46,312 करोड़ रुपए, मतलब पांच गुना अधिक फंड देने का काम किया है। यह मोदी सरकार ने दिया है। अगर grant-in-aid देखें, तो आपके समय में 10 सालों में 31,000 करोड़ रुपए दिये गए थे और हमारे समय में 76,000 करोड़ रुपए देने का काम अगर किसी ने किया है, तो वह प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने किया है। उसके अलावा, चूंकि आप मणिपुर के बारे में बहुत कह रहे थे, तो मणिपुर के बारे में ढंग से बातें सुन लीजिए। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: John Brittasji, please!

**श्री अरुण सिंह** : आप मणिपुर की ही बात सुनिए। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Jairamji, please sit down.

**श्री अरुण सिंह** : मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट के 1,026 किलोमीटर के 50 नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट्स अगर कहीं सैंक्शन हुए, तो मणिपुर में हुए। ...(**व्यवधान**)... इसके अलावा, 9 मार्च 2024 को माननीय प्रधान मंत्री जी ने अगर फाउंडेशन स्टोन का lay down किया है, उसका भूमि

पूजन किया है, तो 3,400 करोड़ रुपए के बहुत सारे प्रोजेक्ट्स केवल और केवल – यह लेटेस्ट है। यह 9 मार्च, 2024 की बात है। आप अपनी आंखें कुछ खोल लीजिए, मणिपुर के लोगों से बात कर लीजिए। ...(**व्यवधान**)... मणिपुर के लोग जानते हैं कि किस प्रकार से मोदी सरकार उनकी मदद कर रही है और उनके नजदीक है। वे डबल इंजन की बात कर रहे हैं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No interruptions please!

**श्री अरुण सिंह** : सर, टीएमसी वालों ने भी डबल इंजन की बात कही। ...(**व्यवधान**)... जिनकी एक-एक राज्य में सरकार है, वे ऐसी बात करते हैं। यह भारतीय जनता पार्टी है, जो प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश में 21 राज्यों में सरकारें हैं। एक राज्य वाले क्या बात करेंगे? अभी टीएमसी वाले बात कर रहे थे। ये डबल इंजन की बात कर रहे थे। पहली बार हमने हरियाणा में ऐसी सरकार बनायी; पहली बार आसाम में हमारी डबल इंजन की सरकार बनी; पहली बार हमारी डबल इंजन की सरकार अरुणाचल में बनी और 27 साल बाद पहली बार डबल इंजन की हमारी सरकार अभी दिल्ली में बनी है। यह मान कर चलिए कि जब अगला चुनाव पश्चिम बंगाल का होगा, तो पहली बार TMC की भ्रष्ट ...(**व्यवधान**)... सरकार को उखाड़ फेंकेंगे और वहां भी मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। ...(**व्यवधान**)... जब बोला है, तो सुनिए। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please, please! ...*(Interventions)*...

**श्री अरुण सिंह** : सर, पश्चिमी बंगाल में कोई कोई कानून-व्यवस्था नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

DR. JOHN BRITTAS (Kerala): Sir, I have a point of order.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He has a point of order. ...*(Interventions)*... Tell me under which rule.

DR. JOHN BRITTAS: Enabling Rule is Rule 258 but I am quoting Rule 240.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Are you talking about Rule 258?

DR. JOHN BRITTAS: No, Sir. That is enabling. I am referring to Rule 240.
"The Chairman, after having called the attention of the Council to the conduct of a member who persists in irrelevance or in tedious repetition either of his own arguments or of the arguments used...". He is repeating again and again. ...*(Interventions)*...

Contents Page

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you. No point of order, please. *...(Interventions)...* Okay, thank you. Please take your seat. *...(Interventions)...* Nothing is going on record. *...(Interventions)...* कृपया आप बोलें।

**श्री अरुण सिंह** : सर, हम पश्चिमी बंगाल में सरकार बनाने जा रहे हैं, उसमें कोई दिक्कत नहीं है। हम वहाँ पर सरकार बना कर ही रहेंगे। वहाँ हमें कोई रोक नहीं सकता है।

सर, मणिपुर में 11 लाख लोगों का जन-धन अकाउंट खुला है। उसके साथ, मणिपुर में 'पीएम मुद्रा योजना' के अंतर्गत 2,850 करोड़ रुपए का disbursement हुआ है। 'स्टैंड-अप योजना' के अंतर्गत 57 करोड़ रुपए का disbursement हुआ है। उसी के साथ-साथ, 'पीएम विश्वकर्मा योजना' के अंदर भी 438 applications सैंक्शन्ड हुए हैं, जिनमें 56 परसेंट महिलाएँ हैं।

सर, इनको सुनना चाहिए कि मणिपुर के लिए क्या किया गया। मोदी सरकार में 'पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना' के अंदर 3.5 लाख लोगों का enrolment हुआ है, 'अटल पेंशन योजना' के अंतर्गत 63,400 लोगों को लाभ मिला है। और तो और, शुद्ध पीने का पानी, जो कांग्रेस के समय नसीब नहीं होता था, लेकिन मोदी सरकार के 'जल जीवन मिशन' के माध्यम से मणिपुर में 3 लाख, 30 हजार घरों में नल से पीने का पानी पहुंचाया गया है। ये कह रहे थे कि लोगों के मकान नहीं बने। सर, मणिपुर में ग्रामीण क्षेत्र में 37,700 घर बन चुके हैं और अर्बन एरिया में 16,700 घर बन चुके हैं। और तो और, अभी माननीय प्रधान मंत्री जी ने 7,000 नए घरों के लिए sanction दिया है, इसलिए वहां पर और भी घर बनेंगे। सर, इन लोगों ने मणिपुर के बारे में बहुत सारी बातें कहीं, लेकिन इनको सत्य बातें कहनी चाहिए, इसलिए मुझको लगा कि पहले मणिपुर की ही बात की जाए।

दूसरा, जो Appropriation Bill, 2024-25 है, उसमें अगर देखा जाए कि what is the total amount expenditure for which the Appropriation Bill has come? *...(Interventions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please take your seat. *...(Interventions)...*

SHRI ARUN SINGH: It is for Rs.6.78 lakh crore, लेकिन उसमें से Rs.5.5 lakh crore is for the repayment of debt so that the high cost debt be repaid and this fund can be mobilized. Net cash outflow is just Rs.51,462 crore. 6.78 लाख करोड़ रुपए का जो सप्लीमेंट्री बिल आया है, net cash outflow is just Rs.51,462 crore, उसमें भी सबसे अधिक पैसा fertilizer subsidy के लिए खर्च हुआ है, क्योंकि यह मोदी सरकार है। किसान अन्नदाता है, किसान भाग्य विधाता है और किसानों के लिए जो भी मदद होती है, उसको वे एक कदम बढ़ कर करते हैं ताकि किसान को किसी भी प्रकार से दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Hon. Members, please take your seat. *...(Interventions)...*

Contents Page

**श्री अरुण सिंह** : सर, fertilizer subsidy के लिए 14,100 करोड़ रुपए के लिए है ताकि किसानों को यूरिया और P2K पर सब्सिडी दी जा सके। हमारी सरकार में, चाहे वह कोविड का समय हो, चाहे कोई भी विषम परिस्थिति हो, यूरिया का इंटरनेशनल प्राइस बढ़ा, लेकिन प्रधान मंत्री मोदी जी हैं, जिन्होंने किसानों के fertilizer के दाम कभी भी नहीं बढ़ने दिए। आज वह 2,500 रुपए प्रति बोरी cost आती है, लेकिन उन्होंने केवल 242 रुपए में देने का काम किया है। इसी कारण आज किसान हमारे साथ हैं।...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. ...*(Interventions)*...

**श्री अरुण सिंह** : सर, हम 2024-25 में 'पीएम किसान योजना' के अंतर्गत 63,500 करोड़ रुपए किसानों को दे रहे हैं। 2024-25 में क्रॉप इंश्योरेंस के माध्यम से भी 15,864 करोड़ रुपए किसानों को दिया गया, ताकि किसान तकलीफ में न आए। किसान के लिए ब्याज दर भी सस्ता हो, किसान अधिक ब्याज दे नहीं सकता, इसलिए किसान को subvention दिया जाता है। अगर किसान समय पर पेमेंट करता है, तो उसको 4 परसेंट ही ब्याज लगेगी। 2024-25 में उसके लिए 22,600 करोड़ रुपए केंद्र सरकार खर्च कर रही है।

सर, इसी के कारण आज किसान हमारे साथ हैं। एक तरफ जहां एमएसपी का दाम बढ़ा है, वहीं इरिगेशन के एरिया को भी प्रधानमंत्री किसान सिंचाई योजना जैसे अलग-अलग माध्यमों से बढ़ाने का काम किया गया है। मैं प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री जी को धन्यवाद दूंगा कि उन्होंने किसान के हितों से किसी भी प्रकार से कभी भी समझौता नहीं किया। अगर देश में सबसे ऊपर कोई है, तो वह अन्नदाता ही है और हम अन्नदाता की ही पूजा करते हैं, यही मोदी मंत्र है। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. ...*(Interruptions)*... Please. ...*(Interruptions)*... Dr. John Brittas, do not speak while sitting. ...*(Interruptions)*... Please. ...*(Interruptions)*... No; he is not addressing you. ...*(Interruptions)*... He is addressing the Chair. ...*(Interruptions)*...

